RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 290
नई दिल्ली, बुधवार, 31 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कोयला चोरी घोटाले में अभिषेक बनर्जी को ईडी ने बुलाया

राष्ट्रीय-9

# यूपीए के 32 विधायकों को रायपुर भेजा

**झारखंड संकट**

- सत्तारूढ़ गठबंधन की विधायकों को खरीद फरोख्त से बचाने के लिए कवायद
- हेमंत सोरेन ने कहा, सत्ता पक्ष हर स्थिति का सामना करने को तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** रांची



यूपीए विधायकों को विदा करने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके कुछ मंत्रिमंडल सहयोगी रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पहुंचे।

**झारखंड** में चल रहे सियासी संकट के बीच मंगलवार को संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के विधायकों को एकजुट रखने की मंशा से उन्हें एक विशेष विमान से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर भेज दिया गया। रायपुर जाने वालों में 32 विधायक शामिल हैं तथा बाद में कुछ और विधायकों को भी भेजा जा सकता हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विधायकों को वहां भेजना यूपीए की रणनीति का एक हिस्सा है जिससे कि राज्य में विपक्ष द्वारा खरीद-फरोख्त की किसी भी कोशिश को विफल किया जा सके। उन्होंने कहा कि ये कोई नई परिपाटी नहीं है, हर परिस्थिति का सामना करने के लिए सत्ता पक्ष तैयार है.. एक रणनीति के तहत प्लान बनता है.. उसी रणनीति की झलक आपने पहले भी देखा और आज भी देखा। आगे भी कई चीजों को देखेंगे कि राज्य में षड्यंत्रकारियों को जवाब सत्ता पक्ष बड़े तरीके से देगा।' यह पूछने पर कि वह राज्य कब छोड़ेंगे, सीएम ने कहा कि इसके बारे में मैं बताऊंगा। यूपीए के विधायक आज सुबह से ही सामानों के साथ हेमंत सोरेन के सरकारी आवास पर पहुंचने लगे थे। सीएम आवास पर संक्षिप्त बैठक और लंच के बाद उन्हें दो बसों से रांची हवाई अड्डा भेजा गया। विधायकों के साथ मुख्यमंत्री सोरेन और कुछ मंत्री भी हवाई अड्डे तक गए।

लेकिन सूत्रों ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा कोटा के छह मंत्रियों समेत 17 विधायक उनमें शामिल हैं जो आज रायपुर नहीं गए। 32 विधायकों को लेकर एक विशेष उड़ान शाम करीब साढ़े चार बजे रांची हवाई अड्डे से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के लिए रवाना हुई। उड़ान करीब 5.30 बजे रायपुर हवाई अड्डे पर पहुंची। इक्यासी सदस्यीय विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के 49 विधायक हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हवाई अड्डे से बाहर आने के बाद संवाददाताओं से कहा, यह आश्चर्यजनक कदम नहीं है। यह राजनीति में होता है। हम किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। विधायक सोरेन के आवास से दो बसों में निकले और उनमें से एक बस में आगे की सीट पर खुद सोरेन सवार थे। वह बिरसा मुंडा हवाई अड्डे में कुछ देर रहने के बाद बाहर आए। कांग्रेस के एक विधायक ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर कहा कि विधायकों को गैर-भाजपा सरकार वाले राज्य छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक रिसॉर्ट में स्थानांतरित किया जाएगा। सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का मानना है कि भाजपा महाराष्ट्र की तरह सरकार गिराने के लिए उसके और कांग्रेस से विधायकों की खरीद फरोख्त के लिए गंभीर प्रयास कर सकती है और विधायकों को सुरक्षित जगह में रखने की आवश्यकता है।

लाभ के पद के मामले में सोरेन को विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराने की भाजपा की याचिका के बाद, निर्वाचन आयोग ने 25 अगस्त को राज्य के राज्यपाल रमेश बैस को अपना फैसला भेज दिया है। हालांकि, निर्वाचन आयोग के फैसले को अभी आधिकारिक तौर पर जारी नहीं किया गया है, लेकिन चर्चा है कि निर्वाचन आयोग ने मुख्यमंत्री को विधायक के रूप में अयोग्य घोषित करने की सिफारिश की है। राजभवन ने इस मामले में अभी तक कुछ भी घोषणा नहीं की है। यूपीए विधायकों ने राज्यपाल से इस भ्रम को दूर करने का अनुरोध करते हुए कहा है कि वे किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। यूपीए के घटक दलों- झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) - ने 28 अगस्त को एक संयुक्त बयान में राज्यपाल पर मुख्यमंत्री की विधानसभा की सदस्यता पर निर्णय की घोषणा (शेष पेज 8)

# अन्ना ने केजरीवाल को लिखा पत्र, नई शराब नीति को कोसा



- बोले सामाजिक कार्यकर्ता ऐसा लगता है सत्ता के नशे में चूर अरविंद केजरीवाल आदर्शों को भूल गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**एक** दशक पहले दिल्ली में बड़ा आंदोलन कर भ्रष्टाचार के खिलाफ अलख जलाने वाले विख्यात बुजुर्ग सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर नई आबकारी नीति की निंदा की है। केजरीवाल के राजनीतिक गुरू कहे जाने वाले हजारे ने यह भी कहा है कि ऐतिहासिक आंदोलन को नुकसान पहुंचाने के बाद जन्मी पार्टी अब दूसरे दलों के रास्ते पर चल पड़ी है और ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल सत्ता के नशे में चूर हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद केजरीवाल लोकपाल और लोकायुक्त कानून के बारे में भूल गए। वर्ष 2011 में तत्कालीन कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की मांग को लेकर केजरीवाल के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन खड़ा करने वाले हजारे ने कहा कि नई आबकारी नीति से शराब की बिक्री और खपत (शेष पेज 8)

## सीबीआई को कुछ नहीं मिला तो अन्ना को ले आई भाजपा

- दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लगाया सामाजिक कार्यकर्ता को इस्तेमाल करने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नई** शराब नीति पर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे की ओर से लिखे गए पत्र के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा आप सरकार के खिलाफ अन्ना हजारे का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि सीबीआई को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ जांच में कुछ नहीं मिला है, इसलिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हजारे को लेकर आई है। केजरीवाल ने दावा किया कि सीबीआई ने सिसोदिया को अनौपचारिक रूप से क्लिन चिट दे दी है, लेकिन वह राजनीतिक दबाव के चलते उपमुख्यमंत्री को हफ्ते-10 दिन में (शेष पेज 8)



## सीबीआई ने सिसोदिया का बैंक लॉकर खंगाला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**केन्द्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने मंगलवार को गाजियाबाद स्थित बैंक में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के लॉकर की तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो के करीब पांच अधिकारियों का एक दल राष्ट्रीय राजधानी के बाहरी इलाके गाजियाबाद (शेष पेज 8)

# उप्र के चिकित्सा संस्थानों में दस हजार पद सृजित होंगे

**कैबिनेट के निर्णय**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में राजकीय मेडिकल कालेज व अन्य स्वशासी मेडिकल शिक्षण संस्थानों में 10 हजार पद सृजित करने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने मंगलवार को मंजूरी दे दी। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति की संस्तुतियों के क्रम में राजकीय मेडिकल कॉलेजों, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों में परास्नातक व सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, चिकित्सा विवि व सुपर स्पेशियलिटी संस्थानों तथा सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों के दृष्टिगत एमसीआई, एनएमसी मानकों की पूर्ति (शेष पेज 8)

## 2100 नए राजकीय नलकूप लगेंगे, किसानों में मुफ्त बंटेंगे सरसों के बीज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण फैसला करते हुए मंगलवार को 62 जिलों में 2100 नवीन राजकीय नलकूप लगाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके अलावा कम वर्षा वाले जिलों के किसानों को प्राथमिकता के आधार पर मुफ्त तोरिया (सरसों) के बीज बांटे जाने का भी फैसला हुआ है। मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के विभिन्न 62 जनपदों में 2100 नवीन राजकीय (शेष पेज 8)

# सीबीआई ने एलजी पर लगे आरोपों को किया खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उपराज्यपाल** वीके सक्सेना के खिलाफ आम आदमी पार्टी के आरोपों को सीबीआई ने खारिज कर दिया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा है कि उसे खादी ग्राम उद्योग भवन के दो आरोपी कैशियर के अलावा किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका नहीं मिली है। दोनों आरोपियों ने नोटबंदी के बाद कथित तौर पर 17 लाख रुपये की पुरानी मुद्रा को नए में परिवर्तित किया था। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने मामले की गहन जांच करने के बाद दिसंबर 2017 में हेड कैशियर संजीव मलिक और प्रदीप कुमार यादव के खिलाफ पहले ही चार्जशीट दायर कर दी थी। इस मामले में संबंधित अदालत के समक्ष मुकदमा चल रहा है। एजेंसी की प्रतिक्रिया दिल्ली विधानसभा में आप विधायक दुर्गेश पाठक द्वारा यह दावा किए जाने के एक दिन बाद आई है कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष रहने के दौरान सक्सेना ने 2016 में अपने कर्मचारियों पर 1400 करोड़ रुपये के पुराने नोट बदलने के लिए दबाव डाला था।

# पूर्व आईएएस की पत्नी ने महिला को आठ साल कैद में रखा, दीं यातनाएं



**पायनियर समाचार सेवा।** रांची/नई दिल्ली

- पीड़िता घर जाने को कहती तो रॉड से पीटती, गर्म तवे से दागती, फर्श पर पेशाब निकल जाता तो जीभ से चटवाती
- पुलिस ने दर्ज किया केस, महिला आयोग व राज्यपाल ने मांगी रिपोर्ट कड़ी कार्रवाई का आदेश

**झारखंड** की राजधानी रांची में 29 साल की आदिवासी दिव्यांग महिला को पूर्व आईएएस अधिकारी महेश्वर पात्रा की पत्नी द्वारा आठ साल तक बंधक बनाकर रखने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि पीड़ित सुनीता को रॉड से पीटा जाता और गर्म तवे से दागा जाता था।

दरिंदगी की सारी हदें पार करते हुए पीड़िता से जीभ से फर्श चटवाया जाता था। राष्ट्रीय महिला आयोग ने आरोपी महिला को शीघ्र गिरफ्तार करने व पीड़िता के समुचित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। आरोपी महिला सीमा पात्रा के खिलाफ एससी-एसटी और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर पुलिस ने पीड़िता को रांची स्थित रिम्स में भर्ती कराया है। पूर्व आईएएस की पत्नी आरोपी महिला सीमा पात्रा भाजपा की नेता है और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की प्रदेश संयोजक है। सुनीता ने पुलिस को बताया कि मालिक इतने क्रूर थे कि उन्होंने रॉड से मारकर (शेष पेज 8)

# बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में अवमानना की कार्यवाही बंद

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने अयोध्या में 1992 के बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही मंगलवार को बंद कर दी। न्यायमूर्ति एस. के. कौल की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने संविधान पीठ के नवंबर 2019 के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि यह मामला सुनवाई के लिए पहले लाया जाना चाहिए था। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने नौ नवंबर, 2019 को अयोध्या में विवादित स्थल पर राम मंदिर के निर्माण का रास्ता साफ कर दिया था और केंद्र को एक मस्जिद के निर्माण के लिए सुन्नी वक्फ बोर्ड को पांच एकड़ भूखंड आवंटित करने का निर्देश दिया था। पीठ ने अवमानना कार्यवाही को बंद करते हुए कहा कि मामले को सुनवाई के लिए पहले लाया जाना चाहिए था। पीठ में न्यायमूर्ति ए. एस. ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ भी थे। याचिकाकर्ता के (शेष पेज 8)

# जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस को फिर झटका, 64 नेताओं ने छोड़ी पार्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

- आजाद के समर्थन में इस्तीफा देने वालों में पूर्व उप मुख्यमंत्री तारा चंद भी शामिल

**जम्मू-कश्मीर** के पूर्व उपमुख्यमंत्री ताराचंद सहित केंद्र शासित प्रदेश में कांग्रेस के करीब 64 वरिष्ठ नेताओं ने गुलाम नबी आजाद के समर्थन में मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इन नेताओं ने अपना संयुक्त त्याग पत्र कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेजा है। यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में ताराचंद, पूर्व मंत्री अब्दुल माजिद वानी, मनोहर लाल शर्मा, घरु राम और पूर्व विधायक बलवान सिंह सहित अन्य नेताओं ने कांग्रेस से अपने इस्तीफे की घोषणा की।

गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद (73) ने कांग्रेस से अपना नाता तोड़ लिया। वह पार्टी से पांच दशक तक जुड़े रहे। उन्होंने दावा किया था कि पार्टी व्यापक रूप से नष्ट हो चुकी है। आजाद ने इसके पूरे परामर्श तंत्र को कथित तौर पर ध्वस्त करने के लिए राहुल गांधी की आलोचना की थी। बलवान सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में त्याग पत्र पढ़ते हुए कहा, हम दशकों से पार्टी से जुड़े हुए थे और अपनी पूरी ऊर्जा और संसाधन जम्मू कश्मीर में पार्टी का विस्तार करने में लगाया, लेकिन दुर्भाग्य से हमने पाया कि जिस तरह का व्यवहार किया जा रहा है वह अपमानजनक है। इस पत्र पर कांग्रेस की जम्मू कश्मीर इकाई के 64 नेताओं और वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर किए हैं।

पत्र में कहा गया है, हमारे नेता और पथप्रदर्शक गुलाम नबी आजाद ने आपको (सोनिया गांधी को) लिखे पत्र में मुद्दों को गिनाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। हमारा मानना है कि हमें भी कांग्रेस से बाहर चले जाना चाहिए ताकि एक सकारात्मक राजनीतिक समाज निर्मित करने में कुछ उपयोगी योगदान दे सकें, जहां लोगों की (शेष पेज 8)

**बाजार**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,537 | ↑ | 1564 | |
| निफ्टी | 17,759 | ↑ | 446 | |
| सोना | 51,469 | ↓ | 66 | /10g |
| चांदी | 55,550 | ↑ | 04 | /kg |

**क्विक न्यूज**

## न्यायालय ने गुजरात दंगों से जुड़ी 11 याचिकाएं बंद कीं

**नई दिल्ली।** गुजरात में 2002 में हुए दंगों के मामलों में स्वतंत्र जांच के लिए करीब 20 वर्ष पहले दायर 11 याचिकाओं को उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अप्रासंगिक बताते हुए बंद कर दिया। इनमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), तीस्ता सीतलवाड़ व सिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस (सीजेपी) जैसे संगठन शामिल है जिन्होंने दंगों की जांच किसी अदालत की निगरानी में कराने समेत अन्य मांगों के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने अदालत द्वारा नियुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और सीजेपी की ओर से अपर्णा भट्ट समेत अनेक याचिकाकर्ताओं के वकीलों की दलीलों पर विचार किया और कहा कि अब इन याचिकाओं में निर्णय के लिए कुछ नहीं बचा है।

# बेंगलुरु के ईदगाह मैदान पर गणेश चतुर्थी का आयोजन नहीं होगा



बेंगलुरु के ईदगाह मैदान में यथा स्थिति बनाए रखने को तैनात पुलिस

**भाषा।** नई दिल्ली

- सुप्रीम कोर्ट ने अनुमति देने से किया इनकार, दोनों पक्षों को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

**उच्चतम** न्यायालय ने बेंगलुरु के ईदगाह मैदान पर गणेश चतुर्थी के समारोह को आयोजित करने की अनुमति देने से मंगलवार को इनकार कर दिया और उस जगह पर दोनों पक्षों को यथास्थिति बनाकर रखने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि पिछले 200 साल में ईदगाह मैदान में गणेश चतुर्थी का ऐसा कोई समारोह आयोजित नहीं हुआ है। उसने मामले के पक्षों से विवाद के निवारण के लिए कर्नाटक उच्च (शेष पेज 8)

# स्वदेशी विमानवाहक आईएनएस विक्रांत नौसेना में होगा शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- दो सितंबर को कोच्चि में आयोजित समारोह में पीएम करेंगे समर्पित, इस दौरान नौसेना के नए निशान का भी होगा अनावरण

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी दो सितंबर को कोच्चि के कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को नौसेना में शामिल करेंगे। इस दौरान वे नौसेना के एक नए निशान का अनावरण करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को एक बयान में नए निशान के अनावरण तथा 42 हजार टन के विमानवाहक पोत को नौसेना में शामिल किए जाने की बात कही। पोत के निर्माण की लागत 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा आई है।

इसमें कहा गया है, वह औपनिवेशक अतीत को पीछे छोड़ते हुए नौसेना के नए निशान (इनसाइन) का भी अनावरण करेंगे। नया निशान समृद्ध भारतीय समुद्री धरोहर के उपयुक्त होगा। बयान में कहा गया है। भारतीय नौसेना की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के मुताबिक, दो अक्टूबर 1934 को नौसेना का नया नामकरण रॉयल इंडियन नेवी के रूप में किया गया था जिसका मुख्यालय बंबई (मौजूदा मुंबई) में बनाया गया था। आजादी के बाद देश का विभाजन होने पर रॉयल इंडियन नेवी को रॉयल इंडियन नेवी और रॉयल पाकिस्तान नेवी के रूप में विभाजित कर दिया गया। भारत के 26 जनवरी 1950 को गणतंत्र घोषित होने पर रॉयल शब्द को हटा दिया गया और इसकी जगह इंडियन नेवी (भारतीय नौसेना) शब्दावली अपनाई गई। नौसेना का मौजूदा डिजाइन एक सफेद ध्वज है जिस पर क्षैतिज और लंबवत रूप में लाल रंग की दो पट्टियां हैं।



फाइल फोटो

साथ ही, भारत का राष्ट्रीय चिह्न (अशोक स्तंभ) दोनों पट्टियों के मिलन बिंदु पर अंकित है।

पीएमओ ने बताया कि मोदी एक-दो सितंबर को कर्नाटक और केरल में कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे, जिसमें कोचीन हवाईअड्डे के पास कलाडी गांव में आदि शंकराचार्य के जन्मस्थान का दौरा भी शामिल है। पीएमओ के मुताबिक, प्रधानमंत्री मंगलुरु में करीब 3,800 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि मोदी आत्मनिर्भरता के प्रबल समर्थक रहे हैं, खासकर रणनीतिक क्षेत्रों में, और आईएनएस विक्रांत का नौसेना में शामिल होना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह पहला ऐसा पोत है, जिसे पूरी तरह से स्वदेश में बनाया गया है। भारतीय नौसेना के इन-हाउस वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो (डब्ल्यूडीबी) द्वारा डिजाइन किया गया और सार्वजनिक क्षेत्र के शिपयार्ड कोचीन शिपयार्ड द्वारा निर्मित आईएनएस विक्रांत अत्याधुनिक ऑटोमेशन सुविधाओं से लैस है।

यह भारत के समुद्री इतिहास में देश में निर्मित अब तक का सबसे बड़ा पोत है। पीएमओ के अनुसार, विमान वाहक पोत का नामकरण उसके पूर्ववर्ती आईएनएस विक्रांत के नाम पर किया गया है, जो भारत का पहला विमान वाहक पोत था और जिसने 1971 के युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि पोत में बड़ी संख्या में स्वदेशी उपकरण और मशीनरी लगाई गई है, जिनका निर्माण देश के प्रमुख औद्योगिक घरानों के साथ-साथ 100 से अधिक एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों) ने किया है। पीएमओ के मुताबिक, आईएनएस विक्रांत के नौसेना में (शेष पेज 8)

# मलबा निस्तारण के लिए 2 पालियों में होगा काम

## ट्विन टावर की साइट से 250 मीट्रिक टन मलबा डंपर के जरिए एडिफिस प्लांट पहुंचाया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


साइट पर पानी का छिड़कांव करते टैंकर।

ट्विन टावर के मलबे का निस्तारण सेक्टर-80 सीएंडडी वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में जाएगा। ये प्लांट रैमकी कंपनी चला रही है। नोएडा का रोजाना करीब 250 से 300 मैट्रिक टन मलबे का निस्तारण यहीं किया जाता है। अब ये प्लांट दो दिनों में ट्विन टावर के मलबे का निस्तारण करना शुरू कर देगा।

प्राधिकरण के डॉ. अविनाश त्रिपाठी ने बताया सुपरटेक और एडिफिस के बीच जो अनुबंध हुआ है, उसके तहत ट्विन टावर का मलबा सीएंडडी वेस्ट मैनेजमेंट तक पहुंचाने की जिम्मेदारी एडीफिस की होगी। इसके लिए, जो शुल्क लगेगा वह एडिफिस देगा। सीएंडडी वेस्ट प्लांट में जो भी मलबा निस्तारित होगा, उसका प्रति मीटर क्यूब के हिसाब से खर्चे का वहन सुपरटेक करेगा। सीएंडडी वेस्ट प्लांट में दो प्रोसेसिंग फीस है। पहली यदि मलबा प्लांट कंपनी खुद उठाती है, तो प्रोसेसिंग शुल्क 5 सौ रुपए प्रति मीटर क्यूब और यदि एडिफिस मलबा पहुंचाती है, तो सुपरटेक को सिर्फ 160 रुपए प्रतिमीटर क्यूब प्रोसेसिंग शुल्क देना होगा। प्राधिकरण वरिष्ठ प्रबंधक आरके शर्मा ने बताया प्लांट की क्षमता 8 सौ मैट्रिक टन है। नोएडा में मलबा निकलने के हिसाब से निस्तारित कराया जाता है।

अब 2 शिफ्टों में काम किया जाएगा। जिसके लिए मैन पावर को बढ़ाया जा सकता है। इस मलबे से टाइल्स, क्लिंकर, ईंट और अन्य उत्पाद बनाए जाएंगे। रोजाना ट्विन टावर की साइट से 250 मैट्रिक टन मलबा डंपर के जरिए साइट पर पहुंचाया जाएगा। इसके लिए 20 डंपर लगाए गए है। प्रति डंपर क्षमता 10 से 12 मैट्रिक टन की है। नियमों के पालन करते हुए इस मलबे को ग्रीन शीट और उस पर पानी डालकर ले जाया जाएगा, जिससे धूल नहीं उड़े। मलबे को सरिया से अलग करने का काम दोपहर में किया जाएगा। एडिफिस के प्रोजेक्ट हेड उत्कर्ष मेहता ने बताया दोपहर में सोसाइटी में लोग कम होते हैं। सरिया निकालने में शोर होगा। इसलिए ऐसे समय को चुना गया है, जिससे लोगों को परेशानी न हो। सरिया को अलग किया जाएगा।

उसे अनुबंधित कंपनी को भेजा जाएगा। करीब 4 से 5 हजार मैट्रिक टन सरिया निकलेगा। ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण के बाद जो मलबा निकला है उसका आकलन करीब 80 हजार मैट्रिक टन है। इसमें 52 हजार मैट्रिक टन मलबा बेसमेंट और आसपास को भरने में काम आएगा। 28 हजार मैट्रिक टन मलबे का निस्तारण होगा।

# सिसोदिया पर सीबीआई रेड से बैंक के ग्राहक हुए परेशान, कर्मचारियों से हुई नोकझोंक

- भीड़ को संभालने के लिए 20 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


बैंक में मौजूद उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया।

सीबीआई ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और उनकी पत्नी सीमा के बैंक लॉकर की जांच की। सीबीआइ टीम ने करीब डेढ़ घंटे तक गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर.4 स्थित पंजाब नेशनल बैंक के लॉकर को खंगाला। इस दौरान बैंक के काम से आए ग्राहक परेशान दिखे। करीब पौने दो घंटे तक सीबीआई के अधिकारी और मनीष सिसोदिया बैंक में रहे।

इस दौरान किसी भी ग्राहक को बैंक में नहीं जाने दिया गया। कई ग्राहक गेट से ही लौट गए। सीबीआई के जाने के आधे घंटे बाद ही ग्राहकों को बैंक में जाने की अनुमति मिली। जब सीबीआई अधिकारी वहां चले गए और इसके आधे बाद भी गेट नहीं खुला गया तो ग्राहक आक्रोशित हो गए। उनकी बैंक कर्मचारियों से नोकझोंक हो गई। बता दें कि मंगलवार सुबह 11;15 बजे मनीष सिसोदिया पत्नी सीमा सिसोदिया के साथ मेवाड़ कॉलेज परिसर में स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में पहुंचे। करीब सात मिनट बाद सीबीआई टीम के अधिकारी भी पहुंचे और जांच शुरू की।

दोपहर करीब एक बजे जांच के बाद मनीष और सीबीआई टीम बाहर निकली। मनीष सिसोदिया और सीबीआई अधिकारियों के बैंक में आने के आधे घंटे बाद वसुंधरा चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे।

इसके बाद लोगों की अधिक भीड़ रहने के कारण 20 से अधिक पुलिसकर्मी और तैनात कर दिए गए। पुलिस ने रस्सी बांधकर बैरिकेडिंग की। छापेमारी के दौरान पुलिस बैंक के गेट पर तैनात रही।

# सीएम ऑफिस रखेगा परियोजनाओं पर निगरानी

- हर सप्ताह शासन को भेजनी होगी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जनपद में चल रही 21 परियोजनाओं पर मुख्यमंत्री कार्यालय से मॉनिटरिंग होगी। इसके लिए इन परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट शासन को हर सप्ताह भेजनी होगी।

मुख्यमंत्री आगामी दौरे में इन परियोजनाओं में से किसी की भी प्रगति रिपोर्ट का निरीक्षण कर सकते हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद की चार परियोजनाओं का निरीक्षण किया था। इससे पहले जिला प्रशासन की ओर से जनपद में चल रही 21 परियोजनाओं की सूची मुख्यमंत्री को सौंपी थी। इन परियोजनाओं में से तीन का मुख्यमंत्री ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

इसके अतिरिक्त नंदग्राम में नगर निगम की ओर से शुरू की गई कूड़ा निस्तारण फैक्टरी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फेंसिंग की। जिममें प्रस्तावित की सभी 21 परियोजनाओं पर तेजी से काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जल्द ही फिर से इन परियोजनाओं का निरीक्षण करने के भी संकेत दिए। मुख्यमंत्री के दौरे के बाद शासन की ओर से सभी परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट मांगी गई है। इसके साथ ही जो परियोजनाएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई थी उनकी प्रगति रिपोर्ट हर सप्ताह मांगी गई है। मुख्यमंत्री को भेजी गई 21 परियोजनाएं जिन विभागों की है, सभी को निर्देश जारी किए गए हैं कि वह उनकी प्रगित रिपोर्ट का हर सप्ताह ब्यौरा तैयार करें। संबंधित विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी होगी वह अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय को प्रेषित करेंगा। मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई सभी परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट हर सप्ताह मांगी गई है।

# लापता बच्चे का शव पानी से भरे गड्ढे में मिला

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के दनकौर कस्बे में दो दिनों से लापता छह वर्ष के बच्चे का शव पानी से भरे गड्ढे में मिला। बच्चे के परिजनों ने चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाना दनकौर पुलिस से शिकायत की है।

पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह पता चल सकेगा कि बच्चे की हत्या की गई है या उसकी पानी में डूबने से मौत हुई है। मृतक बच्चे का नाम फजलु था। बच्चे के दादा रहीस ने बताया कि फजलु दो दिनों से लापता था, लेकिन सोमवार की शाम को किसी ने उन्हें सूचना दी कि कएक पानी से भरे गड्ढे में एक बच्चे का शव दिख रहा है।

# श्रीकांत के समर्थन में उतरी सपा जांच के लिए बनाई कमेटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में एक महिला के साथ गाली-गलौज कर चर्चा में आए श्रीकांत त्यागी प्रकरण में समाजवादी पार्टी सपा भी मैदान में उतर गई है। सपा ने पार्टी स्तर पर मामले की जांच के लिए नौ सदस्यीय एक कमेटी का गठन किया है।

इस कमेटी के सदस्य आगामी 2 सितंबर को श्रीकांत की पत्नी अनु त्यागी से मिलकर पूरा मामला जानेंगे और फिर सपा के नेता और मुख्यालय को अपनी रिपोर्ट देंगे। जानकारी के अनुसार, सपा की इस नौ सदस्यीय कमेटी में शाहिद मंजूर, नारद राय, प्रमोद त्यागी, इंदर प्रधान, सुनील चौधरी, भूषण त्यागी, सेवाराम त्यागी, श्रवण कुमार त्यागी और दीपक त्यागी शामिल हैं। वहीं अनु त्यागी ने ट्वीट कर ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी के अवैध निर्माण का वीडियो शेयर कर लिखा है कि यह एक वीडियो है, जिसमें सिर्फ दो घर दिखेंगे। ऐसे और भी फ्लैट हैं, जहां अवैध निर्माण हो रखा। क्या मेरा घर तुड़वा कर मिठाई बांटना सही था। उनके ट्वीट को बड़ी संख्या में शेयर किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### जीडीए की बड़ी कार्रवाई, सूर्या बैंकट हॉल सील

**गाजियाबाद।** जीडीए ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सूर्या बैंकट हॉल को सील कर दिया। यह कार्रवाई जीडीए की प्रवर्तन जोन चार के माध्यम से की गई है। सील करने से पहले जीडीए की ओर से सूर्या बैंकट हॉल मालिकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। अंबेडकर रोड स्थित इस बैंकट हॉल के व्यवसायिक यूज की जानकारी जीडीए को मिली थी। जीडीए ने इस मामले में कई बार संचालकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया था। हाल ही में छह अगस्त को इसी महीने जीडीए की प्रवर्तन जोन चार की ओर से कारण बताओं नोटिस दिया गया था। नोटिस यूपी नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम की धारा 1973 की धारा 14 एवं 15 के अंतर्गत दिया गया था। जीडीए का कहना है कि संचालकों द्वारा कारण बताओं नोटिस का कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। इसके बाद जीडीए ने कार्रवाई करते हुए आज इसे सील कर दिया।




### घरों में चोरी करने वाले सात बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना बीटा-2 पुलिस ने एक सूचना के आधार पर घरों में चोरी की योजना बना रहे 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने विभिन्न घरों से चोरी किए हुए कीमती लैपटॉप, सोने, चांदी, हीरे और मोती के जेवरात 68 हजार रुपये नगद, पानी की टोटिया, मोबाइल फोन, आदि बरामद किया है। पुलिस उपायक्त जोन तृतीय अभिषेक वर्मा ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना बीटा.2 पुलिस ने पंकज, तरुण, करन, नाजिम, अजय, राकेश तथा सूरज नामक 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के विभिन्न घरों से चोरी किए हुए लाखों रुपए कीमत के सोने, चांदी, मोती, और हीरे के जेवरात, करीब 68 हजार रुपए नगद, पानी की टोटी, गैस चूल्हे का बर्नर, एसी का कंप्रेसर, फ्रिज का कंप्रेसर, सिलाई मशीन, दरवाजों का हैंडल आदि बरामद किया है। बरामद जेवरात और सामान की कीमत लाखों रुपए हैं। उन्होंने बताया कि ये शातिर बदमाश है। इनके ऊपर पूर्व में चोरी के कई मामले दर्ज हैं।

### कविनगर वार्ड से भी हटा ट्रैक्टर, नहीं उठा कूड़ा

**गाजियाबाद।** निगम द्वारा वार्डों में कूड़ा उठान के लिए लगे सभी ट्रैक्टर हटा दिए गए है। कविनगर वार्ड जहां मेयर आशा शर्मा रहती है उसमें से भी कूड़ा उठाने में यूज होने वाले ट्रेक्टर को हटा देने के कारण सड़क के किनारे कूड़ा पड़ा हुआ है। हाल ही में नगर निगम प्रशासन ने यह बड़ा फैसला लिया है। गाजियाबाद के सभी 100 वार्ड में करीब एक सौ से अधिक प्राइवेट ट्रेक्टर लगाए हुए थे। इन ट्रैक्टर के जरिए भी नगर निगम कूड़ा उठान का कार्य करता था। नगर निगम ने अब इन सभी ट्रेक्टर को हटा दिया है। कविनगर में मेयर आशा शर्मा भी रहती है। यहां के पार्षद हिमांशु मित्तल का कहना है कि इस वार्ड में नगर निगम का अपना ट्रेक्टर और ट्रॉली लगी थी। जहां कूड़ा होता था उसे तुरंत साफ कर उठा लिया जाता था। मगर इस वार्ड से भी अब ट्रैक्टर हट गया है।





### अवैध हुक्का बार में छापा, पांच को पकड़ा

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम पुलिस ने वसुंधरा सेक्टर.12 में अवैध रूप से संचालित हो रहे हुक्का बार में छापा मारकर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान दो हुक्का, दो हुक्के की पाइप, एक हुक्का की प्लेट, पांच हुक्का चिलम, 100 ग्राम तम्बाकू बरामद किया गया है। सीओ अभय कुमार मिश्रा ने बताया कि वसुंधरा सेक्टर-12 में पैराडाइज कैफे में अवैध रूप से हुक्का बार का संचालन हो रहा था। छापेमारी के दौरान अमन चौहान, दिव्यांशु, लखन वर्मा, आरिफ खान, शारिक खान को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित होने वाले हुक्का बार में कड़ी नजर रखी जा रही है। क्षेत्र में अन्य अवैध रूप से संचालित होने वाले हुक्का बार पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद में नवंबर से लागू हो सकता है नया मास्टर प्लान 2031

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



जिले के नए मास्टर प्लान 2031 का ड्राफ्ट करीब 20 दिन में फाइनल होगा। इसके बाद यह आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा, जहां से नया मास्टर प्लान स्वीकृत कराने के बाद शासन को भेजेंगे। फिर शासन स्तर से इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू होगी। जीडीए को उम्मीद है कि नवंबर तक नया मास्टर प्लान लागू हो सकता है। गाजियाबाद का पहली बार जियोग्राफिक इंफोरमेशन सिस्टम जीआईएस बेस्ड केंद्रीयकृत मास्टर प्लान-2031 तैयार कराया है।

केंद्र सरकार की एजेंसी डीडीएफ कंसलटेंट ने इसके तीन ड्राफ्ट तैयार किए। इसमें गाजियाबाद-डासना, लोनी और मोदीनगर-मुरादनगर का ड्राफ्ट बनाया गया। इन तीनों ड्राफ्ट को बीते 30 जून तक हुई बोर्ड बैठक से स्वीकृति मिली। फिर पांच अगस्त से 26 अगस्त तक नए मास्टर प्लान पर आई आपत्तियों व सुझावों की सुनवाई की गई। जीडीए उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमेटी ने 1.325 आपत्ति व सुझाव सुना। इसके बाद अब नए मास्टर प्लान को लेकर आई आपत्तियों व सुझावों पर मंथन किया जाएगा। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि करीब दस दिन तक कमेटी सुनवाई के दौरान आई अपत्तियों व सुझावों पर चर्चा करेगी, जिसमें देखा जाएगा किस अपत्ति व सुझाव को नए मास्टर प्लान में शामिल किया जाए।

साथ ही उसे शामिल करने से क्या फ ायदा होगा। इसपर भी तकनीकी होगी। अधिकारी बताते हैं कि अगर किसी आपत्ति व सुझाव जनहित में होगा, तो उसे शामिल किया जाएगा। अन्यथा सभी निरस्त कर दिए जाएंगे। फिर इस मास्टर प्लान के तीनों ड्राफ्ट को मिलाकर एक फाइनल ड्राफ्ट तैयार कराया जाएगा। वह फाइनल ड्राफ्ट आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। जहां से पास कराने के बाद उसे शासन को भेजा जाएगा। फिर वहां से इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

### निर्माण के लिए प्राधिकरण से नक्शे पास होंगे

नए मास्टर प्लान 2031 लागू होने के बाद कृषि भू-उपयोग की जमीन का भू.उपयोग जब बदल जाएगा तो उससे प्राधिकरण की आय में भी इजाफा होगा। कृषि भू-उपयोग की जमीन पर कड़ी निगरानी न होने के चलते अभी वहां लोग ऐसे ही निर्माण कर लेते हैं लेकिन जब भू-उपयोग आवासीय, व्यावसायिक, औद्योगिक होगा तो प्राधिकरण भी निगरानी बढ़ाएगा। निर्माण के लिए प्राधिकरण से नक्शे पास होंगे। नक्शा स्वीकृति शुल्क मिलने से प्राधिकरण की आय में बढ़ेगी।


ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है, उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा **"जहाँ है, जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है"**, के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री सुनील कुमार त्रिपाठी (कर्जदार), श्री रामा एस त्रिपाठी (सह कर्जदार) 244805000856 | एस-4, द्वितीय तल, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110016 क्षेत्रफल- 1215 वर्ग फुट व्यावसायिक | रु. 2,05,27,877 (अगस्त 29, 2022 तक) | रु. 3,05,00,000/- / रु. 30,50,000/- | सितंबर 09, 2022 को दो. 02:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक | सितंबर 22,2022 सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन ई-नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **((URL Link-https://disposalhub.com).** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **सितंबर 21, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में **सितंबर 21, 2022** तक **शाम 05.00 बजे** से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **सितंबर 21, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **सितंबर 21, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9599281817/ 8657476284** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मे. नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड एवं 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : अगस्त 31, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

नियम 8 (6) का परंतुक देखें,

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है, उनका रचनात्मक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | ज्ञानेंद्र कुमार जेना (कर्जदार), कल्पना जेना/ जेटीके लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड/ जितेंद्र कुमार जेना (सह-कर्जदार) LBFDB00002422249 | फ्लैट नंबर 502, 5वीं मंजिल, टॉवर सी1, डिप्लोमैटिक ग्रीन्स, सेक्टर-110ए और 111, गुड़गांव, हरियाणा, क्षेत्र: 2200 वर्ग फुट | रु. 1,41, 46,704/- (अगस्त 23, 2022 तक) | रु. 1,53,00,000/- / रु. 15,30,000/- | सितंबर 19, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अक्टूबर 07, 2022 सु. 11:00 बजे से |
| 2. | ज्ञानेंद्र कुमार जेना (कर्जदार), कल्पना जेना/ जेटीके लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड/ जितेंद्र कुमार जेना (सह-कर्जदार) LBFDB00002422178 | फ्लैट नंबर 801, 8वीं मंजिल, टॉवर ए3, डिप्लोमैटिक ग्रीन्स, सेक्टर-110ए और 111, गुड़गांव, हरियाणा, क्षेत्र: 1700 वर्ग फुट | रु. 99, 84,333/- (अगस्त 23, 2022 तक) | रु. 1,18,00,000/- / रु. 11,80,000/- | सितंबर 19, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अक्टूबर 07, 2022 सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अक्टूबर 06, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005** में **अक्टूबर 06, 2022** तक **शाम 05.00 बजे** से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **अक्टूबर 06, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **अक्टूबर 06, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8657476284** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : अगस्त 31, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

ICICI Bank

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहॉ है, जैसी है" एवं "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थीत में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | ऋणभारों सहित प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | जितेंद्र कुमार छाबड़ा (कर्जदार)/ राम देवी (सह कर्जदार) LBNOD0002116807 | फ्लैट नंबर ए-2002, टॉवर ए, स्प्रिंगव्यू फ्लोर्स, क्रिसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच- 24, गाजियाबाद, यूपी क्षेत्र: 1243 वर्ग फुट | रू. 63,87, 432.89/- (अगस्त 25, 2022 तक) | रू. 39,60,000/- / रू. 3,96,000/- | सितंबर 03, 2022 को दो.01:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | सितंबर 22, 2022 को दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक |
| 2. | संजीव चंदेल (कर्जदार)/ पल्लवी चंदेल (सह कर्जदार) LBNOD0002114485 | फ्लैट नंबर ए-2103, दूसरी मंजिल टॉवर ए, स्प्रिंगव्यू फ्लोर्स, क्रिसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच -24, गाजियाबाद, यूपी क्षेत्र: 1243 वर्ग फुट | रू. 66,39, 464.84/- (अगस्त 25, 2022 तक) | रू. 39,60,000/- / रू. 3,96,000/- | सितंबर 03, 2022 को दो.01:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | सितंबर 22, 2022 को दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **सितंबर 21, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में दिनांक- **सितंबर 21, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **सितंबर 21, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **सितंबर 21, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **"आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708/ 7304914763** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड"** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : अगस्त 31, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सार्वजनिक सूचना**

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत M/s Zestha Projects Pvt. Ltd. के भूखण्ड संख्या-26/01 सेक्टर केपी-03 ग्रेटर नौएडा को दिनांक 20.08.2013 को मानचित्र स्वीकृति प्रदान की गयी थी। तदोपरान्त विकासकर्ता द्वारा (I.T. Commercial & Ginger hotel) का अधिभोग प्रमाण पत्र (Occupancy Certificate) हेतु दिनांक 17.11.2021 को आन लाईन के माध्यम से आवेदन किया गया है, जिसका आवेदन संख्या- CC-2416 है, तत्क्रन में UP Apartment Act-2010, Amendment 2016 in Section 4 Sub Section-B, के अन्तर्गत परियोजना के आवंटियो से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है। इस सम्बन्ध में विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत कार्यपूर्ति मानचित्र एंव Declarations of UP Apartment Act 2010 का परीक्षण किसी भी कार्यदिवस में सुबह 9:30 से सायं 6.00 बजे के मध्य नियोजन विभाग में तथा प्राधिकरण की वैबसाईट पर किया जा सकता है।

अत: उपरोक्त परियोजना के आवटियो द्वारा Completion Map एवं Declarations of UP Apartment Act 2010 के सम्बन्ध में सूचना प्रकाशित करने के 30 दिनों के अन्दर आपत्तियां / सुझाव आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त के निहितार्थ अपनी आपत्तिया लिखित से अपने आवंटन पत्र, नाम, पता एवं दूरभाष नम्बर के साथ कार्यालय समय व कार्यदिवस में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, भूखण्ड संख्या-1, नॉलेज पार्क- 04, ग्रेटर नोएडा में स्थित नियोजन विभाग में सूचना प्रकाशित होने के 30 दिवसों के अन्दर जमा करायी जा सकती है।

**प्रभारी महाप्रबन्धक ( नियो० / वास्तु० )**
**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# विधानसभा में हंगामा, सीएम आवास पर भाजपा का प्रदर्शन

## सदन के माध्यम से उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा और केंद्र सरकार से पूछे तीन सवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



विधानसभा परिसर में धरने पर बैठे भाजपा के विधायक। फोटो: रंजन डिमरी

विधानसभा के विशेष सत्र लगातार तीसरे दिन भी हंगामेदार रहा है। सदन में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जैसे ही बोलने के लिए खड़े हुए। आम आदमी पार्टी के विधायकों ने मेज थपथपाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान भाजपा विधायक वेल में आकर शोर-शराबा करने लगे। विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़ला ने नेता प्रतिपक्ष रामवीर बिधूड़ी को छोड़ सभी भाजपा विधायकों को मार्शल से बाहर कराने को कहा।

बाद में बिधूड़ी खुद सदन से वॉकआउट कर गए। बाद में शोरगुल की वजह से सदन की कार्यवाही को बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे जैसे ही शुरू हुई सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच जमकर नोकझोंक हुई और एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही को दो बार स्थगित करना भी पड़ा। दूसरी बार सदन की कार्यवाही एक बजे फिर से शुरू हुई तो दोनों पक्षों की ओर से हंगामा और नारेबाजी की गई है। इसके बाद विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़ला ने नेता प्रतपिक्ष को छोड़कर भाजपा के सभी विधायकों को मार्शल के जरिए बाहर करा दिया। बाद में बिधूड़ी भी सदन से वॉक ऑउट कर गए। इस मनीष सिसोदिया सदन में भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने अपने ऊपर हुई सीबीआई छापेमारी पर भी सवाल खड़े करते हुए विधानसभा के माध्यम से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 3 सवाल किए। उन्होंने कहा कि दूध-दही जैसी चीजों पर जीएसटी लगाकर मोदी के दोस्तों के लाखों-करोडो के कर्ज क्यों माफ किए गए।

इसकी सीबीआई जांच क्यों नहीं हुई। पूरे देश में विधायकों को खरीदने के लिए भाजपा के पास ऑपरेशन लोटस के लिए 6300 करोड़ रूपये कहां से आए। उपराज्यपाल विनय सक्सेना के ऊपर खादी ग्रामोद्योग का चेयरमैन रहते हुए नोटबंदी के समय हुए 1400 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच कब होगी। यह सीधे तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है।

मनीष ने कहा कि आम आदमी पार्टी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के सभी आरोपों और सवालों का जवाब दिया है। भाजपा के पास अब आम आदमी पार्टी से खुद सवाल पूछने के लिए नहीं रह गया है। ऐसे में उसे तीन सवालों का जवाब देना चाहिए। इससे पहले आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

हाथों में पार्टी का झंडा थामे प्रदर्शनकारी केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को मुख्यमंत्री के आवास के निकट जाने से रोक दिया। इसके प्रदर्शनकारी राजघाट पहुंचे जहां सांसद रमेश बिधूड़ी ने गंगाजल छिड़काव किया।

### भाजपा विधायक लगातार दूसरे दिन भी परिसर में डटे रहे

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार के आरोपों में आम आदमी पार्टी के मंत्रियों को बर्खास्त करने की मांग को लेकर भाजपा के विधायक मंगलवार को लगातार दूसरे दिन दिल्ली विधानसभा में रात गुजारी। विधानसभा में आप और भाजपा के नेताओं की नारेबाजी और हंगामे के कारण कार्यवाही कई बार स्थगित होने के बीच तीसरे दिन भी भाजपा विधायकों को सदन से मार्शल की मदद से बाहर निकाला गया। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार के कथित घोटालों में जांच की मांग को लेकर भाजपा विधायक मंगलवार रात को भी धरना दिए। इससे पहले आप और भाजपा के विधायकों ने सोमवार को विधानसभा परिसर में सोमवार रात को धरना दिया था। आप विधायक दिल्ली के उप राज्यपाल वी के सक्सेना के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं, वहीं भाजपा विधायक भ्रष्टाचार के आरोपों में दिल्ली के मंत्रियों सत्येंद्र जैन तथा मनीष सिसोदिया को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं।

# विस परिसर में सांसदों के प्रवेश पर लगी रोक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● रमेश बिधूड़ी सचिवालय गेट से वापस भेजा

दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों द्वारा विधानसभा परिसर में रात भर किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद मंगलवार को विधानसभा सचिवालय ने एक आदेश जारी कर सांसदों और राजनीतिक पार्टियों के नेताओं के परिसर में आने पर रोक लगा दी है।

भाजपा नेता और दक्षिण दिल्ली से सांसद रमेश बिधूड़ी हालांकि, विधानसभा की स्वागत डेस्क (रिसेप्शन) तक आए और पत्रकारों से कहा कि उनकी पार्टी के (दिल्ली से) अन्य सांसद भी सचिवालय के आदेश के बावजूद सत्र में हिस्सा लेंगे। उन्हें गेट पर रोक दिया गया। सचिवालय द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि परिसर में सत्तारूढ़ और विपक्षी दल के सदस्य प्रदर्शन कर रहे हैं, इसलिए परिसर और उसके आसपास सुरक्षा कड़ी की जानी चाहिए ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि कोई अप्रिय घटना नहीं हो।

आदेश के मुताबिक विधायक के साथ केवल एक आगंतुक को परिसर में अपनी पहचान सत्यापित कराने के बाद आने की अनुमति होगी। इसमें कहा गया, संसद सदस्यों और पार्टियों के नेताओं को हालांकि उनकी सुरक्षा और परिसर में बने तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आदेश की प्रति साझा करते हुए रोहिणी से भाजपा के विधायक विजेंद्र गुप्ता ने ट्वीट किया, केजरीवाल सरकार भयभीत है दिल्ली के सांसदों के विधानसभा में प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई है।

# शाह ने दिल्ली पुलिस के साथ जी-20 बैठक पर की चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● अधिकारियों ने रोडमैप भी दिखाया, 2024 के एक्शन प्लान पर भी बातचीत



दिल्ली पुलिस अधिकारियों संग गृह मंत्री अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस के साथ वर्ष 2024 एक्शन प्लान और अगले वर्ष होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर मजबूत सुरक्षा व्यवस्था समेत कई बिंदुओं पर समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर उनके साथ केंद्रीय गृह सचवि अजय भल्ला, पुलिस आयुक्त संजयय अरोड़ा समेत अन्य वष्ठि अधिकारी मौजूद थे।

पुलिस के अनुसार, गृह मंत्री अमित शाह अपने तय कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार सुबह 9 बजे से पुलिस मुख्यालय पहुंचे। बाद में अधिकारियों के साथ बैठकर राष्ट्रीय राजधानी की कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी भी ली। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत रोडमैप और जी-20 समिट की तैयारियों के बारे में बताया। इस दौरान फोरेंसिक जांच संबंधी विषयों पर भी बातचीत की। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोषसिद्धि दर को बढ़ाने और आपराधिक न्याय प्रणाली को फोरेंसिक विज्ञान जांच के साथ एकीकृत करने के लिए दिल्ली में 6 वर्ष से अधिक सजा वाले सभी अपराधों में फोरेंसिक जांच अनिवार्य करने के निर्देश दिये। गंभीर प्रकृति के चिंहित अपराधों में पुलिस द्वारा चार्जशीट को लीगल वैटिंग के पश्चात ही दायर किया जाए।

गृह मंत्री ने कहा कि सर्विलांस अपराध को रोकने व इसकी जांच में पुलिसिंग का प्रमुख अंग है। सिविल प्रशासन, पुलिस द्वारा लगाये गए कैमरों के साथ ही सार्वजानिक स्थलों जैसे एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, बाजार लगाये गए कैमरों को कंट्रोल रूम से जोड़ा जाए।

### बटनों में छिपाकर ले जा रहा था 41 लाख के रियाल, धरा

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कर्मियों ने 41 लाख रुपए मूल्य के सऊदी रियाल कथित रूप से लहंगे के बटनों में छिपाकर दुबई जा रहे भारतीय यात्री को पकड़ लिया।

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल-3 पर तड़के चार बजे सुरक्षाकर्मियों ने सुरक्षा जांच के दौरान उस व्यक्ति को रोका।

ड्यूटी पर मौजूद कर्मियों ने एक्स-रे स्कैनर मॉनिटर पर यात्री के बैग में रखे बटनों की संदिग्ध तस्वीरें देखीं और जांच करने का फैसला किया। यात्री को स्पाइसजेट की उड़ान से दुबई जाना था।

# लगातार बढ़ रहे दिल्ली में साइबर अपराध

● पिछले वर्ष की तुलना में 111 प्रतिशत की वृद्धि, 356 से अधिक मामले सामने आए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की एक रिपोर्ट के अनुसार 2021 में राजधानी में इससे पिछले वर्ष की तुलना में साइबर अपराध में 111 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। मामले बढ़ने का सबसे बड़ा कारण यौन शोषण बताया गया है। आंकड़ों के अनुसार, इनमें से अधिकतर मामले ऑनलाइन धोखाधड़ी, ऑनलाइन उत्पीड़न, कामुक सामग्री के प्रकाशन आदि से जुड़े थे। दिल्ली पुलिस द्वारा साइबर अपराध के लिए एक अलग शाखा के साथ-साथ एक सोशल मीडिया सेंटर बनाने के बावजूद इन मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल साइबर अपराध के 356 से अधिक मामले सामने आए, जिसमें से अधिकतर अपराधियों के खिलाफ कामुक सामग्री के प्रकाशन और प्रसारण के संबंध में मामला दर्ज किया गया है। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि इन अपराधों को अंजाम देने का मकसद धोखाधड़ी, यौन शोषण और जबरन वसूली करना था।

शिकायत करने वालों में ज्यादातर 12 से 17 साल की उम्र की नाबालिग लड़कियां थीं। पुलिस उपायुक्त के.पी.एस. मल्होत्रा ने कहा, कोविड-19 (वैश्विक महामारी) के बाद से हम ऑनलाइन मामले अधिक दर्ज कर रहे हैं। हमने वित्तीय धोखाधड़ी और यौन शोषण के मामलों में वृद्धि देखी है। उन्होंने कहा, हम केवल शिकायतों का ही नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पोस्ट का भी संज्ञान लेते हैं। वहीं दिल्ली महिला आयोग ने महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर मंगलवार को चिंता जताई और कहा कि दिल्ली का नाम खराब होने से बचाने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

### मानव तस्करी के सबसे ज्यादा मामले : एनसीआरबी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2021 में आठ केंद्रशासित प्रदेशों में से दिल्ली में मानव तस्करी के सबसे अधिक मामले दर्ज किए हैं। यह वर्ष 2020 की तुलना में इसमें 73.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आंकड़ों के अनुसार, 2021 में मानव तस्करी के सभी 509 पीड़ितों को बचा लिया गया। मानव तस्करी से पीड़ित अधिकतर लोग बंधुआ मजदूरी से जबकि उनमें से कुछ मामले यौन शोषण व छोटे अपराधों से जुड़े थे। हालांकि, पीड़ितों में से किसी की भी बच्चों से जुड़ी अश्लील फिल्मों (चाइल्ड पोर्नोग्राफी), भीख मांगने या मानव अंगों को हटाने के लिए तस्करी नहीं की गई थी।

### यमुना में मूर्ति विसर्जित करने पर लगेगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** यमुना नदी अथवा अन्य जल निकायों में अब मूर्ति विसर्जन पर रोक लग गई है। नियम का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने और कैद का प्रावधान किया गया है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डीपीसीसी) ने जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि इस साल गणेशोत्सव और दुर्गा पूजा के दौरान यमुना या किसी अन्य जल निकाय में मूर्तियां विसर्जित न की जाएं।

डीपीसीसी ने आदेश में कहा है कि उल्लंघन करने पर 50,000 रुपए का जुर्माना या छह साल जेल की सजा तक हो सकती है। डीपीसीसी ने शहरी स्थानीय निकायों को मूर्ति विसर्जन के लिए आवासीय क्षेत्रों के निकट कृत्रिम तालाब बनाने के लिए भी कहा है। बोर्ड ने पुलिस को प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां ले जाने वाले वाहनों के प्रवेश पर रोक को कहा है।

# सरकारी स्कूल में छत से पंखा गिरने से दो छात्राएं घायल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● पानी टपकने से छत में हो गया था सुराग

बाहरी दिल्ली के नांगलोई इलाके में सरकारी स्कूल की एक कक्षा में छत में लगा पंखा गिरने से दो छात्राएं घायल हो गईं। घायल छात्राओं को पास के निजी अस्पताल में भर्जी कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। एक छात्रा ने बताया कि छत में नमी थी और वह टपक रही थी। जिससे छत में दरार आ गई और पंखा गिर गया। उस वक्त कक्षा में पढ़ाई चल रही थी। स्कूल अधिकारियों या सरकार ने इस घटना को लेकर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। पुलिस के अनुसार उन्हें नांगलोई के सोनिया अस्पताल से शनिवार को दो पीसीआर कॉल आई थी जिसमें नसरीन और अंजलि नामक दो लड़कियों के चिकित्सा-कानूनी मामलों (एमएलसी) के संबंध में जानकारी मिली। दोनों लड़कियां प्रेम नगर की रहने वाली हैं। नांगलोई के जीजीएसएस स्कूल जेजे नंबर-2 में छत में लगा पंखा गिरने से दोनों छात्राएं घायल हो गईं। इसके बाद स्कूल प्रशासन ने दोनों छात्राओं को सोनिया अस्पताल में भर्ती कराया। जांच अधिकारी अस्पताल पहुंचे, जहां छात्रों या अभिभावकों की ओर से इस संबंध में कोई बयान नहीं दिया गया।

पुलिस ने इस संबंध में भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत थाने में मामला दर्ज कर लिया है ।

# प्रदर्शनों के बाद जेएनयू के रेक्टर का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के रेक्टर अजय कुमार दुबे ने अपने खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के प्रदर्शनों के बाद इस्तीफा दे दिया है। विश्वविद्यालय के 29 अगस्त के एक आधिकारिक परिपत्र में कहा गया, प्रोफेसर अजय कुमार दुबे ने विश्वविद्यालय के रेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया है और सक्षम प्राधिकार ने तत्काल प्रभाव से उसे स्वीकार कर लिया है। कुछ शिक्षकों और छात्रों ने दुबे के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे और वे उनके इस्तीफे की मांग कर रहे थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध एबीवीपी संगठन पिछले कई दिन से उनके खिलाफ प्रदर्शन कर रहा था। एबीवीपी के राज्य मीडिया समन्वयक अंबुज ने कहा, जेएनयू के रेक्टर ने इस्तीफा दे दिया है।

दिल्ली नगर निगम
विज्ञापन विभाग, वाणिज्यिक अधिकारी का कार्यालय
फोन नं. 011-2322-7611/08, ई-मेल आईडी : acadvtt.mcd@mcd.nic.in

**ई-निविदा सूचना**

आयुक्त, एमसीडी की ओर से ग्राह्य बोलीदाताओं से नीचे वर्णित ई-निविदा के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं :-
ई-निविदा सूचना सं. सीओ/विज्ञापन/ई-निविदा-04/2022-23/एमसीडी/एनआईटी/डी-410 दिनांकित 30.08.2022 एमसीडी के क्षेत्राधिकार के पब्लिक टॉयलेट क्लस्टर्स के माध्यम से अंतर्गत तीन वर्ष की आरंभिक अवधि के लिए मासिक लाइसेन्स शुल्क आधार पर विज्ञापन अधिकारों के आवंटन हेतु दो बोली पद्धति (अर्थात तकनीकी और वित्तीय) में।
उपरोक्त ई-निविदा में बोलियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि है :- 22.09.2022, 16.00 बजे तक।
विस्तृत निविदा प्रलेख एमसीडी की वेबसाइट नामत: www.mcdonline.nic.in तथा https://etender.gov.in/eprocure/app पर उपलब्ध है।

RO No. 29/DPI/MCD/2022-23

वाणिज्यिक अधिकारी,
विज्ञापन विभाग, एमसीडी

# प्रत्यारोपित पेड़ों में सिर्फ 37 फीसदी ही बचे: वन विभाग

● 16,461 वृक्षों में से केवल एक तिहाई जिंदा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

डेढ़ साल पहले वन विभाग ने वृक्ष प्रत्यारोपण नीति बड़े दावों के साथ लागू की थी। अब इसका आंकड़े चौंकाने वाले सामने आए है। पता चला कि प्रत्यारोपित पेड़ों में से सिर्फ 37 प्रतिशत ही जिंदा बचे है। वन विभाग की इस योजना को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए है।

वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक इस नीति लागू होने से वृक्ष प्रत्यारोपण प्रक्रिया और वैज्ञानिक हो गई, लेकिन हम अभी तक इसके प्रभाव का अध्ययन नहीं कर पाए हैं क्योंकि इसे अमल में आए डेढ़ साल ही हुए हैं। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन साल में दिल्ली में प्रत्यारोपित किए गए 16,461 वृक्षों में से केवल एक तिहाई (33.33 प्रतिशत) ही बचे हैं। वहीं, 2019-20 के दौरान प्रत्यारोपित किए गए 4,162 वृक्षों में से केवल 1,521 पेड़ बचे हैं। 2020-21 में 7,003 वृक्षों में से सिर्फ 2,001 (28.57 प्रतिशत) और 2021-22 में प्रत्यारोपित किए गए 5,296 पेड़ों में से 1,965 (37.10 प्रतिशत) बचे हैं। दिसंबर 2020 में अधिसूचित दिल्ली सरकार की वृक्ष प्रत्यारोपण नीति के अनुसार, संबंधित एजेंसियों को अपने विकास कार्यों के कारण प्रभावित वृक्षों का कम से कम 80 प्रतिशत प्रत्यारोपण करना होगा। वृक्ष प्रत्यारोपण करने के एक वर्ष के भीतर पेड़ के बचे रहने की मानक दर 80 प्रतिशत है। दिल्ली वृक्ष प्रत्यारोपण नीति दस्तावेज के अनुसार तकनीकी एजेंसी को अंतिम भुगतान पेड़ के बचे रहने की दर से जोड़ कर दिया जाएगा। मानक दर से नीचे पेड़ की बचे रहने की दर के लिए दंड का प्रावधान शामिल है। यदि 50 प्रतिशत से भी कम पेड़ बचे नहीं रहते हैं तो भुगतान नहीं किया जाएगा।

### पर्यावरणविद उठा चुके है सवाल

*पर्यावरणविद रवीना कोहली ने पहले की आग्रह किया था कि सरकार को जिस तरह से वृक्षारोपण किया जा रहा है उसमें '' घोर असफलता होने जा रहा है। उन्होंने कहा था कि हमारे पर्यावरण की गुणवत्ता की कीमत पर विकास कि चौतरफा नुकसान'' वाला होगा और यह सरकारोंपर भी विपरीत प्रभाव डालेगा।*

ICICI Bank
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थिीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | मुदित अग्रवाल (कर्जदार), वर्षा अग्रवाल, भारती अग्रवाल (सह-कर्जदार) LBLUC00002367082 | फ्लैट नंबर 1704, फ्लोर- 17 टॉवर टी 1, सनवर्ल्ड अरिस्टा सेक्टर- 168, नोएडा, नोएडा 201301. क्षेत्र 2100 वर्ग फीट | रू. 1,59,83, 280.30/- (अगस्त 23, 2022 तक) | रू. 68,00, 000/- / रू. 6,80,000/- | सितंबर 09, 2022 को दो. 12:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | सितंबर 22, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 2. | अमित कुमार अग्रवाल (कर्जदार), भारती अग्रवाल (सह-कर्जदार) LBLUC00002367083 | 1703 17वीं मंजिल, टॉवर -1 सनवर्ल्ड अरिस्टा, सेक्टर- 168, नोएडा, नोएडा 201301 क्षेत्र - 2100 वर्ग फीट | रू. 1,60,16, 416.16/- (अगस्त 23, 2022 तक) | रू. 68,00, 000/- / रू. 6,80,000/- | सितंबर 09, 2022 को दो. 12:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | सितंबर 22, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 3. | ईशा लक्ष्मण (कर्जदार), दिव्य मेहता (गारंटर) LBDEL00002430981 | फ्लैट नंबर 504, 5वीं मंजिल टॉवर 1, प्लॉट नंबर जीएच 01/सी, सनवर्ल्ड अरिस्टा, सेक्टर 168, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर 201301. क्षेत्र 2100 वर्ग फीट | रू. 1,52,53, 001.48/- (अगस्त 23, 2022 तक) | रू. 65,00, 000/- / रू. 6,50,000/- | सितंबर 09, 2022 को दो. 12:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | सितंबर 22, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 4. | निशांत डालमिया (कर्जदार), वसुधा डालमिया (गारंटर) LBGHZ00002422226 | फ्लैट नंबर 1606, 16वीं मंजिल टॉवर टी 6 प्लॉट नंबर जीएच 01/सी, सनवर्ल्ड अरिस्टा सेक्टर 168, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर 201301. क्षेत्र- 2100 वर्ग फीट | रू. 1,59,00, 835.48/- (अगस्त 23, 2022 तक) | रू. 72,00, 000/- / रू. 7,20,000/- | सितंबर 09, 2022 को दो. 12:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | सितंबर 22, 2022 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की,** वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** . पर संचालित होगी । बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **सितंबर 21, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में **सितंबर 21, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित **सितंबर 21, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **सितंबर 21, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं । बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708, 7304914763** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।
बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे ।

तिथि : अगस्त 31, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

SUNLOC
**सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : 38ई/252-ए, विजय टावर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662/ई-मेल आईडी : info@sunilhealthcare.com/ वेब : www.sunilhealthcare.com
फोन : +91-11-49435555/00, फैक्स : +91-11-43850087

**दिनांक 28 सितम्बर, 2022 को मध्या. 12.30 बजे/आईएसटी वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी") अथवा अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजनार्थ निर्धारित 48वीं वार्षिक सामान्य बैठक, ई-वोटिंग तथा बही बंदी की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की 48वीं वार्षिक साधारण बैठक बुधवार, 28 सितम्बर, 2022 को अप. 12.30 बजे/आईएसटी वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग (वीसी) अथवा अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसके लिए पंजीकृत कार्यालय : 38ई/252-ए, विजय टावर, तृतीय तल, पंचशील कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049 बैठक का स्थान माना जाएगा, जिसमें एजीएम सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय निष्पादित किया जाएगा।

कार्पोरेट मंत्रालय (एमसीए) के जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांकित 05 मई, 2020, 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021 तथा 02/2022 दिनांकित 5 मई, 2022 और सेबी द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2 /सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 के अनुसरण में, कम्पनियों को वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) का आयोजन, किसी एक स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी") अथवा अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से करने की अनुमति दी गई है।

उपरोक्त सर्कुलर्स के अनुपालन में, एजीएम की सूचना, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसार व्याख्यात्मक विवरण सहित, तथा रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग प्रक्रिया का विस्तृत विवरण, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थिति का विवरण, वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक विधि से मंगलवार, 30 अगस्त, 2022 को भेजी जा चुकी है जिनका ई-मेल पता कम्पनी/आरटीए/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) के पास पंजीकृत है। इसके अतिरिक्त उक्त विवरण कम्पनी की वेबसाइट https://www.sunilhealthcare.com/annual-reports, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in पर भी उपलब्ध है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, समय समय पर संशोधित, के नियम 20, सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 और भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठक पर सचिवीय मानक के अनुसरण मे, कम्पनी सदस्यों को 48वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) में विचार हेतु प्रस्तावित प्रस्तावों पर ई-वोटिंग सर्विसेज के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोट डालने की सुविधा प्रदान कर रही है। कम्पनी ने "रिमोट ई-वोटिंग"/ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के लिए इंस्टावोट प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु लिंकइनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सेवाएं अनुबंधित की हैं।

वे सदस्य, जो विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) अर्थात मंगलवार, 20 सितम्बर, 2022 को भौतिक अथवा अभौतिक रूप में शेयरों के धारक हैं, एजीएम में सूचीबद्ध व्यवसायों पर अपना वोट लिंक इनटाइम प्राइवेट लिमिटेड के इलेक्ट्रॉनिक इंस्टावोट प्लेटफार्म : https://instavote.linkintime.co.in के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकते हैं।

सूचीबद्ध कम्पनियों द्वारा उपलब्ध कराई गई ई-वोटिंग सुविधा के विषय में सेबी सर्कुलर दिनांकित 9 दिसम्बर, 2020 के अनुसरण में, डीमैट रूप में प्रतिभूतियों के धारक व्यक्तिगत शेयरधारक केवल 9 जून, 2021 के बाद डिपॉजिटरीज तथा डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास अनुरक्षित अपने डीमैट खाते के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं। विस्तृत रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया के लिए, कृपया 48वीं एजीएम की सूचना का नोट नंबर 22 देखें।

**सदस्यगण नोट करें कि :**

i) रिमोट ई-वोटिंग अवधि रविवार, 25 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 9.00 बजे आरंभ होगी तथा मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी और उसके बाद ई-वोटिंग मॉड्यूल ई-वोटिंग एजेन्सी द्वारा वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
ii) शेयरधारक द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद, सदस्य को उसमें कोई परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी।
iii) सदस्यों के वोटिंग अधिकार कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) अर्थात मंगलवार, 20 सितम्बर, 2022 का उनके शेयरों के अनुपात में होंगे।
iii) कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना प्रेषित किए जाने के बाद कम्पनी के शेयर अर्जित करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) अर्थात मंगलवार, 20 सितम्बर, 2022 को शेयरधारक है, एजीएम की सूचना के नोट नंबर 22 मे दिए गए रिमोट ई-वोटिंग के अनुदेशों का अनुपालन कर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
iv) कोई व्यक्ति, जिसका नाम डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों की पंजिका में अथवा सदस्यों की पंजिका में विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) को दर्ज मौजूद है, केवल वही व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग/वार्षिक सामान्य बैठक में ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की सुविधा प्राप्त करने का हकदार होगा।
v) सदस्य रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने के बाद भी एजीएम में भाग ले सकता है, परंतु एजीएम में पुनः अपना वोट डालने के हकदार नहीं होगा।
vi) श्री तारा चंद शर्मा, कार्यरत कम्पनी सेक्रेटरी (सदस्यता संख्या 5749 और सीपी संख्या 4078 है) तथा मैसर्स जैन शर्मा ऐंड एसोशिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरीज, जयपुर के स्वामी, को ई-वोटिंग तथा रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।
vii) यदि भौतिक रूप मे प्रतिभूतियों के धारक शेयरधारकों/सदस्यों/संस्थागत सदस्यों को ई-वोटिंग के संबंध में कोई शंका है, वे https://instavote.linkintime.co.in पर हेल्प सेक्शन के अंतर्गत उपलब्ध बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू'ज) तथा इंस्टावोट ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं अथवा enotices@linkintime.co.in पर ई-मेल भेज सकते हैं अथवा फोन : 022-4918 6000 पर सम्पर्क कर सकते हैं। सदस्यगण delhi@linkintime.co.in, cs@sunilhealthcare.com पर अथवा हमारे आरटीए से भी rta@alankit.com अथवा lalitap@alankit.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।
viii) ई-वोटिंग तथा वीसी अथवा ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने के विस्तृत अनुदेशों के लिए, सदस्यों से बैठक की सूचना (विशेषकर नोट नंबर 23) पढ़ने का अनुरोध किया जाता है।

आगे सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और संचालन) नियमावली, 2014 के नियम 10 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 42 के अनुसरण में कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां बुधवार, 21 सितम्बर, 2022 से बुधवार, 28 सितम्बर, 2022 तक (दोनों दिन सहित) कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजनार्थ बंद रहेंगी।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड

हस्ता./-
अनिल कुमार खेतान
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00759951
स्थान - नई दिल्ली
दिनांकित - 30 अगस्त, 2022

पंजीकृत कार्यालय :
38ई/252-ए, विजय टावर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662
फोन : +91-11-49435555/00, फैक्स : +91-11-43850087
ई-मेल आईडी : info@sunilhealthcare.com
वेबसाइट : www.sunilhealthcare.com

# निगम के अधिकारी प्रतिदिन 11 से 12 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहें : मुकेश आहुजा

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

### प्रतिदिन एक घंटा जनशिकायतों को सुनकर उनका समाधान करने पर रखें फोकस

### कार्यालय में मिलने आने वाले नागरिकों को बेवजह ना करना पड़े इंतजार

**नगर** निगम के सभी निगम अधिकारियों को नगर निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन 11 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहें। कार्यालय में आने वाले नागरिकों की शिकायतों को सुनकर उनका समाधान करने पर गंभीरता से ध्यान दें। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कार्यालय में मिलने आने वाले नागरिकों को अधिकारी से मिलने के लिए बेवजह इंतजार ना करना पड़े तथा उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। यह निर्देश उन्होंने मंगलवार को सभी निगम अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक में दिए।

उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार अधिकारियों को अपने कार्यालय में प्रतिदिन 11 से 12 बजे तक उपस्थित रहना अनिवार्य है। इस एक घंटे के दौरान अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके पास शिकायत लेकर पहुंचने वाले व्यक्ति को बेवजह इंतजार ना करना पड़े तथा उसे इधर-उधर चक्कर ना काटने पड़ें। अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि शिकायत लेकर पहुंचने वाला व्यक्ति किसी बाबू स्तर के कर्मचारी के पास जाने को मजबूर ना हो। अधिकारी


निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा।

स्वयं शालीनता से उनकी शिकायतें सुनकर समाधान करने की दिशा में कार्य करें। फील्ड में जाने का समय 12 बजे के बाद का ही रखा जाए।

**प्रॉपर्टी आईडी के लिए ना काटना पड़े चक्कर :** निगमायुक्त ने बैठक में शामिल जोनल टैक्सेशन अधिकारियों से कहा कि प्रॉपर्टी आईडी के लिए ऑनलाईन आवेदन की व्यवस्था है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रॉपर्टी आईडी बनाने के लिए प्राप्त होने वाले ऑनलाईन आवेदन पर तुरंत कार्रवाई करें, ताकि आवेदक को निगम कार्यालय में चक्कर ना काटना पड़े। उन्होंने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम की काफी सेवाएं ऐसी हैं, जो ऑनलाईन माध्यम से ही उपलब्ध करवाई जा रही हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि नागरिकों को इन सेवाओं के लिए बेवजह निगम कार्यालय में ना आना पड़े।

**प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से करें समाधान :** निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम में कई माध्यमों से शिकायतें प्राप्त होती हैं। इन शिकायतों के समाधान के लिए समयसीमा निर्धारित की गई है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित समयावधि के भीतर शिकायतों का समाधान हो जाना चाहिए। इससे एक ओर जहां नागरिकों को सहूलियत होगी, वहीं दूसरी ओर नगर निगम गुरुग्राम की छवि में भी और अधिक सुधार होगा।

# गुरुग्राम में पहली बार राष्ट्रीय स्तर का लगेगा सरस मेला

### केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने सेक्टर-29 के मैदान में जगह चिह्नित की

**गुरुग्राम।** जिला में पहली बार राष्ट्रीय स्तर का सरस मेला होने जा रहा है। इसके लिए केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार यह मेला गुरुग्राम के सेक्टर-29 पावरग्रिड कार्यालय के सामने स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के खुले मैदान में आयोजित किया जाएगा। यह मेला 7 से 23 अक्टूबर तक लगाया जाएगा, जहां पर देश के विभिन्न राज्यों के शिल्पकार अपने उत्पाद लेकर आएंगे।

गुरुग्राम में लगने वाले इस सरस मेले में देश के 30 राज्यों की 500 से ज्यादा शिल्पकार भाग लेते हुए अपने उत्पादों की बिक्री करेंगे। मेले में शिल्पकारों द्वारा बनाए गए ग्रामीण उत्पादों के करीब 200 स्टॉल लगाए जाने की योजना है। इसके अतिरिक्त गुरुग्राम सरस मेले में इंडिया फूड कोर्ट भी लगाया जायेगा, जहां पर करीब 20 राज्यों के लाईव फूड स्टॉल होंगे। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जाने वाला यह मेला ग्रामीण महिलाओं व शिल्पकारों के स्वयं सहायता समूहों को मार्केटिंग सुविधा व अपने उत्पादों का प्रचार प्रसार व बिक्री का एक सशक्त प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाता है। ऐसे मेले में ग्रामीण महिलाएं विपणन के गुर सीखती है तथा अपनी आजीविका के साधनों में बढ़ोतरी करती है।

गुरुग्राम में लगाए जाने वाले मेले की विशेषता यह होगी कि इसमें विभिन्न राज्यों के लोकप्रिय हस्तनिर्मित उत्पाद जैसे टसर की साड़ियां, बाघ प्रिंट, गुजरात की पटोला साड़ियां, काथा की साड़ियां, राजस्थानी प्रिंट चंदेरी साड़ियां, हिमाचल उत्तराखंड के ऊनी उत्पाद व प्राकृतिक खाद्य उत्पाद, हरियाणा के बाजरे व ज्वार के लड्डू बिस्कुट, कर्नाटक व आंध्र प्रदेश के वूडन उत्पाद, जम्मू कश्मीर के हैंडलूम के विभिन्न उत्पाद प्रदर्शित होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### नालों के किनारे लगे कचरे के ढेर दे रहे हादसों को न्योता



**सोहना।** शहर के बरसाती और गंदे पानी के नालों की सफाई के दौरान निकला गया कचरा ठेकेदार ने उठवाया नहीं है। जिससे कचरा सूखने के बाद वापस नाले में गिर रहा है। नगर परिषद द्वारा शहर के बरसाती व गंदे पानी के नालों की टेंडर लगाकर सफाई कराई जा रही है, लेकिन सफाई के दौरान नालों से निकाला जा रहा कचरा छह से आठ दिन बाद भी उठाया नहीं गया है। नाले के साथ लगते मकान और दुकानों के आगे कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। ये कूड़े-कचरे के ढेर रात के समय अंधेरे में नजर नहीं आते हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा घट सकता है। हरीनगर वार्ड 6 बालूदा रोड पर दुकानदार प्रताप का कहना है कि उसकी दुकान पर आने वाले ग्राहकों को कूड़े के ढेरों से परेशानी हो रही है। चमन सिंह का कहना है कचरा वापस नालों में जाने से फिर पानी जाम की समस्या पनप जाएगी। परिषद द्वारा नाले की सफाई पर खर्च की जा रही लाखों रुपये की राशि का दुरुपयोग हो रहा है। नगर परिषद के सफाई इंस्पेक्टर सतेंद्र यादव ने बताया कि नालों की सफाई कर रहे ठेकेदार को नालों से निकाला गया कचरा एक या दो दिन के बाद उठवाने के आदेश दिए गए हैं। ऐसा न करने पर ठेकेदार को विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी भी दे दी गई है।

### जिला जेल में बंदियों में झगड़ा, एक घायल

**सोहना।** भोंडसी जिला जेल में बिना कारण एक बंदी ने दूसरे बंदी के गले पर हमला कर जख्मी कर दिया। घायल बंदी को जेल के अस्पताल में दाखिल कराया। उसके बाद रेफर किए जाने पर गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने जेल अधीक्षक की शिकायत पर आरोपी बंदी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। भोंडसी जिला जेल अधीक्षक ने स्थानीय थाना पुलिस को बताया कि जिला रेवाड़ी का गांव जाटूसाना निवासी मनोज हत्या के आरोप में स्थानीय जेल में 23 मई 2021 को आया था। रविवार सायं पांच बजे मनोज ने अपनी ही बैरक 9ए में रह रहे अन्य बंदी मंगतराम पर हमला कर घायल कर दिया। मंगतराम के शोर मचाने पर बैरिक में अन्य बंदी धीरज ने जेल वार्डन रोहताश की मदद से बीच-बचाव कराया। जेल अधीक्षक द्वारा दर्ज कराई गई भोंडसी थाना में शिकायत के दौरान झगडे के कारण का खुलासा नहीं किया। भोंडसी थाना प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद मनोज ने मंगतराम पर हमला करने के कारण को जानने के उद्देश्य से जांच शुरू कर दी है।

### चोरी की केबल सहित दो युवक पकड़े

**सोहना।** धुनेला के पास सोसायटी में से केबल चोरी करके भाग रहे दो युवकों को सुरक्षा कर्मियों ने दबोच लिया। जिनके पास से बाइक समेत चोरी की गई केबल बरामद करते हुए भोंडसी थाना पुलिस को सौंप दिया। धुनेला में बनी सेंटर पार्क सोसायटी के सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी सतबीर ने भोंडसी पुलिस को बताया कि सोमवार सुबह चार बजे उसे ड्यूटी के दौरान चोर-चोर की आवाजें सुनाई दी। मौके पर दौड़कर गया तो लोगों की भीड़ लगी हुई थी। भीड़ के बीच में दो युवक बाइक समेत पकड़े हुए थे। बाइक पर केबल रखी थी। जिसका वजन करने पर 100 किलोग्राम मिला। दोनों युवक रात के अंधेरे का फायदा उठा सोसायटी से केबल चोरी करने के बाद बाइक पर भाग रहे थे। जिनकी पहचान गांव धुनेला निवासी अलीम व साहिल के रूप में हुई है।

### झगड़े में चार महिलाओं से सहित आठ लोग घायल

**सोहना।** खंड के गांव सहजावास में एक ही परिवार के सदस्यों के बीच हुए झगड़े में लाठी, डंडे, प्लासी, ईंट बरसाने से चार महिलाएं समेत आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में दाखिल कराया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से मिली शिकायतों के आधार पर 12 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। रविवार सुबह 10 बजे भोंडसी थाने के गांव सहजावास में एक ही परिवार के दो गुटों में हुए झगड़े में चार महिलाएं समेत आठ लोग घायल हो गए। झगड़े में दोनों पक्ष की महिलाओं ने युवकों पर झगड़े के दौरान कपड़े फाड़ने और छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। भोंडसी थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से तीन और दूसरे तरफ से नौ नामजद आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस जांच में जुट गई है।फोटो नंबर-04: गुरुग्राम के पटौदी रेलवे स्टेशन पर रेलवे बोर्ड पैसेंजर सर्विस कमेटी के चेयरमैन रमेश चंद्र रत्न का स्वागत करते लोग।

### कमेटी चेयरमैन रमेश चंद्र ने किया पटौदी स्टेशन का दौरा

**गुरुग्राम।** रेलवे बोर्ड पैसेंजर सर्विस कमेटी के चेयरमैन रमेश चंद्र रत्न ने मंगलवार को पटौदी रोड रेलवे स्टेशन का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ एडीआरएम अनिरुद्ध सिंह, सीनियर डीसीएम वसंत कुमार और रेलवे बोर्ड के सदस्यों सहित स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जो खामियां मिली उनको अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से दुरुस्त कराने के निदेज़्श दिए। स्टेशन पर डेढ़ दर्जन पंखे व एक दर्जन लाइट और तीन दर्जन बेंच, यूरिनल सीट व केंटीन की सुविधा देने का आश्वासन दिया। इस अवसर बीस मांगों के साथ देनिक रेल यात्री संघ ने अध्यक्ष योगिंद्र चौहान के नेतृत्व में एक ज्ञापन सभी मांगों को पुरा करने के लिए दिया। इससे पूर्व दैनिक रेल यात्री संघ द्वारा उनके स्मृति चिन्ह के रूप में एक मोमेंटो व पगड़ी बांध कर फूल मालाओं से उनका स्वागत व अभिनंदन किया।

# समाज उत्थान न्यास संस्था करेगी प्रतिभाओं को सम्मानित

### 18 सितम्बर को जैकबपुरा सैनी धर्मशाला में होगा समारोह

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**समाज** उत्थान न्यास (सन फाउंडेशन) संस्था द्वारा गत वर्षों की भांति इस बार भी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में 10वीं और 12वीं कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं के प्रोत्साहन के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए संस्था की मीटिंग जिला कार्यालय में की गयी।

संस्था के चेयरमैन नरेश सैनी ने बताया कि पिछली बार के प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन के बाद इस बार भी बच्चों में उत्साह नजर आ रहा है। इस बार प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 18 सितम्बर 2022 को सैनी धर्मशाला, जैकबपुरा में किया जाएगा। कार्यक्रम सम्बन्धी सभी कार्यों की रूप-रेखा बना ली गयी है। कार्यक्रम के प्रचार के लिए संस्था के पदाधिकारियों की एक टीम ने गुड़गांव गांव, अशोक विहार, सुल्तानपुर, फरुखनगर और कारोला का दौरा किया। वहां के स्थानीय लोगों से मिलकर इस कार्यक्रम


गुरुग्राम में बच्चों के सम्मान समारोह को लेकर लोगों के बीच प्रचार करते समाज उत्थान न्यास संस्था के सदस्य।

के विषय में जानकारी दी। ज्यादा से ज्यादा बच्चों का डाटा एकत्रित करके वाट्सअप या ईमेल के जरिये भेजने को कहा गया, ताकि बच्चे कार्यक्रम में पहुंचकर सम्मान ग्रहण कर सकें।

दौरा करने के लिए महेन्दर सिंह, सूबे सिंह, महावीर सिंह, हितेश सैनी, गगनदीप सैनी, गौतम, जयप्रकाश को भेजा गया। फरुखनगर में बीरबल चैयरमैन, नारायणी वाटिका, प्रधान मुकेश सैनी पार्षद, सुल्तानपुर गांव में रमेश, जोगिंदर कुमार, नरेंद्र कुमार, कारोला गांव प्रधान जयवीर, नेशनल कोच सीमा, गुड़गांव गांव प्रधान कृष्ण गोपाल, महावीर, डा. मुकेश सैनी, चंद्रपाल, जाटोला में प्रधान अशोक सैनी, मास्टर देवेंद्र सैनी ने लोगों को इस कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया।

# हर व्यक्ति एक पौधा अपनाकर उसका पालन करे : बोधराज सीकरी

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**डीपीएसजी** स्कूल की ओर से पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी की प्रेरणा से हीरो मोटो कॉर्प में हर व्यक्ति एक पौधे को अपनाना एवं पालना करना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में हीरो मोटर्स प्लांट हेड एचआर, डिप्टी जनरल मैनेजर, जागृति क्लब हीरो सदस्य, कुबेर क्लब हीरो सदस्य और हीरो के अनेक सदस्य शामिल हुए। हरित गुरुग्राम की दिशा में प्रयास करने के मिशन और विजन के बारे में बताया गया और सभी कर्मचारियों से एक पौधा अपनाने का आग्रह किया गया। यह उल्लेख किया भी गया कि कैसे दिल्ली पब्लिक स्कूल, गाजियाबाद


कार्यक्रम में उपस्थित हीरो मोटो कॉर्प के कर्मचारी।

सोसाइटी ने बोधराज सीकरी के साथ मिलकर सभी को जागरूक करने के लिए हर व्यक्ति एक पौधा नाम की पहल की है । इस पहल में अपना योगदान देना और हरित गुरुग्राम की दिशा में काम करना कितना महत्वपूर्ण है। डीपीएसजी स्कूल इस कार्यक्रम के माध्यम से 2600 पौधे दान दे चुका है। इसकी शुरुआत 20 जुलाई को बोधराज सीकरी द्वारा ही की गई थी।

कार्यक्रम में डीपीएसजी जिला विपणन और संचार हरियाणा प्रज्ञा मलिक ने कहा कि पेड़ पौधों के रहने से ही हमारा जीवन सुरक्षित है। इसलिए हर व्यक्ति को प्रत्येक वर्ष में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

# वजीराबाद में महामंत्र जाप के दौरान किया रुद्राभिषेक


गांव वजीराबाद में 11 लाख महामंत्र जाप के दौरान रुद्राभिषेक करते श्रद्धालु।

**गुरुग्राम।** गांव वजीराबाद में गोल्फ कोर्स स्थित बाबा स्थल वाला मंदिर में आयोजित अस्थल बाबा के 11 लाख महामंत्र जाप का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन तीन सितंबर तक चलेगा यह कार्यक्रम सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक 11 ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन किया जा रहा है।


मंगलवार को बाबा अस्थल वाले मंदिर पर आयोजित रुद्राभिषेक में ग्रामीणों ने तथा भक्तजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुल पुरोहित पंडित विजय भारद्वाज ने बताया कि मंगलवार को रुद्राभिषेक किया। रुद्राभिषेक करना शिव आराधना का सर्वश्रेष्ठ तरीका माना है। रूद्र शिवजी का ही एक स्वरूप हैं। रुद्राभिषेक से पातक कर्म भी जलकर भस्म हो जाते हैं और साधक में भक्ति भाव पैदा होता है। भगवान का आशीर्वाद मिलता है। श्री भारद्वाज ने कहा कि जो भी व्यक्ति जिस भावना से रुद्राभिषेक करता है, उसका मनोरथ अवश्य पूर्ण होता है। अजीत यादव, मनीष, संदीप यादव, प्रवीण कुमार प्रदीप कुमार, तोबू यादव, नीरज कौशिक, विकास, विक्की कमेटी के सदस्य तथा गणमान्य व्यक्ति मौके पर मौजूद रहे।

# ग्रामीण स्तर पर प्राकृतिक संसाधनों का होगा ब्योरा तैयार

### हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड की तकनीकी टीम गांव-गांव जाकर करेगी जैविक संसाधनों की इन्वेंट्री तैयार

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**हरियाणा** राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में प्राकृतिक वनस्पतियों व संसाधनों का ब्यौरा तैयार किया जाएगा, ताकि इस बहुमूल्य सम्पदा को संरक्षित किया जा सके। हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड की तकनीकी टीम ग्रामीणों के सहयोग से वहां पर उपलब्ध वनस्पतियों का ब्योरा लेकर इंवेंट्री तैयार करेगी। वे मंगलवार को हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड पंचकूला द्वारा गुरुग्राम स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित बायोडायवर्सिटी मेंबर कमेटी के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण


गुरुग्राम में मंगलवार को बायोडायवर्सिटी मेंबर कमेटी के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण व पीपुल बायोडायवर्सिटी रजिस्टर की गुणवत्ता संवर्धन एवं जागरुकता शिविर में बोलते हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के सदस्य सचिव घनश्याम शुक्ला।

व पीपुल बायोडायवर्सिटी रजिस्टर की गुणवत्ता संवर्धन एवं जागरुकता शिविर को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

बोर्ड के सदस्य सचिव घनश्याम शुक्ला ने कहा कि जैव-संसाधनों के संरक्षण व स्थायी उपयोग के बारे में जागरुक करने के उद्देश्य से प्रदेश में ग्राम स्तर पर जैविक संसाधनों की इंवेंट्री तैयार की जा रही है, जिसमें संबधित गांव के क्षेत्र में पाए जाने वाली वनस्पतियों सहित अन्य फसलों को शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जैविक संसाधनों के रूप में हमारे आसपास मौजूद प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए उस क्षेत्र के स्थानीय लोगों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रत्येक गांव में तकनीकी टीम भेजकर उस गांव से सम्बंधित संसाधनों का एक रजिस्टर तैयार किया जा रहा है, ताकि उन धराहोरों को सहेजने के साथ साथ समय आने पर मानव सेवा में उनका सही उपयोग किया जा सके।

श्री शुक्ला ने हिंदी साहित्य के लेखक डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा लिखित एक कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि हर विसंगति के बावजूद यह प्रकृति हमें मंगलमय दिशा में ले जाने के लिए कृत संकल्प है। ऐसे में हमे भी प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चलना होगा, तभी हम हमारी आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व को बचा पाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस दिन हम सभी प्रकृति के साथ संतुलन साध लेंगे, उस दिन जैविक संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से किए गए हमारे प्रयास स्वतः ही सफल हो जाएंगे। श्री शुक्ला ने कहा कि हमें प्रकृति की याद तभी आती है, जब मानव जाति के सभी प्रयास असफल हो जाएं, जिसका कोविड महामारी सबसे सटीक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह कोरोना ही था, जिसने हमें प्राकृतिक संसाधनों के महत्व के बारे में जागरूक करने के साथ ही उन्हें संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया।

# 2024 चुनाव से पहले प्रदेश के एक तिहाई परिवारों को बनाएं भाजपा परिवार : धनखड़

### संगठनात्मक बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को दिया लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने गुरुग्राम में पार्टी की संगठनात्मक बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को 2024 चुनाव से पहले प्रदेश के एक तिहाई परिवारों को भाजपा परिवार में शामिल करने का लक्ष्य दिया है। ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि भाजपा संगठनात्मक रूप से मजबूत पार्टी है, लेकिन पार्टी से जुड़े हरेक कार्यकर्ता को इसे और मजबूत बनाने का प्रयास करते रहना चाहिए। यह बात उन्होंने मंगलवार को यहां प्रदेश कार्यालय में कही।

वे यहां गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, झज्जर और नूंह जिलों के अध्यक्ष, प्रभारी, मंडल पालक, मंडल प्रभारी और मंडल अध्यक्षों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि अब हम सबका लक्ष्य 2024 चुनाव से पहले प्रदेश की एक तिहाई आबादी को



गुरुग्राम स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पांच जिलों की संगठनात्मक बैठक लेते प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, केंद्रीय संसदीय बोर्ड सदस्य सुधा यादव, संगठन मंत्री रविन्द्र राजू।

भाजपा परिवार में शामिल करने का होना चाहिए। यहां धनखड़ ने सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को भी अपना बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन का अभिप्राय बताते हुए कहा कि मिलकर काम करना और पारिवारिक जैसा माहौल बनाना ही संगठन है। धनखड़ ने कहा कि हमें उन लाभार्थियों की सूची तैयार करनी है, जिन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कई योजनाएं ऐसी हैं जिनसे लोगों को सीधा लाभ मिला है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसे अनक योजनाएं हैं, जिनका लाभ प्रदेश में ही लाखों लोगों को मिला है। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को पार्टी की नीतियों के बारे में बताते हुए पार्टी परिवार के साथ जोड़ना भी हमारी प्राथमिकताओं में होना चाहिए। धनखड़ ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि अगर किन्हीं कारणों से पात्र व्यक्ति को अभी तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया हो तो उनका सहयोग करें और उनको हर हाल में योजनाओं का लाभ दिलाएं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन आयोजित होना है, हर बूथ पर पन्ना प्रमुख बनाने होंगे।

# आप के पूर्व जिला अध्यक्ष महेश सरपंच ने थामा भाजपा का दामन

**गुरुग्राम।** मंगलवार को गुरुग्राम में आम आदमी पार्टी से जुड़े लगभग दो दर्जन से ज्यादा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। इसमें


गुरुग्राम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होते आप के पूर्व जिला अध्यक्ष महेश यादव।

सबसे प्रमुख नाम आम आदमी पार्टी के गुरुग्राम जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष महेश सरपंच का है। उन्होंने अपने लगभग 25 साथियों सहित प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ की उपस्थिति में भाजपा में अपनी आस्था जताई। गांव चक्करपुर के पूर्व सरपंच एवं आप के पूर्व जिला अध्यक्ष महेश यादव अपने 25 साथियों के साथ गुरुकमल कार्यालय में पहुंचे। जिनमें आम आदमी पार्टी के जिला के पूर्व महासचिव मुकेश डुंडाहेड़ा, ओमकलां यादव, कमल यादव, एडवोकेट दिनेश यादव, कुणाल यादव, नीरज कुमार, अश्वनी यादव, मोहर सिंह तंवर, गोपी मोलाहेड़ा, पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष प्रदीप यादव, मुकेश, अतेंद्र नागर नाथूपुर, वेद प्रकाश इंदिरा कालोनी, रवि झाड़सा, अमित इंदिरा कालोनी, कैलाशचंद दुहारिया, देशराज यादव, डॉ. राजेश करगवाल, राजेश मित्तल, आरएस राणा, मनोज यादव, मनीष आदि ने भी भाजपा में अपनी आस्था जताई। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने सभी को बीजेपी का पटका पहनाकर उनका पार्टी स्वागत किया। विश्वास जताया कि आम आदमी पार्टी की नीतियों से नाराज होकर बीजेपी का दामन थामने वाले ये सभी साथी भविष्य में भाजपा के लिए समर्पित मन से कार्य करते हुए जनता की सेवा करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, जिला महामंत्री मनीष गाडौली, महेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी अजीत यादव आदि उपस्थित रहे।

# ट्रूकॉलर ने पहले से कहीं ज्यादा बेहतर आईफोन ऐप को लॉन्च किया

### यह नया ऐप पहले से 10 गुना बेहतर ढंग से स्पैम और बिजनेस कॉल की पहचान करने में सक्षम है

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**पूरी** दुनिया में संचार के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने मंगलवार को दुनिया भर के उपयोगकर्ताओं के लिए अपने आईफोन ऐप के नए वर्जन को लॉन्च किया। आईफोन के उपयोगकर्ताओं के लिए कॉलर आईडी और स्पैम ब्लॉकर्स जैसी सेवाएं बेहद सीमित स्तर पर उपलब्ध हैं। ग्राहकों के बीच इसके समाधान की मांग जोरों पर है, जिसे देखते हुए ट्रूकॉलर ने एक बेहतर मूसट्रैप तैयार किया है। iOS ऐप को शुरू से अंत तक नए सिरे से तैयार किया गया है, जो पहले से अधिक हल्का (छोटे आकार का ऐप), ज़्यादा कुशल (पुराने आईफोन {S पर भी तेजी से काम करता है) है। परंतु इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि नया ऐप अपने पिछले वर्जन की तुलना में 10 गुना बेहतर तरीके से स्पैम, स्कैम और बिजनेस कॉल पहचान करने में सक्षम है।

यह बदलाव एकदम नए आर्किटेक्चर के जरिए किया गया है जो iOS के एडवांस्ड बैकग्राउंड



फीचर्स का बेहद कारगर तरीके से फायदा उठा सकता है। आईफोन के लिए इस नए ट्रूकॉलर ऐप में किसी भी भौगोलिक क्षेत्र के लिए नवीनतम, सटीक और पहली बार रिंग करने वाले की कॉलर आईडी तथा स्पैम के पहचान की तकनीक को विकसित किया गया है, जिसके बैकग्राउंड में स्पैम संबंधी जानकारी अपने आप ही अपडेट होती रहती है। ऐप का पूरा डिजाइन नया है और उपयोगकर्ताओं के बेहतर अनुभव के लिए भी इसकी प्रक्रिया में सुधार किया गया है, जिसकी वजह से इस ऐप पर पहली बार ऑनबोर्डिंग में काफी कम समय लगता है तथा दैनिक आधार पर इसका बड़ी आसानी से व तेजी से उपयोग किया जा सकता है। इस अवसर पर एलन मामेडी, सह-संस्थापक एवं सीईओ, ट्रूकॉलर, ने कहा, हम उपयोगकर्ताओं को कॉल अलर्ट, कॉल रीजन और बेहद सहज तरीके से सर्च एक्सटेंशन जैसी अधिक प्रभावशाली सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एप्पल के प्लेटफॉर्म के भीतर लगातार इनोवेशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आईफोन के ज्यादातर उपयोगकर्ताओं के लिए यह अपडेट काफी समय बाद आया है, और अब हम उन्हें स्पैम और स्कैम को सबसे बेहतर ढंग से पहचानने वाली सुविधा की पेशकश कर सकते हैं, ताकि उन्हें अनचाहे कॉल को अलग करने और सिर्फ उसी कॉल का जवाब देने में मदद मिल सके जिनका वे जवाब देना चाहते हैं।

**नए ट्रूकॉलर की खास बातें**

- 10 गुना बेहतर कॉलर आईडी, स्पैम और स्कैम से 10 गुना बेहतर सुरक्षा
- नए उपयोगकर्ताओं के लिए ऑनबोर्डिंग की आसान और तेज प्रक्रिया
- नंबर की तलाश करते समय पहले से बेहतर एवं विस्तृत जानकारी की उपलब्धता
- नई प्रीमियम की खरीद के साथ तुलनात्मक रूप से बहुत सी सहज सुविधाएं
- नए सिरे से डिज़ाइन किया गया सर्च एक्सटेंशन (फोन > रिसेंट्स > शेयर कांटेक्ट)

**जल्द आने वाले अपडेट**

- SMS फिल्टरिंग, स्पैम का पता लगाने और कम्युनिटी आधारित सेवाओं में बड़े सुधार, जिसमें अनजान कॉलर्स का और भी तेजी से पता लगाने के लिए नए तरीके से डिज़ाइन किया गया नंबर लुक-अप विजेट भी शामिल है
- इस नए वर्जन को डाउनलोड करने के लिए, iOS ऐप स्टोर में ट्रूकॉलर पर जाएं।

# शौचालयों में गंदगी, खुले में जाने को मजबूर हो रहे लोग

कविता। फरीदाबाद

**बीके** सिविल अस्पताल में मरीजों का शौचालय साफ न होने की स्थिति में शौच के लिए लोगों को खुले में जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। कुछ ऐसा ही सिविल अस्पताल में आए दिन देखने को मिलता है। अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों ने बताया कि यहां शौचालय काफी गंदे हैं। शौचालयों में पानी तक नहीं है।

बीके सिविल अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के दावे किए जा रहे हैं। वहीं यहां न तो यहां मरीजों को दवाइयां मिल रही हैं और न अन्य सुविधाएं। लेकिन सबसे बड़ी समस्या अस्पताल में अब शौचालयों में भी गंदगी देखने को मिल रही है। यहां

## बीके में मौजूद अस्थाई अस्पताल के शौचालय गंदगी से मिले भरे

स्थाई इमारत से लेकर अस्थाई अस्पताल तक शौचालय गंदगी से भरे पड़े हैं। मरीजों के तीमारदारों का कहना है कि शौचालयों में सफाई न के बराबर है। अस्थाई अस्पताल में तो और बुरा हाल है। यहां पांच दिन में एक बार ही सफाई हो रही है। रात को तो वह भी नहीं होती। क्योंकि रात को यहां सफाई कर्मी नहीं होते। पायनियर संवाददाता ने जब मरीजों और तीमारदारों से बात की तो अस्पताल की सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई। पेश है मरीजों व तीमारदारों से बातचीत के कुछ अंश और तस्वीरें।






**मरीज का कथन :** बल्लभगढ़ निवासी सुरमान सिंह ने बताया कि उसके शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी थी। जिस कारण चार दिन पहले वह यहां भर्ती हुए थे। उसे यहां रक्त चढ़ाया गया है। पीने के पानी की व्यवस्था तो यहां ठीक है, लेकिन शौचालयों में व्यवस्था ठीक नहीं है, गंदगी भरी है और शौचालयों में पानी भी नहीं आता है।





**जाना पड़ा बाहर :** हसनपुर निवासी माधेयी ने बताया कि वह यहां फिरोजपुर कलां गांव निवासी नाती राजीव कई दिनों से भर्ती है। बुजुर्ग माधेयी ने बताया कि अस्पताल में अपने नाती को देखने आई हैं। जब उन्होंने शौचालय का इस्तेमाल करना चाहा तो अंदर जाते ही हालत देखकर उल्टी आनी शुरू हो गई। जिस पर उन्हें दिक्कत होने लगी तो उन्होंने खुले में शौच के लिए जाना ही बेहतर समझा।



**पांच में दो दिन सफाई :** अनंगपुर निवासी फूला ने बताया कि उनका पति अमन दस्त के कारण यहां पांच दिनों से भर्ती है। उन्होंने बताया कि बार-बार पति को शौचालय जाना पड़ता है, लेकिन यहां गंदगी है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच दिनों में मात्र दो दिन ही सफाई हुई है। सोमवार रात से मंगलवार दोपहर बाद तक शौचालय साफ नहीं हुए। सिर्फ झाड़ू लगाई गई है।

## गैस्ट टीचर्स को दिखाया फिर से घर का रास्ता

**फरीदाबाद।** फिर से सरकार ने अतिथि अध्यापकों को घर बैठा दिया है। सामान्य स्थानांतरण प्रक्रिया से अतिथि अध्यापकों के खिलाफ नियमित को स्टेशन दे दिया और विद्यालयों से अतिथि अध्यापकों को फिर से रिलिव कर घर बैठ दिया। जिले के स्कूलों में लगे अतिथि अध्यापकों को नियमित करने के लिए हरियाणा अतिथि सेवा सुक्षा एक्ट-2019 को बनाया था कि अतिथि अध्यापकों को अब 58 साल की सेवा तक कोई भी नियमित अध्यापक प्रभावित नहीं कर सकते। लेकिन फरीदाबाद के हैडमास्टर, प्रिंसिपल अतिथि अध्यापकों को रिलिव कर रहे हैं। रिलीव अतिथि अध्यापकों को लेकर अतिथि अध्यापक संघ के जिला प्रधान रघु वत्स जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश चौधरी से मिले और अतिथि अध्यापकों को रिलिव न करने का आग्रह किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों संग सुरेन्द्र बबली ने दी महाराज को जन्मदिन की शुभकामनाएं



महाराज को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते सुरेन्द्र बबली अपने बच्चों संग।

**फरीदाबाद।** परमहसी गंगा श्रीधाम झोतेश्वर जिला नरसिंहपुर मध्य प्रदेश 100वीं साल में लग गए हैं। जिस पर जगदगुरु ज्योतिष व द्वारका पीठाधीश्वर अनंत विभूषित भगवान शंकराचार्य श्रद्धेय स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली ने मध्यप्रदेश पहुंचकर अपने बच्चों के संग दी। उन्होंने कहा कि परमपूज्यनीय एक शताब्दी से सनातन धर्म संस्कृति के ध्वज को फहराए हुए हैं। उन्होंने महाराज को कहा कि आपकी असीम कृपा सभी पर बनी रहे। धन्य विश्व के जीव आपका सानिध्य पाकर आप सदैव स्वस्थ रहे व दीर्घायु हों सनातन धर्म की जय हो। मौके पर परम परासर और कुनाल पारासर, मोहित मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### नशा करने से मना किया तो चलवा दी कंपनी मालिक पर गोली



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी की टीम ने पाली में स्थित भाखड़ी इंडस्ट्रीयल कम्पनी के मालिक की जान लेने की नियत से अवैध हथियार से गोली चलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नितिन दिल्ली ओम विहार का रहने वाला है। आरोपी पिछले छह साल से भाखड़ी इंडस्ट्रीयल कम्पनी में काम करता है। आरोपी कम्पनी में ही रहता था। आरोपी गांजे का नशा करता है। आरोपी को नशा करते हुए कम्पनी के मालिक ने देख लिया। जिसके मना करने पर भी नहीं माना तो कम्पनी मालिक ने आरोपी को धमका दिया। आरोपी ने कम्पनी मालिक से खर्चे के लिए 5000 रुपये मांगे। जिसने देने से मना कर दिया। आरोपी ने अपने साथी को मालिक को धमकाने के लिए बुलाया। दोनों आरोपियों ने मिलकर 13 जुलाई को कम्पनी मालिक पर जान लेने की नीयत से गोली चला दी और मौके से फरार हो गए। कम्पनी मालिक की शिकायात पर दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना डबुआ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरु कर दी। क्राइम ब्रांच टीम ने कम्पनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करके आरोपी नितिन को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से वैली पार्क सूरजकुंड एरिया से गिरफ्तर किया है। आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। आरोपी ने अपने साथी का नाम बताया। जिसकी तलाश जारी है। जिसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### नि:शुल्क लगाया हेपेटाइटिस से बचाव का टीका



**फरीदाबाद।** सेक्टर-27 स्थित पीएम प्रो0 एक्सपोर्ट्स कंपनी की तरफ से एआईसीडब्ल्यूईटीई (ऑल इंडिया कॉन्फेडरेशन फॉर वूमन इंम्पावरमेंट थॉट एजुकेशन) के तत्वावधान में विश्व हेपेटाइटिस दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को फ्री टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। कंपनी की एचआर अधिकारी नीरा धवन ने बताया कि संतोष नगर आयोजित टीकाकरण शिविर में 200 से अधिक लोगों ने टीका लगवाया। बताया कि हेपेटाइटिस से बचाव के लिए यह सेकेंड डोज का शिविर आयोजित किया गया। इससे पहले 28 जुलाई को पहला डोज शिविर आयोजित किया था। शिविर में आसपास की कॉलोनीवासी और कंपनियों में काम करने वाले कर्मियों एवं गरीब वर्ग के लोगों को फ्री टीका लगाया गया। एचआर अधिकारी नीरा धवन ने बताया कि हेपेटाइटिस लीवर से जुड़ी एक बीमारी है। जिसमें लीवर में सूजन आ जाती है और इसके कारण कोशिकाओं को नुकसान पहुंचता है। इसलिए कंपनी की तरफ से समय-समय पर इस प्रकार शिविर लगाकर टीकाकरण किया जाता है।

### उपायुक्त ने किया लघु सचिवालय का औचक निरीक्षण



**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम ने मंगलवार सुबह 9.30 बजे लघु सचिवालय के सभी कार्यालयों को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यालयों में जाकर कर्मचारियों की उपस्थिति चेक की और दिशा-निर्देश भी दिए। मंगलवार सुबह उपायुक्त ने सबसे पहले लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थिति जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय, आधार केंद्र, परिवार पहचान पत्र केंद्र, एडीए कार्यालय, प्रथम तल स्थित उपायुक्त कार्यालय, डीडीपीओ कार्यालय सहित अन्य सभी कार्यालयों में पहुंचकर जानकारी ली। यहां उन्होंने देखा कि किस तल पर कौन सा कार्यालय मौजूद है। यहां उन्होंने सभी सीटों पर मौजूद कर्मचारियों से उनके कामकाज के बारे में जानकारी भी। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि लघु सचिवालय में इंट्री के साथ ही कौन सा कार्यालय किस तल पर है इसका सूचना बोर्ड लगाया जाए। उपायुक्त ने कर्मचारियों को निर्देश दिए वह समय से कार्यालय पहुंचे और आमजन से जुड़े हुए सभी कार्यों को समय से निपटाएं। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों की सीटों के पास उनके नाम व पद की जानकारी अवश्य अंकित हो ताकि बाहर से आने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो। इस दौरान उनके साथ नगराधीश नसीब कुमार भी मौजूद थे।

# एनडीए और एनएसीडीएस परीक्षाएं निष्पक्ष करवाने को प्रशासन ने बनाई रणनीति

## डीसी ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्राजिंट आफिसर व लोकल इंसपैक्टिंग आफिसर्स को दिए सफल संचालन के टिप्स



उपायुक्त विक्रम यूपीएससी की परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**यूपीएससी** द्वारा आयोजित एनडीए व एनएसीडीएस परीक्षाओं के सफल संचालन को लेकर जिला कंट्रोलर एवं उपायुक्त विक्रम ने कहा कि चार सितम्बर, रविवार को होने वाली परीक्षाओं में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। परीक्षा केंद्रों में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अन्दर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रों के अन्दर जाने पर यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है।

डीसी विक्रम मंगलवार को सेक्टर-12 के कंवैंशन हाल में फरीदाबाद में होने वाली यूपीएससी द्वारा आयोजित आयोजित एनडीए व एनएसीडीएस की परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए परीक्षा केंद्रों और अन्य ड्यूटी करने वाले अधिकारियों को टिप्स दे रहे थे। उन्होंने कहा कि यूपीएससी द्वारा आयोजित एनडीए व एनएसीडीएस लिखित परीक्षाओं के लिए 04 सितम्बर को 39 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

उपायुक्त विक्रम ने इस संबंध में ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांसिट अफसर और लोकल इंसपैक्टिग आफिसर्स को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षाओं के आयोजन संबंधी सभी प्रबंधो के लिए सभी अधिकारी अपने कार्य दायित्व से जुड़े दायित्वों के बारे में यूपीएससी की हिदायतों के अनुसार पूरी तरह जानकारी हासिल कर लें। उन्होंने सभी अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे भी अपने दायित्व के बारे में जानकारी हासिल कर व व्यवस्थित रूप से परीक्षाओं की योजना बनाकर उसके सही क्रियान्वयन करने के बारे में निर्देश दिए।

एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल ने ट्रांजिट आफिसर को सेंसिटिव मटेरियल लाने व ले जाने की यूपीएससी हिदायतों की पूर्ण जानकारी लेने को भी कहा। उन्होंने परीक्षाओं से सम्बंधित अधिकारियों से अपने वाहन चालक को निर्देश देने के बारे में कहा कि वे अपने वाहन चालकों को निर्देश दें कि 04 सितम्बर को उनके वाहन पूरी तरह वर्किंग कंडीशन में हो ताकि किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि वाहन चालक पुलिस विभाग द्वारा निर्धारित रूट पर ही गाड़ी चलाएं। उन्होंने ट्रांजिट आफिसर को सेंसेटिव मेटेरियल लाने व ले जाने के लिए 04 सितम्बर? को लाने वाले जाने के लिए प्रात: 7 बजे जिला खजाना कार्यालय फरीदाबाद में पहुंचने तथा अपने साथ विभाग के एक कर्मचारी की मदद के साथ अपने दायित्व को पूरा करने के बारे में भी आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों की पालना करना सभी अधिकारियों का नैतिक दायित्व है, और इस संबंध में किसी प्रकार की कोई कोताही न बरतें क्योंकि ऐसा करने वाले व दोषी पाए जाने वाला व्यक्ति इसके लिए खुद जिम्मेदार होगा। सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार उसके खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। परीक्षा केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं, बिजली, पंखे, जैमर, पेयजल, शौचालय और साफ-सफाई सहित अन्य उचित व्यवस्था के प्रबंध के बारे में भी अधिकारी ध्यान रखें और सुरक्षा के दृष्टिगत ऐसी कोई परीक्षा सहयोगी सामग्री जो आपत्तिजनक है। उसको केंद्र में अंदर जाने ना दें।

यूपीएससी की हिदायतों के अनुसार डॉ. एमपी सिंह ने परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए यूपीएससी की हिदायतों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी अधिकारियों को दी। बैठक में एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, सीटीएम नसीब कुमार, सचिव आरटीए जितेन्द्र गहलोत, एसीओ एमसीएफ इंदरजीत कुल्हड़िया, एसीपी महेन्द्र वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर मुनेष चौधरी, प्रदूषण बोर्ड की जिला अधिकारी स्मिता कंडोलिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# खूनी फाटक पर कब तक मरते रहेंगे लोग : भड़ाना



वार्ड नम्बर 23 में दो दिन से भूख हड़ताल पर बैठे हंस राज दयाम को जूस पिला कर हड़ताल खत्म करवाते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दो दिन** से भूख हड़ताल पर बैठे हसंराज दायमा की हड़ताल आखिरकार समाप्त हो गई। सोमवार को आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने जिला प्रवक्ता हसंराज दायमा को जूस पिलाकर हड़ताल को खत्म कराया।


मौके पर उनके साथ भीम यादव, राकेश भड़ाना, कृष्ण कागंड़ा, चचंल तवंर, परमजीत कौर, सलमा खान, मजुं गुप्ता, सुरेन्द्र यादव, नरेश शर्मा, राम गौर, संदीप राव, सुभाष बघेल, सुनील त्यागी, गिरिराज खटाना, महक चंद, जोनी, दीपान्शु शर्मा, सतेंद्र ठाकुर, डॉ. राहुल, उपाध्य फौजी, खेम चंद कश्यप, गायत्री, उस्मान, हनीप, शेर मोहम्मद, हरि ओम, बाबू लाल, शोभा रानी, हितेश पालटा, सन्नी, आकाश, अजय खटाना एवं आदी मौजूद रहे। धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि स्थानीय विधायक ने 2014 में यह वादे किये थे, कि अगर भारतीय जनता पार्टी हरियाणा में सरकार बनाती है तो लक्कड़पूर फाटक पर लोगों की सुविधा के लिए अंडरपास या फिर पुल बनाएंगे। लेकिन भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद भी, उन्होंने कोई वादा पूरा नहीं किया और इसी कारण फाटक पर हर रोज दुर्घटनाए होती हैं और हर महीने हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं। सरकार की वादाखिलाफी एवं लोगों की असुविधा को लेकर हसंराज दायमा दो दिन की भूख हड़ताल पर बैठे थे। भड़ाना ने कहा कि यहां से लाखों लोग प्रतिदिन निकलते हैं, मगर सरकार, स्थानीय विधायक एवं पार्षद को लोगों की कोई चिंता नहीं है। मौके पर लक्कड़पुर के सभी स्थानीय निवासियों ने हसंराज दायमा को आशीर्वाद दिया और नारे लगाए कि 'दायमा आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ हैं'।

# परीक्षित साहनी के जीवन पर आधारित किताब का विमोचन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**साइमन** एंड शूस्टर इंडिया ने दिग्गज अभिनेता परीक्षित साहनी द्वारा लिखित किताब 'स्ट्रेंज एन्काउंटर्स' का विमोचन समारोह आयोजित किया, जहां मशहूर अभिनेता अनुपम खेर और अभिनेत्री दीप्ति नवल ने इस किताब का विमोचन किया।

अभिनेता और लेखक परीक्षित साहनी ने जानकारी साझा करते हुए कहा, 'यह किताब निबंधों, संस्मरणों और समीक्षाओं का मिश्रण है और इसके साथ ही इसमें ऐसी चुनिंदा घटनाओं का वर्णन है जिन्होंने मेरे जीवन के सफर के दौरान अपनी एक अलग छाप छोड़ी है। रूस में एक फिल्म छात्र के तौर पर बिताए दिनों से लेकर, भारत में बसने और बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने तक की मेरी यादें इसमें शामिल हैं और मेरे चिंतनशील क्षणों के दौरान जैसे जैसे वो यादें सामने आती रहीं उन्हें इस किताब में लिखा गया है।' इस किताब से लोग अपने जीवन में अनुभव किए गए स्ट्रेंजर काउंटर्स को जरूर याद करेंगे। अनुपम खेर ने कहा मुझे स्ट्रेंज एनकाउंटर्स शीर्षक पसंद आया, क्योंकि हर कोई, अपने जीवन के किसी मोड़ पर, कुछ उल्लेखनीय अनुभव करता है। मेरा



मानना है कि आपकी असफलताएं आपकी सबसे अच्छी कहानियां बन जाती हैं। स्ट्रेंज एनकाउंटर्स किताब से मेरे साथ बलराज साहनी कि यादें भी मेरी आंखों के सामने आ गई हैं।

स्ट्रेंज एनकाउंटर्स नामक यह किताब रूस, भारत और बॉलीवुड में परीक्षित साहनी के अनुभवों से प्रेरित निबंधों और कहानियों पर आधारित है। जहां एक ओर द नॉनकॉन्फर्मिस्ट किताब उनके पिता बलराज साहनी की जीवनी से संबंधित थी, वहीं स्ट्रेंज एन्काउंटर्स उनके हमेशा बदलने वाले जीवन का एक अध्ययन है। यह परीक्षित साहनी के यात्रा-वर्णन, उनके जीवन की अमिट छाप और बेहतरीन अनुभवों का एक संग्रह है जो उन्होंने अपने भ्रमणशील जीवन के दौरान महान संगीतकार चैस्की की धुनों पर मॉस्को की सुनहरे वसंत ऋतु में बिताए लम्हों, मुंबई लौटने, बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने और शोहरत हासिल करने के दौरान प्राप्त किया है।

परीक्षित साहनी ने अपने जीवन की उन कहानियों का वर्णन किया है जो कभी आपको हंसते हुए लोटपोट कर देती हैं तो कभी भयंकर डर का अनुभव कराती हैं। कभी वो फिल्म के सेट पर अपने थानाटोफोबिया यानि मृत्यु भय रोग से और एक अनियोजित अमरनाथ यात्रा के दौरान उनके नास्तिकवाद का सामना करते हैं, तो भी स्क्रीनराइटर दोस्तों के साथ शराब पीने पर सीख देते हैं और कभी आज के कश्मीर में संस्कृति को लेकर चल रहे युद्ध पर अत्यंत गहरी बात कह जाते हैं। वे इस किताब में जहां एक ओर रूस में उनके प्यार, रोमांच की और इससे जुड़ी प्यार में खाए धोखे की यादें साझा करते हैं तो वहीं दूसरी ओर एक शरणार्थी की नजरों से पाकिस्तान पर एक अध्ययन, विविधताओं से भरे लोगों की भूमि के तौर पर भारत का इतिहास का वर्णन और आज के राजनीतिक हालात पर भी अपना पक्ष सामने रखते हैं।

# केएसबी ने 26.5 फीसदी बिक्री वृद्धि दर्ज की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** में अग्रणी पंप और वाल्व के निर्माता में से एक केएसबी लिमिटेड ने अपनी अर्द्ध वार्षिक बिक्री में (जनवरी से जून 2022) में 2021 (जनवरी से जून ) की तुलना में 8661 मिलियन रुपये की बिक्री मूल्य के साथ 26.5 फीसदी की वृद्धि दर अर्जित की।

एक अनुभवी पंप निर्माता के रूप में, इसके प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में इंडस्ट्रीयल टेक्नोलॉजी, वाटर ट्रांसपोर्ट, वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट, पावर प्लांट प्रोसेस, कृषि एप्लीकेशन, घरेलु एप्लीकेशन शामिल हैं। इनोवेटिव रिसर्च एंड डेवलपमेंट के कारण, केएसबी ग्राहकों की सबसे विविध आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है। यह इनका पंप निर्माता के रूप में कई वर्षों के अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता का लाभ है। दूसरी तिमाही में 4,484 मिलियन रुपये की बिक्री मूल्य हासिल किया गया है। दूसरी तिमाही में बिक्री पर रिटर्न 13.6 फीसदी है। 2021 की पहली छमाही की तुलना में बिक्री में 26.5 फीसदी की वृद्धि हुई। 2021 की पहली छमाही की तुलना में प्रॉफिट बिफोर टैक्स में 22.8 फीसदी की वृद्धि हुई है।

बिजनेस हाइलाइट्स पर टिप्पणी करते हुए, सेल्स एंड मार्केटिंग के डायरेक्टर फारुख भथेना ने कहा, इस तिमाही में पेट्रोकेमिकल सेगमेंट से महत्वपूर्ण ऑर्डर इनफ्लो था। हमें बीएचईएल से फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन के लिए आवश्यक पंपों की उल्लेखनीय ऑर्डर प्राप्त हुए हैं और

## केएसबी ग्राहकों की सबसे विविध आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है

घरेलू और निर्यात के लिए बीबी3 पंपों के लिए भी ऑर्डर मिले हैं। जुलाई, 2022 में हमें एनपीसीआईएल से कैगा 5 और 6 के लिए 8 प्राथमिक कूलेंट पंपों के साथ-साथ इलेक्ट्रिक मोटर्स और पुर्जों के लिए लगभग 5000 मिलियन रुपये का ऑर्डर प्राप्त हुआ है। यह एनपीसीआईएल द्वारा 2018 में हमे दिए गए डेवलपमेंट ऑर्डर का फॉलो अप ऑर्डर है। यह ऑर्डर केएसबी में एनपीसीआईएल के विश्वास को आश्वस्त करता है। इस तिमाही में ओवरऑल सेल 2021 के इसी तिमाही की तुलना में 48 फीसदी अधिक है।

**प्रमुख विशेषताएं**- एनपीसीआईएल से 8 प्राथमिक कूलेंट पंप (आरएसआर400/2 कैगा 5 और 6 के लिए) के साथ-साथ इलेक्ट्रिक मोटर्स और पुर्जों के लिए लगभग 500 करोड़ रुपये का ऑर्डर प्राप्त हुआ है। पेट्रोकेमिकल्स से 200 करोड़ रुपये का अच्छा ऑर्डर इंटेक। भेल से 22 करोड़ रुपये का एफजीडी ऑर्डर प्राप्त हुआ। घरेलू बाजार और निर्यात दोनों के लिए बीबी3 ऑर्डर में सफलता। मैकेनिकल सील व्यवसाय में अच्छी वृद्धि। शिरवाल में न्यूक्लियर मैकेनिकल सील टेस्ट-बेड चालू किया गया और चिंचवाड़ में रिपेयर यूनिट का उद्घाटन किया गया।

# गणपति मोरया के जयघोष से गणेश चतुर्थी पर्व शुरू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कोरोना** के कारण दो वर्षों से गणेश चतुर्थी पर्व फीका रहा था, लेकिन अब जब कोरोना के मरीज घट गए हैं और सभी पाबंदी हट गई हैं। ऐसे में एक बार फिर शहर में गणेश पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। आज से शुरू हो रहे इस पर्व को लोग धूमधाम से मनाने को तैयार हो गए हैं। इसे देखते हुए देर शाम को गणेश भगवान की मूर्तियां खरीदने लोग बाजारों में पहुंच गए। वहीं सेक्टर-16 स्थित फरीदाबाद कालीबाड़ी में भगवान गणेश की मूर्ति को अंतिम रूप दिया गया।

जानकारी के मुताबिक गणेश चतुर्थी पर्व बुद्धि और ज्ञान के देवता भगवान गणेश की पूजा का यह सबसे बड़ा दिन माना जाता है। ऐसे में इसे लेकर तैयारी भी भव्य चल रही है। पहले सिर्फ मराठी परिवार ही यह



एनएच चार-पांच चौक के निकट सजी गणेश प्रतिमाएं।




कालीबाड़ी मंदिर में गणेश प्रतिमा को अंतिम रूप देता कारीगर।

उत्सव मनाते थे। अब शहर के हर घर में बप्पा स्थापित किए जाते हैं। लेकिन दो साल पहले गृहमंत्री के आदेशों से गणेश उत्सव की तैयारियां कोरोना के कारण फीकी पड़ गई थीं। उस दौरान मंदिरों में उनका पूजन तो हुआ, लेकिन भक्त लॉकडाउन के कारण उनके दर्शन नहीं कर पाये थे। इस बार भक्त दर्शन भी कर पाऐंगे और उनका विसर्जन भी इस बार धूमधाम से होगा। वहीं इस मौके पर कुछ स्थानों पर तो मंगलवार को ही मूर्ति स्थापित कर दी गईं, तो वहीं ज्यादातर मंदिरों, पंडालों और घरों में आज गणपति बप्पा की स्थापना की जाएगी।

**जमकर खरीदी मूर्तियां :** गणेश चतुर्थी पर शहर में अधिकतर मूर्तियां ईको फ्रेंडली होती हैं। लोग भी इको फ्रेंडली बप्पा को ही घर लाने की तैयारी कर रहे हैं। मार्केट में मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं की पीओपी से बनी प्रतिमाओं की तुलना में अधिक डिमांड है। लोगों ने इस बार जमकर मूर्तियों की खरीदारी की। इस बार गणेश उत्सव पर लोग बप्पा की भक्ति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे।

**बढ़ गई कीमत :** मार्केट में मूर्तियों के रेट 200 से 25 हजार रुपये के बीच हैं। शिल्पी भी पर्यावरण को ध्यान में रखकर मूर्ति को आकार देकर उन्हें प्राकृतिक रंगों से सजा रहे हैं। मूर्तिकार ने बताया कि पिछले साल की अपेक्षा इस साल भी करीब 20 से 25 प्रतिशत तक सामान की कीमतें बढ़ी हैं, इससे मिट्टी की बनी प्रतिमाओं में लगने वाली सामग्री मिट्टी, गोंद, कपास, लुग्दी, घास, लकड़ी, रंग की लागत अधिक आने से प्रतिमा कुछ अधिक कीमत में बेची जा रही है।

# ट्रैफिक पुलिस ने बारिश के दौरान सम्भाली व्यवस्था

## बारिश से हुए जलभराव को वाटर पंप से निकाला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** की यातायात पुलिस ने जलभराव की समस्या से निपटने के लिए बहुत ही सराहनीय कदम उठाया है। जिसके चलते मंगलवार को भारी बारिश के बावजूद हाईवे अंडरपास में जलभराव नहीं हुआ और ट्रैफिक भी सुचारू रूप से चलता रहा। इसमें ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात ट्रैफिक एसएचओ दर्पण, सभी टीआई तथा सहित सभी ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का अहम योगदान रहा जिन्होंने पुलिस आयुक्त के प्रयास को सफल बनाया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मानसून में होने वाली बारिश के चलते फरीदाबाद पुलिस ने



बरसात में ट्रैफिक चालते पुलिस अधिकारी।



अजरौदा चौक पर भरे बरसत के पानी को निकलवाते पुलिस अधिकारी।

ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं और नागरिकों को इस बारिश के मौसम में ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए अपनी कमर कस ली है। पुलिस आयुक्त ने बारिश के मौसम में होने वाली ट्रैफिक तथा जलभराव की समस्या का पहले से ही विश्लेषण करके यातायात पुलिस को इसके उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए थे जिसके तहत कार्य करते हुए फरीदाबाद की पूरी ट्रैफिक पुलिस ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। बीती रात हुई बारिश से रोड पर पानी भरा हुआ है। जो आज दिन में भी भारी बारिश के कारण लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही थी। यातायात को बारिश के समय भी सुचारु रूप से चलाने के लिए पुलिसकर्मी रोड पर डटे रहे। यातायात पुलिस ने अजरौंदा चौक से टैंकर से पानी निकल वाया। तथा वाटा पुल पर रोड के गड्ढे भराए। पुलिसकर्मीयों ने भीगी हुई वर्दी और जूतों के अंदर ही ट्रैफिक व्यवस्था को संभालते रहे। पुलिसकर्मी प्रकृति के किसी भी आपदा में पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए सदैव तैयार खड़ी है। अक्सर देखने को मिलता है कि थोड़ी सी बारिश होने के बावजूद शहर में जगह जगह पर जलभराव हो जाता है। जिसकी वजह से गाड़ियां अपनी सामान्य गति से नहीं चल पाती और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बरसात के मौसम में सड़कों पर गड्ढे हो जाते हैं परंतु उनमें जलभराव के कारण वाहन चालकों को गड्ढे दिखाई नहीं पड़ते और उनकी गाड़ी उस गड्ढे में टकराने की वजह से क्षतिग्रस्त हो जाती है।

# भ्रष्टाचार पर लगाम

## प्रशासनिक सुधार जरूरी

**प्रशासनिक** सुधार समय की आवश्यकता है क्योंकि इससे ही 'भ्रष्टाचार के टावर' बनने से रोकना संभव होगा। उत्तर प्रदेश के नोयडा में सुपरटेक ट्विन टावर्स का ध्वस्तीकरण एक दशक लंबी कानूनी लड़ाई का नतीजा है जिसे बहादुरी से सुपरटेक इमरल्ड कोर्ट हाउसिंग सोसाइटी निवासियों ने लड़ा। रविवार को हुआ ध्वस्तीकरण एक राष्ट्रीय परिघटना है क्योंकि इसमें हमारी पसंद के सभी तत्व हैं। इनमें इमरल्ड कोर्ट निवासियों के रूप में डेविड तथा बड़े व बुरे कालोनाइजर के रूप में गोलियथ के बीच लड़ाई है। लोगों की दृढ़ता व उत्साह ने बिल्डर-राजनेता-नौकरशाही का घृणित गठजोड़ तोड़ा है। इसमें न्यायपालिका निश्चित रूप से गठजोड़ के खिलाफ तथा जनता के पक्ष में थी जिसके चलते ये टावर ताश के महल की तरह ढह गए। हमारे देश में सर्वोच्च राजनेताओं से लेकर मीडिया व आम आदमी तक अच्छे दृश्य को पसंद करते हैं। लेकिन यदि असली मुद्दा इस दृश्य तथा विमर्श में पीछे छूट जाए तो यह एक विडंबना होगी। यह रियलिटी बिजनेस और वास्तव में पूरी शहरीकरण प्रक्रिया में शामिल भ्रष्टाचार है। आमतौर से विश्वास किया जाता है कि पास-पड़ोस के आकाश पर वर्चस्व स्थापित करने वाले टावर्स का ध्वस्तीकरण बिल्डरों व अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देगा कि वे चाहे जितने प्रभावशाली व शक्तिशाली हों, उनकी कार्रवाइयों के नतीजे सामने आएंगे। यह वैसे तो आश्वस्त करने वाला विश्वास है जो यथार्थ से जुड़ा है, लेकिन इससे समस्या की गंभीरता हमारी नजरों से ओझल नहीं होनी चाहिए। इस ध्वस्तीकरण को न्याय व औचित्य के लिए जनता के संघर्ष की समाप्ति के बजाय शुरुआत के रूप में देखा जाना चाहिए।

जिस प्रकार एक चिड़िया के आने से वसंत का संकेत नहीं मिलता है, उसकी



प्रकार एक विजय से गठजोड़ नहीं टूटता है। समस्या के केन्द्र में रियलिटी बिजनेस की प्रकृति तथा उसकी गत्यात्मकतायें शामिल हैं। इसमें अनेक स्तरों पर अधिकारियों से अधिकाधिक संपर्क भी शामिल है जो पंचायतों से लेकर राज्य सरकारों तक फैले हैं। इन स्तरों पर प्रशासनिक सुधारों की अत्यधिक आवश्यकता है, पर दुर्भाग्य से वे गायब हैं। शायद राजनेता भी ऐसे सुधारों में दिलचस्पी नहीं लेते हैं। क्या उनमें से किसी को दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग की याद है जिसके अध्यक्ष कांग्रेस नेता एम.वीरप्पा मोईली थे? इसने 15 रिपोर्टें तैयार की थीं जिनमें से अंतिम अप्रैल, 2009 में आई थी। इसके बाद से किसी ने प्रशासनिक सुधारों या इस दृष्टिकोण से पुलिस व न्यायिक सुधारों की बात नहीं सुनी है। हमारे राजनेता यह सच्चाई स्वीकारने को तैयार नहीं हैं कि समुचित प्रशासनिक सुधारों के बिना उनके सभी वादे व कार्यक्रम निष्प्रभावी हो सकते हैं। इससे राजनेताओं का संकुचित दृष्टिकोण सामने आता है क्योंकि सरकार या विपक्ष को प्रशासनिक, न्यायिक व पुलिस सुधारों की आवश्यकता नहीं है और प्रतीकवाद व भावनात्मक मुद्दों से प्रसन्न हैं। स्वतंत्रता के समय हमें ब्रिटिश राज से विरासत में मिला इंजन खराब था, पर उसकी मरम्मत करने के बजाय राजनेताओं ने उस पर अनेक अन्य दायित्वों का बोझ लाद दिया है जिनमें कल्याणकारी उपाय भी शामिल हैं। इसका नतीजा भारत में वर्तमान समय में व्याप्त अफरातफरी है। समय की आवश्यकता है कि पूरे राजनेता वर्ग की ओर से ऐसे अनेक प्रशासनिक सुधारों की गंभीर पहल की जाए जिससे ढांचागत परिवर्तन सुनिश्चित हो सकें। ऐसा होने पर ही भ्रष्टाचार के और टावरों का निर्माण रुकेगा।

# कार्पोरेट क्षेत्र की देश के प्रति जिम्मेदारी

रिकार्ड कार्पोरेट मुनाफों तथा डिविडेंट भुगतानों से संकेत मिलता है कि वे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)



उद्योग और बिजनेस, यानी बड़े देशी व विदेशी स्वामित्व वाले निगम चाहते हैं कि सरकार ऐसी नीतियां बनाए व राजकोषीय कदम उठाए जिनसे भारतीय अर्थव्यवस्था में मांग बढ़े ताकि इसकी 'तेजी से व लगातार' वृद्धि सुनिश्चित हो सके। लेकिन ऐसे में यह सवाल पूछना भी जरूरी है कि वे स्वयं इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में क्या कर रहे हैं?

बीएसई 500 इंडेक्स में शामिल भारत की सबसे बड़ी कंपनियों की पिछले पांच साल की वित्तीय स्थिति के विश्लेषण से पता चलता है कि उनका ध्यान राजस्व, मुनाफों तथा डिविडेंट भुगतान पर है जो शेयरघारकों को दिया जाना वाला मुनाफे का एक मामूली हिस्सा है। इस इंडेक्स में सभी क्षेत्र तथा सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-पीएसयू भी शामिल हैं। इसके साथ ही इसमें भारतीय स्वामित्व वाले निजी क्षेत्र बिजनेसों की विदेशी सहायक कंपनियां भी शामिल हैं। इस प्रकार यह विश्लेषण व्यापक प्रवृत्तियां प्रदर्शित करता है।

इस इंडेक्स में शामिल निगमों का मुनाफा वित्त वर्ष 2017-18 में 4,80,000 करोड़ से बढ़ कर 2021-22 में 10,00,000 करोड़ से अधिक हो गया। यह वृद्धि 100 प्रतिशत से अधिक है, जबकि इसी अवधि में उनके राजस्व में केवल 47 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसका अर्थ है कि पूंजी स्वामियों या शेयरधारकों के अलावा उत्पादन के अन्य आयामों को भुगतान पर कठोरता से नियंत्रण रखा गया और यही मुनाफों में आवश्यकता से अधिक वृद्धि का कारण है। इनमें कर्मचारियों व कामगारों को भुगतान, निवेशों की खरीद व ब्याज भुगतान शामिल हैं। इन फर्मों द्वारा किया जाने वाला औसत डिविडेंट भुगतान 2017-18 में 1,76,000 करोड़ से बढ़ कर 2021-22 में 3,02,000 करोड़ हो गया जो 72 प्रतिशत वृद्धि है।

पिछले पांच सालों में हर साल उन्होंने शुद्ध मुनाफे के लगभग 30 प्रतिशत का भुगतान डिविडेंट के रूप में किया। प्राप्तकर्ताओं को मिलने वाले डिविडेंट के कर मुक्त रखने की नीति ने इस व्यवहार को बढ़ावा दिया है। सामूहिक रूप से उन्होंने मुनाफे का 34 प्रतिशत डिविडेंट के रूप में बांटा। यह अत्यधिक उच्च भुगतान अनुपात है क्योंकि दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियां भी 30 प्रतिशत का भुगतान करती हैं जिनमें अमेरिका की एसएंडपी 500 कंपनियां भी शामिल हैं। इस प्रकार जहां कंपनियों ने अपने मुनाफों का प्रगति में पुन: निवेश करने में कुछ खास नहीं किया है, वहीं पीएसयू की स्वामी होने के नाते सरकार मुनाफे का प्रयोग बड़े डिविडेंट का प्रयोग राजकोषीय घाटे का लक्ष्य प्राप्त करने में कर रही है। उसने ऐसा इस तथ्य के बावजूद किया है कि उस पर संबंधित क्षेत्रों में प्रगति के लिए निवेश पर भारी दबाव है। उदाहरणार्थ, तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम-ओएनजीसी को स्वदेशी तेल व गैस उत्पादन पर ज्यादा निवेश करना चाहिए।

कंपनियों को होने वाले मुनाफे या शेयरधारकों को भारी डिविडेंट लाखों अन्य लोगों की कीमत पर किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, बीएसई 500 इंडेक्स कंपनियों ने 2021-22 के दौरान 10,00,000 करोड़ का मुनाफा लाखों उपभोक्ताओं की खरीद शक्ति को नुकसान पहुंचा कर प्राप्त किया है। यदि इस धनराशि का 50 प्रतिशत या 5,00,000 करोड़ प्रगति के लिए किया जाता तो इससे औसत मांग में वृद्धि होती। इसी प्रकार 2021-22 में शेयरधारकों को दिए जाने वाले 3,02,000 करोड़ डिविडेंट पर गौर करें तो इसका बड़ा हिस्सा प्रमोटरों व अन्य छोटे शेयरधारकों को जाता है।

यदि उनकी जेबें भरने के बजाय इस पैसे का प्रयोग निचले स्तर के कर्मचारियों व कामगारों को उच्च वेतन देने के लिए किया जाता तो इससे मांग बढ़ने में सहायता मिलती, जबकि वर्तमान स्थिति में यह कुछ खास लोगों के पास पैसे का भंडार बढ़ाने या खास शानोशौकत वाली चीजों के प्रयोग में आता है। ये प्रवृत्तियां हर बिजनेस क्षेत्र में जारी हैं, जहां विकास के लाभ चोटी के कुछ लोगों द्वारा हड़प लिए जाते हैं, जबकि पिरामिड में सबसे नीचे वाले लोगों को बहुत कम मिल पाता है। वास्तव में यह बिजनेसों की योजना तथा उनके क्रियान्वयन में अंतर्निहित है।

इसकी शुरुआत सरकार द्वारा ऐसा नीतिगत परिवेश बनाने से होती है जिसमें निवेशकों को अपने निवेश पर आकर्षक लाभ मिलने का अवसर दिया जाता है। आमतौर से यह परिभाषित नहीं होता है कि यह आकर्षक दर क्या है, हालांकि ऊर्जा व उर्वरक जैसे क्षेत्रों में न्यूनतम लाभ की गारंटी दी जाती है। इस प्रकार कोई भी स्तर चाहे जितना ऊंचा हो वह 'आकर्षक' के दायरे में आ जाता है। कुछ बड़े बिजनेस मूल्य निर्धारण शक्ति का आनन्द उठाते हैं। उदाहरणार्थ, तांबा, जस्ता, एल्यूमीनियम जैसी धातुओं या तेल व गैस जैसे हाइड्रोकार्बन क्षेत्रों में काम करने वालो का स्वाभाविक रूप से एकाधिकार है। इसका लाभ उठा कर वे ऊंची कीमतों के माध्यम से भारी मुनाफा कमाते हैं। निजी बैंक भी मूल्य निर्धारण शक्ति को देखते हुए उनको 3-4 प्रतिशत मार्जिन पर कर्ज दे देते हैं जिससे उनका मुनाफा और बढ़ जाता है।

इसके साथ ही आईटी व आईटी-सक्षम क्षेत्र अपनी बौद्धिक शक्ति का प्रयोग कर साल दर साल ज्यादा मुनाफा कमाते हैं। रसायन, पेट्रोकेमिकल, फार्मास्यूटिकल व एग्रोकेमिकल क्षेत्रों में काम करने वाले उद्यमों को संरक्षणकारी नीतिगत परिवेश से भारी लाभ हुआ है। यहां आयातों पर अधिक टैरिफ के साथ लाइसेंसिंग व पंजीकरण मानक होते हैं। वे कंपनियां किसानों समेत लाखों उपभोक्ताओं की कीमत पर मुनाफा कमाती हैं। इन बिजनेसों के स्वामी-प्रमोटर यह सुनिश्चित करने के सारे प्रयास करते हैं कि उनका कर दायित्व न्यूनतम रहे। सरकार भी उनको ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने की इच्छा में योगदान करती है।

सितंबर, 2019 में कार्पोरेट टैक्स को 22 प्रतिशत से घटा कर 15 प्रतिशत करने को इसी दृष्टिकोण से देखा जा सकता है। इस निर्णय का परिणाम सरकारी खजाने को लगभग 1,50,000 करोड़ के घाटे तथा बिजनेसों को इतने ही मुनाफे के रूप में सामने आया, जबकि बिजनेसों द्वारा निवेश करने के मामले में इससे कोई खास लाभ नहीं हुआ। इनमें से अधिकांश पूंजी-केन्द्रित व कौशल-केन्द्रित उद्योग हैं जहां कर्मचारियों को उनके मुनाफे में बहुत मामूली हिस्सा मिलता है, जबकि देश में कामगारों की संख्या 500 मिलियन से अधिक है। दूसरी ओर श्रम बहुल टैक्सटाइल, एपरल्स, फुटवियर, फूड सर्विसेज़ व हास्पिटेलिटी क्षेत्र बड़े पैमाने पर रोजगार देते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में अकुशल श्रमिक भी होते हैं।

देश में 60 मिलियन से अधिक छोटे व मझोले उद्यम-एसएमई हैं जिनका निजी स्वामित्व है। लेकिन जहां तक संपदा सृजन में लाभ वितरण का मामला है ये बड़े उद्यमों से बेहतर स्थिति में हैं। बड़े उद्यमों के स्वामी अपने कामगारों को कम से कम भुगतान करते हैं और इस प्रकार अपनी आमदनी और मुनाफा बढ़ाते हैं। कृषि रोजगार प्रदान करने वाला एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां अधिकांश किसान अपनी भूमि के स्वामी होने के साथ कामगार भी हैं। दसियों लाख किसान मुट्ठी भर व्यापारियों की मेहरबानी पर जीवित रहते हैं। व्यापारी औने-पौने दाम पर किसानों से फसलें खरीद लेते हैं और उसे उपभोक्ताओं को अधिक कीमतों पर बेचते हैं। ऐसे में सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी केवल कागज पर ही रह जाते हैं।

संक्षेप में कहा जाए तो बिजनेसों की प्रकृति चाहे जो हो, वे बड़े या छोटे हों तथा कृषि, उद्योग या सेवाओं से जुड़े हों, पर वे सभी इस प्रकार बने हैं कि आमदनी का संकेन्द्रण मालिकों या उच्च वेतन वाले पेशेवरों तक सीमित रहता है जो पिरामिड में ऊपरी स्थानों पर हैं। यहां तक कि रियायतों या कर लाभों का फल भी ऊपर के कुछ लोगों की जेबों तक जाता है। उन्होंने अपने खजाने पहाड़ की तरह भर लिए हैं। आक्सफैम की रिपोर्ट 'इनक्वैलिटी किल्स' के अनुसार 2021 में भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की संपत्ति 775 बिलियन डालर के रिकार्ड तक पहुंच गई थी जो भारत की जीडीपी के 25 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में यह उम्मीद करना गलत है कि बड़े बिजनेसों के कामकाज से बड़ी संख्या में पैदा निर्धन लोगों की मांग बढ़ेगी। सरकार से यह उम्मीद नहीं की जा सकती है कि वह इस खाई को भरेगी। निश्चित रूप से अमीर बिजनेस इस स्थिति का लाभ उठाते रहेंगे।

# कांग्रेस का पुनरुद्धार संभव

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



वर्तमान स्थितियों को देखते हुए कांग्रेस नेतृत्व को बुनियादी बातों पर लौटना चाहिए, उसे एक मुख्य रणनीति तैयार करनी चाहिए, अपनी योजनाओं पर पुन: काम करना चाहिए और मतदाताओं से जुड़ना चाहिए।

याद किया जा सकता है कि 30 जनवरी, 1948 को अपनी हत्या से एक दिन पहले, महात्मा गांधी ने अपनी अंतिम वसीयत और वसीयतनामा में कांग्रेस पार्टी को भंग करने और इसकी जगह लोक सेवक संघ (जन सेवा संगठन) बनाने का प्रस्ताव रखा था। इस सुझाव के पीछे गांधीजी के अपने तर्क थे। उन्होंने कहा था, ''कांग्रेस अपने वर्तमान आकार और स्वरूप में, एक प्रचार वाहन है और एक संसदीय मशीन के रूप में, इसका उपयोग पूर्ण हो गया है।'' ऐसा नहीं था कि महात्मा गांधी चाहते थे कि कांग्रेस समाप्त हो जाए। उन्होंने कहा था, ''कांग्रेस ने राजनीतिक स्वतंत्रता हासिल की है, लेकिन उसे अभी तक आर्थिक स्वतंत्रता, सामाजिक और नैतिक स्वतंत्रता नहीं मिली है। ये स्वतंत्रताएं राजनीतिक स्वतंत्रता से कठिन हैं।'' उपरोक्त दो पैराग्राफ कांग्रेस पार्टी के भविष्य के संबंध में गांधीवादी विचारों को बयान करते हैं। महात्मा गांधी ने शायद यह कल्पना भी नहीं की होगी कि कांग्रेस पार्टी को कभी अपने अस्तित्व के लिए भी संकट का सामना करना पड़ेगा। लेकिन उसके बाद से समय बहुत तेजी से बदला है, जनता के विचार बदले हैं और तब से देश भी बड़ी सीमा तक बदला है। आज नई राजनीतिक ताकतें राष्ट्रीय परिदृश्य में सामने आई हैं। हालांकि, इस बीच कांग्रेस में भी कई बदलाव हुए हैं। पिछले वर्षों में कांग्रेस जैसी अखिल-राष्ट्रीय पार्टी के निश्चित रूप से अपने उतार-चढ़ाव रहे हैं। लेकिन उसका ताजा संकट कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद के पार्टी छोड़ने का है। वह कांग्रेस का मुस्लिम चेहरा थे। आजाद ने तीन दिन पहले सोनिया गांधी को लिखे अपने तीखे त्याग पत्र में कहा, ''2014 से आपके नेतृत्व में और बाद में राहुल गांधी के नेतृत्व में, कांग्रेस दो लोकसभा चुनाव अपमानजनक तरीके से हार गई है। 2014-2022 के बीच आयोजित 49 विधानसभा चुनावों में से 39 में इसे हार हुई है। पार्टी ने केवल चार राज्यों के चुनाव जीते और छह उदाहरणों में गठबंधन की स्थिति में आने में कामयाब रही। दुर्भाग्य से, आज, कांग्रेस केवल दो राज्यों में शासन कर रही है और दो अन्य राज्यों में एक बेहद मामूली गठबंधन सहयोगी है। ये है आज पार्टी की स्थिति।

संक्षेप में कहा जाए तो कांग्रेस पार्टी आज उस समय के बाद अपने सबसे निचले राजनीतिक मुकाम पर है, जब से, सोनिया गांधी ने 1998 में राजनीति में प्रवेश किया, 2004 में पार्टी को सत्ता में लाईं और उनके नेतृत्व में कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग ने 2014 तक शासन किया। आजाद का छोड़ कर जाना एक चेतावनी से कहीं अधिक है क्योंकि वह पांच दशकों से अधिक समय तक कांग्रेस के सदस्य रहे थे और उन्होंने महासचिव सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया था। वे पीसीसी अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, केंद्र में संसदीय मामलों एवं स्वास्थ्य मंत्री आदि जैसे विभिन्न विभागों को संभालते रहे हैं।

आजाद पिछले दो साल से 23 सदस्यों के विद्रोही समूह का नेतृत्व कर रहे हैं। 2022 में कैप्टन अमरेंद्र सिंह, कपिल सिब्बल, हार्दिक पटेल, अश्विनी कुमार, सुनील जाखड़, आरपीएन सिंह, जयवीर शेरगिल और कुलदीप बिश्नोई जैसे कुछ वरिष्ठ नेताओं ने अपनी बेहतरी के लिए पार्टी छोड़ दी। आजाद कांग्रेस छोड़ने वाले पहले या आखिरी नहीं हैं। कांग्रेस के पूरे इतिहास में, कई नेताओं ने इस महान पुरानी पार्टी के साथ नाता तोड़ा है। 1969 में इंदिरा गांधी ने पार्टी को विभाजित किया और उन्होंने एक बड़ी सफलता प्राप्त की। शरद पवार, ममता बनर्जी और जगन मोहन रेड्डी जैसे कुछ नेता भी कांग्रेस से अलग होने के बाद सफल हुए और अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्री बने। हालांकि, कांग्रेस से अलग होने वाले हरियाणा जनहित कांग्रेस के जगजीवन राम और बिश्नोई जैसे अन्य लोगों का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। वर्तमान समय में गुलाम नबी आजाद के पास दो विकल्प हैं। एक है नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी जैसे अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन करना। दूसरा भारतीय जनता पार्टी के साथ गठजोड़ करना है। पहले कांग्रेस छोड़ने वालों में से ज्यादातर भाजपा में शामिल हो गए। यह एक खुला रहस्य है कि भाजपा जम्मू-कश्मीर में एक मजबूत नेता की तलाश में है, और आजाद इसमें फिट बैठते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके अच्छे संबंध भी हैं। ईमानदारी से कहा जाए तो गांधी-नेहरू परिवार को पार्टी में व्याप्त वर्तमान संकट की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। मौजूदा स्थिति में कांग्रेस के पास विकल्प बहुत कम हैं, लेकिन फिर भी यह कुछ चीजें कर सकती है। अगर राहुल गांधी की राजनीति में दिलचस्पी नहीं है तो उन्हें पद छोड़ देना चाहिए और किसी और को पार्टी का नेतृत्व करने देना चाहिए। नए अध्यक्ष के चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है, और 19 सितंबर को परिणाम अधिसूचित किए जाएंगे। लेकिन आशंका है कि यदि एक गैर-गांधी को अध्यक्ष चुना जाता है, तो वे केवल एक रबर स्टैंप होंगे। परिवार का रिमोट कंट्रोल सोनिया गांधी के पास ही रहेगा। यह स्थिति अतीत की तरह ही होगी, जब मनमोहन सिंह संप्रग सरकार के दौरान दस साल तक प्रधानमंत्री की ड्राइविंग सीट पर थे। लेकिन कहा जाता है कि उनका संचालन परोक्ष रूप से सोनिया गांधी व उनके परिवार के पास ही था। इसे देखते हुए एक गैर-गांधी पार्टी प्रमुख केवल गांधी-नेहरू परिवार के एक वफादार की तरह होगा।

दूसरे, कांग्रेस नेतृत्व को मंडली-संस्कृति को त्याग देना चाहिए। पार्टी में ए.के. एंटनी, दिग्विजय सिंह, मल्लिकार्जुन खड़गे और आनंद शर्मा जैसे कुछ नेताओं से परामर्श किया जा सकता है। तीसरा, कांग्रेस नेतृत्व को जी-23 के रूप में सामने आए वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के विद्रोही समूह की चिंताओं को दूर करना चाहिए। हालांकि, कई सदस्यों के पार्टी से बाहर जाने या खामोश बैठ जाने से यह समूह पहले से ही कमजोर हो गया है। चौथा, पार्टी को गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों को जीतने पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जहां कांग्रेस की अभी भी कुछ उपस्थिति है। पांचवां, गठबंधन की राजनीति के साथ कांग्रेस को देश के विभिन्न प्रदेशों में उपयुक्त सहयोगी तलाशने चाहिए और गैर-भाजपा विपक्ष की एकता के लिए भी काम करना चाहिए। छठा, जब तक राहुल गांधी आगे बढ़कर कांग्रेस को नेतृत्व नहीं देते हैं, तब तक पार्टी को उन्हें प्रधानमंत्री पद के विपक्षी उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारने पर अड़ा नहीं रहना चाहिए।

कांग्रेस का राजनीतिक पुनरुद्धार मुश्किल हो सकता है लेकिन असंभव नहीं। राष्ट्रीय स्तर पर अभी भी उसका 20 प्रतिशत वोट शेयर है। केवल उसके अपनी बुनियादी बातों पर वापस जाने, एक मुख्य रणनीति तैयार करने, अपनी योजनाओं पर फिर से गंभीरतापूर्वक काम करने और देश भर के मतदाताओं से गंभीरता के साथ जुड़ने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### भारत-चीन संबंध

**आज** के समय में हमारे संबंध इसी कारण चीन से काफी खराब चल रहे हैं कि वह हमारी इलाके की जमीन पर अवैध कब्जा जमाने की कोशिश करता रहता है। पहले भी उससे इसी संबंध में एक बड़ी झड़प गलवान घाटी में काफी समय पहले हो चुकी है। चीन की सेना पूर्वी लद्दाख में बीते 2 साल से एलऐसी पर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है। उसने पिछले दिनों डैम चौक के विवादित क्षेत्र में हमारे भारतीय चरवाहों को न केवल रोका बल्कि उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया। केंद्र सरकार को चीन सरकार से इस विषय में कड़ा विरोध दर्ज कराना चाहिए अगर इसके बाद भी वह सुधरने को तैयार ना हो तो फिर हमारे सैनिक उसके सैनिकों को सबक सिखाने के लिए हमेशा तैयार हैं। आखिर कब तक हमारे सैनिक चीन के सैनिकों की अभद्रता को स्वीकार करेंगे। आज भारत वह पुराना भारत नहीं है जो पहले चीन से लड़ाई में पिछड़ जाता था मगर आज हमारे सैनिक ना केवल प्रशिक्षित है बल्कि हर तरह से आधुनिक हथियारों से सुसज्जित भी हैं जो चीन को मुंहतोड़ जवाब दे सकते हैं आज के समय में हमारा एक-एक सिपाही चीन के दस-दस सिपाहियों के बराबर है और उन्हें सबक भी सिखा सकता है।

–**मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### विज्ञान की शक्ति

**विज्ञान** द्वारा दिन-ब-दिन नई तकनीक विकसित किए जाने से जहां एक और इंसानों को कई तरह के शारीरिक और मानसिक श्रम से मुक्ति मिल रही है, वहीं उनके रोजगार पर अंधेरा छा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक अस्सी करोड़ नौकरियां कम हो जाएंगी। डेलोइट की एक रिपोर्ट में पता चला है कि 2025 तक दस लाख से ज्यादा वकीलों की नौकरी खत्म होने वाली है। कुछ नौकरियां भी ऐसी हैं जिनके कामों को मशीनी दिमाग यानी कृत्रिम बुद्धि (एआई) से आसानी से कराया जा सकेगाा। 2015 में गूगल ने बिना ड्राइवर के चलने वाली कार बनाने में कामयाबी हासिल कर ली थी। भविष्य में इसमें और सुधार कर विश्व भर में ड्राइवरों की नौकरियां खत्म होने वाली हैं। शुरू में जो तकनीक बहुत महंगी होती है, बाद में इनकी लागत निरंतर कम होती जाती है। इन मशीनों के सामने मानवीय श्रम महंगा पड़ने लगता है वक्त आ गया है कि सभी प्रकार की तकनीकों और मानव पर किए जाने वाले अनुसंधानों पर नियंत्रण के लिए वैश्विक नियम बनाए जाएं ताकि विज्ञान हमारे लिए अभिशाप न बने।

–**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम


### 5 जी का स्वागत

**यह** एक स्वागत योग्य समाचार है कि रिलायंस जिओ जोकि टेलकॉम क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी कंपनी है , 5 जी में काफी बड़ा निवेश कर रही है और इसी दिवाली तक कुछ शहरों में इसे रोल आउट भी कर देगी। लेकिन इस से अहम् यह है कि आज भी देश के दूरदराज क्षेत्रों में 4जी नेटवर्क तक बड़ी मुश्किल से आता है तो सबसे जरूरी यह है कि न केवल जिओ बल्कि और भी कंपनियां 4जी नेटवर्क को दुरुस्त करें बल्कि उसे निर्बाध स्तर पर उपलब्ध कराएं ताकि आम जनता, जो न केवल 5जी फ़ोन में बल्कि 5जी के नेटवर्क वाली टेलकॉम सर्विस प्रोवाइडर को भी पैसे देगी, उसे एक उच्च अनुभव प्राप्त हो। 5जी नेटवर्क सुनने में तो अच्छा लगता है लेकिन पहले जमीनी स्तर पर युद्ध स्तर पर सुधार हों तभी फायदा है। ऊंची महत्वाकांक्षा होना कोई गलत नहीं है लेकिन पहले वर्तमान में जो समस्याएं हैं उन्हें सुधारने की आवश्यकता है। उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार निजी क्षेत्र के साथ सहयोग कर सचमुच गांव-गांव तक इंटरनेट के विस्तार में उल्लेखनीय योगदान करेगी।

–**बाल गोविंद**, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**मनुष्य** हारने पर समाप्त नहीं होता, वह पलायन करने पर समाप्त होता है।

– **नितिन गडकरी**
केन्द्रीय मंत्री



**गुलाम** नबी आजाद जम्मू कश्मीर में नई पार्टी का मुख्यमंत्री चेहरा होंगे।

– **गिल सरूरी**
पूर्व मंत्री



**सिंधु** की बाढ़ में गांव के गांव साफ हो गए हैं। भयंकर विनाश हुआ है।

– **शहबाज शरीफ़**
पाकिस्तान के प्रधानमंत्री

# प्राधिकरणों को लैंडबैंक विस्तार के लिए मिशन मोड में काम करना होगा

● मुख्यमंत्री ने की समस्त औद्योगिक विकास प्रधिकरणों और यूपीसीडा के कार्यों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेश के समस्त औद्योगिक विकास प्रधिकरणों और यूपीसीडा द्वारा औद्योगिक निवेश को बढ़ाये जाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। यूपीसीडा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यीडा, बीडा भदोही, सीडा जौनपुर और गीडा गोरखपुर के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने उनकी वर्तमान परियोजनाओं और भावी कार्ययोजना की भी समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अनंत संभावनाओं वाला प्रदेश है। हर जिले में अवसर है। इन अवसरों व संभावनाओं विकास परियोजनाओं में बदलने के लिए औद्योगिक विकास प्राधिकरणों की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि भविष्य के दृष्टिगत सभी प्राधिकरणों को लैंडबैंक विस्तार के लिए मिशन मोड में काम करना होगा। आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से पहले हमें अपने इंडस्ट्रियल लैंड बैंक को अधिकाधिक विस्तार देना होगा। प्रदेश के विकास की दृष्टि से उपयोगी औद्योगिक इकाइयों के लिए भूमि की कोई कमी नहीं है। अकेले यूपीसीडा के पास 12000 एकड़ से अधिक का लैंडबैंक है। नोएडा विकास प्राधिकरण ने औद्योगिक वाणिज्यिक ग्रुप हाउसिंग के लिए करीब 915 एकड़ का लैंडबैंक आवंटन के लिए आरक्षित कर लिया है। इन प्रयासों को और तेज किया जाए।

योगी ने कहा कि फरवरी 2018 में पहले इन्वेस्टर समिट में हमें 4 लाख 68 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए राज्य ने 10 लाख करोड़ का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य के लिए औद्योगिक विकास प्रधिकरणों को हर जरूरी तैयारी कर लेनी चाहिए। यूपीसीडा पहला प्राधिकरण है जहां ई-ऑक्शन से औद्योगिक भूखंड आवंटित किए जाते हैं। तकनीक की मदद से हुए व्यवस्था के सरलीकरण का ही परिणाम है कि बीते 2 वर्ष में 587 औद्योगिक भूखंड आवंटित किए गए हैं। कोरोना के चुनौतीपूर्ण माहौल के बीच बीते दो वर्ष में ऐसा पहली बार हुआ कि दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, केरल, तेलंगना, तमिलनाडु, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल से प्रतिष्ठित इकाइयों यूपीसीडा के माध्यम से प्रदेश में 3700 करोड़ से अधिक का निवेश किया है। केवल यूपीसीडा के अंतर्गत बीते 5 वर्ष में 2749 नई औद्योगिक इकाइयां क्रियाशील हो चुकी हैंए जबकि 2400 से अधिक इकाइयां निर्माणाधीन हैं।

आकांक्षात्मक विकास खंडों में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। आकांक्षी विकास खंडों में हेल्थ एटीएम की स्थापना और और अच्छे मॉडल स्कूलों के विकास के लिए निजी क्षेत्र का सहयोग लें। इण्डस्ट्रियल एरिया का विकास करते समय उद्यमियों की जरूरत का पूरा ध्यान रखा जाए। सड़कें, बिजली, पेयजल आदि की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। इंडस्ट्रियल एरिया का विकास जिस प्राधिकरण द्वारा किया जाएए सुविधाओं का विकास और रखखाव की जिम्मेदारी भी उसी की होगी। इस सम्बंध में ओडीओडी विकास विभाग द्वारा स्पष्ट आदेश जारी किए जाएं।

प्रदेश में निवेश कर रहीं औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा इंसेंटिव प्रदान किया जा रहा है। ऐसे सभी प्रकरणों की गहन समीक्षा कर बिना बिलंब यथोचित समाधान किया जाए। निर्यात प्रोत्साहन के लिए हमें और तेज प्रयास करना होगा। हर जिले में इसके लिए नीतिगत प्रयास करना होगा।

एमएसएमई विभाग और नियोजन विभाग परस्पर समन्वय से इसकी कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें। निर्यात प्रोत्साहन के लिए औद्योगिक इकाइयों से उनकी कार्ययोजना पर लगातार चर्चा की जानी चाहिए। इसी प्रकार हमारा प्रयास यह भी हो कि प्रदेश में इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियां अपने सीएसआर की धनराशि भी उत्तर प्रदेश के हित में करेंए इसके लिए उद्यमियों, निवेशकों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। सभी प्राधिकरण, आईआईटी, एनआईटी और राज्य सरकार की प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी संस्थानों से सतत संवाद बनाये रखें। भावी कार्ययोजना तैयार करते समय इनसे तकनीकी परामर्श लेते रहें। भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा स्थानीय शिल्पकला को औद्योगिक स्वरूप देने के लिए अच्छा प्रयास किया गया है। निर्यात प्रोत्साहन के लिहाज से बीडा की इकाइयों की भूमिका महत्वपूर्ण है। अक्टूबर में यहां इंटरनेशनल कालीन एक्सपो भी आयोजित होने जा रहा है। प्राधिकरण प्रयास करे कि वाराणसी की कालीन इकाइयां भी भदोही की ओर आकर्षित हों। बीडा को अपना लैंड बैंक बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करना होगा। यमुना इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी में अपैरल पार्कए एमएसएमई, टॉय पार्कए मेडिकल डिवाइस पार्कए लॉजिस्टिक पार्क, डाटा सेंटर पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क जैसे क्लस्टर आधारित 7 इंडस्ट्रियल पार्कों का विकास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के प्रोत्साहन के उपरांत उत्तर प्रदेश पहला राज्य होगाए जहां टॉय पार्क स्थापित किया जा रहा है।

कैबिनेट के फैसले

## परिवहन विभाग में होगी 500 पदों पर भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिवहन** विभाग में प्रवर्तन दल के सिपाहियों के 500 पदों पर भर्ती कराई जाएगी। यह भर्ती विभाग खुद न करा कर अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के जरिए होगी।

कैबिनेट ने मंगलवार को परिवहन विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने बताया अब परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल के सिपाही समूह घ नहीं बल्कि समूह ग के तहत भर्ती होंगे। भर्ती के लिए शैक्षिक योग्यता को बढ़ाकर इंटरमीडिएट कर दिया गया है। इस व्यवस्था से सिपाहियों को प्रमोशन का लाभ मिल सकेगा। उनका वेतन भी अब वन व आबकारी विभाग के प्रवर्तन सिपाहियों की तरह हो जाएगा। कैबिनेट की बैठक में परिवहन विभाग में 744 सिपाहियों की भर्ती के प्रस्ताव पर मुहर लगी। इनमें 244 पद भरे हैं। इसलिए फिलहाल पांच सौ पदों पर भर्ती होगी।

### पीजीआई के 700 कर्मचारियों को मिलेगा एम्स की तरह भत्ता

**पीजीआई** लखनऊ के कर्मचारियों को एम्स दिल्ली के कार्मिकों की तरह भत्ता मिलेगा। कैबिनेट ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। रोगी देखभाल भत्ता विभिन्न श्रेणियों में 4100 से 5500 रुपये प्रति माह मिलेगा। वर्दी भत्ता अब 5000 रुपये सालाना मिलेगा। इसी तरह दुभाषिया भत्ता 1000 रुपये से 15000 रुपये मिलेगा। इस तरह 700 कर्मचारियों के भत्तों में बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा।

### विधानसभा सत्र में पेश होगी सीएजी रिपोर्ट

**उत्तर** प्रदेश विधानमंडल के आगामी सत्र में सीएजी रिपोर्ट पेश की जाएगी। यह रिपोर्ट 2020 के दौरान के कार्यकलापों पर आधारित है। कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूर कर लिया। विधानसभा सत्र सितंबर के दूसरे महीने में प्रस्तावित है। इसमें मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए अनुपूरक बजट पास कराया जाएगा। विधानसभा सत्र की तारीख जल्द तय होगी। विधायी सूत्रों की मानें तो 20 सितंबर से मानसून आहूत होगा जोकि चार दिन चलेगा।

### परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस के लिए होगा सिमुलेटर टेस्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** में परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अब सिमुलेटर ड्राइविंग टेस्ट देना होगा। इस टेस्ट में सॉफ्टवेयर से जुड़ी इस मशीन पर बैठकर ड्राइविंग टेस्ट देना होता है। सिमुलेटर ड्राइविंग टेस्ट एक मशीन से जुड़ा सॉफ्टवेयर है। इस टेस्ट के दौरान आपको ये अहसास होगा कि आप कोई चौपहिया वाहन चला रहे हैं। इसमें आपको स्टेयरिंग, सेफ्टी बेल्ट, वाइपर, एक्सिलेटर, ब्रेक सहित गाड़ी में मौजूद सारे विकल्प मिलेंगे। इस मशीन पर बैठकर आपको ऐसा लगेगा जैसे आप सच में गाड़ी चला रहे हैं। ये मशीन एक छोटे से कमरे में लगाया जा सकता है। पीपीपी मॉडल के तहत इस व्यवस्था को हर जिले में स्थापित किया जाएगा। परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस के लिए सिमुलेटर ड्राइविंग टेस्ट का प्रावधान इसलिए किया जा रहा है क्योंकि कई लोग बिना सड़क और यातायात नियमों का पालन कर ड्राइविंग लाइसेंस तो बनवा लेते हैं लेकिन उन्हें ठीक से गाड़ी चलानी नहीं आती। इस तरह वो अपनी तो जान खतरे में डालते ही हैं बल्कि दूसरों की जान भी खतरे में डालते हैं।

### सात महिला आईएएस बिजली कंपनियों में अंशकालिक निदेशक बनाई गईं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शासन** ने कंपनी एक्ट के तहत प्रदेश की सात महिला आईएएस अधिकारियों को बिजली कंपनियों में अंशकालिक निदेशक नामित किया है। ये सभी आईएएस शासकीय हित में अपने वर्तमान दायित्वों के साथ ऊर्जा विभाग के अधीनस्थ निगम मुख्यालयों तथा संबंधित डिस्काम में अंशकालिक निदेशक भी रहेंगी। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा अवनीश कुमार अवस्थी ने इन्हें अंशकालिक निदेशक नामित किए जाने का आदेश मंगलवार को जारी किया। आईएएस संदीप कौर को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि, दुर्गा शक्ति नागपाल को उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम, इंदुमति को उप्र पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन, यशु रस्तोगी को केस्को कानपुर, निधि श्रीवास्तव को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम, जे रीना को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम तथा अन्नपूर्णा गर्ग को पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि में अंशकालिक निदेशक नामित किया गया है।

### तमकुहीराज के नए थाने और देवरिया में नई चौकी के लिए 52 पदों का सृजन

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने कुशीनगर के थाना तरयासुजान के तहत नए थाने तमकुहीराज और देवरिया के थाना रुद्रपुर के तहत नई पुलिस चौकी उसरा बाजार के लिए पदों का सृजन कर दिया है। इस संबंध में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने आदेश जारी कर दिया है। तमकुहीराज के लिए कुल 35 और उसरा बाजार के लिए 17 पदों का सृजन किया गया है। तमकुहीराज में एक निरीक्षक नागरिक पुलिस, 2 उप निरीक्षक, 9 मुख्य आरक्षी, दो कम्प्यूटर ऑपरेटर, 15 आरक्षी, दो चालक और 3 चतुर्थ श्रेणी के पद होंगे। वहीं उसरा बाजार के लिए एक उप निरीक्षक, 2 मुख्य आरक्षी और 14 आरक्षी के पद सृजित हुए हैं।

### लम्पी रोग वर्तमान में प्रदेश के सात मंडलों तक सीमित

**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रदेश में गोवंशीय पशुओं में फैली लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडी) के प्रभावी नियंत्रण हेतु गठित की गयी टीम 9 की बैठक में रोग प्रकोप के नियंत्रण एवं पशुओं के बचाव हेतु कृत कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि लम्पी रोग वर्तमान में प्रदेश के 7 मण्डलों तक सीमित है। सरकार द्वारा आकस्मिकता के दृष्टिगत तात्कालिक रूप से कुल 17.5 लाख टीकों का आकस्मिक क्रय कराते हुए जनपदों में माइक्रो प्लान के अनुसार टीकाकरण की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है तथा सभी प्रभावित जिलों में औषधियाँ उपलब्ध कराई गई हैं। पशुधन मंत्री ने बैठक में वैक्सीनेशन कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए भविष्य में संभावित मांग की पूर्ति हेतु रणनीति बनाने तथा टीकों के एडवान्स बुकिंग हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में बीमारी केन्द्र के चारो तरफ रिंग बनाते हुए त्वरित टीकाकरण कार्य कराया जाए और बीमारी से अब तक बचे हुए समस्त गोशालाओंध्गोआश्रय स्थलों में एक सप्ताह के अंदर शत.प्रतिशत टीकाकरण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाए।

## लखनऊ हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था होगी और अधिक चुस्त-दुरुस्त

● एरोड्रोम कमेटी की बैठक में अवनीश अवस्थी ने हवाई अड्डे को जोड़ने वाले पहुंच मार्गो को शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**चौधरी** चरण सिंह अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरूस्त व सुदृढ़ किया जाएगा। इसके अलावा हवाई अड्डे को जोड़ने वाले निर्माणाधीन पहुंच मार्गो के कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाएगा ताकि हवाई अड्डे पर आने जाने के लिए आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त हो सके तथा यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन में मदद मिल सके।

अपर मुख्य सचिव गृह एवं एरोड्रोम कमेटी के अध्यक्ष अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को कमांड सेंटर लोक भवन में हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरूस्त व सुदृढ़ करने के लिए जरूरी अतिरिक्त सुरक्षा उपकरण स्थापित किए जाने की दिशा में भी शीघ्र कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए। अवस्थी ने कहा कि हवाई अड्डे को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा इस बीच वैकल्पिक व्यवस्था कर दी जाए ताकि आवागमन प्रभावित न हो सके। हवाई अड्डे को कानपुर रोड से जोड़ने वाली सड़क पर प्रकाश की भी पर्याप्त व्यवस्था किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। हवाई अड्डे पर तीसरे टर्मिनल के निर्माण में हुई प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा इस कार्य को शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए। हवाई अड्डे के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता तथा उसके लिए बजट आदि का आकलन कर प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत किए जाने के लिए कहा गया है। हवाई अड्डे पर आने वाली घरेलू व अन्तरराष्ट्रीय उड़ानों के सम्बन्ध में भी बैठक में विस्तार से चर्चा की गई तथा प्रदेश के प्रयागराज, जयपुर, देहरादून व भोपाल आदि की एयर कनेक्टिविटी बढ़ाए जाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही हवाई अड्डे पर जहाजों के आवागमन की व्यवस्था कोविड काल के बाद पूर्व की भांति किए जाने पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में पिछले 6 माह में हवाई अड्डे पर आने जाने वाले यात्रियों की स्थिति की भी जानकारी दी गई। बैठक में जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार, विशेष सचिव गृह राकेश कुमार मालपानी के अलावा एरोड्रोम कमेटी के प्रतिनिधि,सीआईएसएफ, एसआईटी, इंटेलिजेंस, पुलिस की सुरक्षा शाखा आदि के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारत जैसा सामाजिक भेदभाव दुनिया में कहीं नहीं है: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भारत जैसा सामाजिक भेदभाव दुनिया में कहीं नहीं है। यहां धर्म बदल जाता है, जाति नहीं। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर और डॉ. राम मनोहर लोहिया जैसे विचारकों ने जाति तोड़ो अभियान चलाया पर जाति नहीं टूटी। पिछड़ों, दलितों, वंचितों को उनका हक और सम्मान दिलाने की यह लड़ाई लम्बी और कठिन जरूर है, पर उम्मीद है कि हम यह लड़ाई जीतेंगे।

यादव ने कहा कि हमें साथ मिलकर सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़नी होगी क्योंकि हमारी लड़ाई जिनसे है वे बहुत ताकतवर हैं और हर जगह हर संस्थान में उनका कब्जा है। समाजवादी पार्टी ने अपने चुनाव घोषणापत्र में सरकार बनने पर तीन महीने के अन्दर जातीय जनगणना कराने का वादा किया था। अखिलेश यादव ने कहा कि आजादी के 75वें वर्ष में हम जब आजादी की खुशी मना रहे थे तब पड़ोसी राज्य से यह दु:खद खबर आई कि एक टीचर ने एक बच्चे को ऐसा पीटा कि उसकी मौत हो गई। उसकी गलती यह थी कि उसने उनके मटके से पानी पी लिया था। इस भेदभाव से समाज में बहुत दूरी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि जातीय भेदभाव सामाजिक जनजागरूकता से मिट सकता है। इसके लिए समाज को जागरूक करना होगा। वस्तुस्थिति की सही जानकारी लोगों तक पहुंचनी चाहिए। सत्ता दल तो सच को झूठ बनाने में माहिर है।

## एमएसएमई के लंबित प्रकरणों का शीघ्र किया जाए निस्तारण: डॉ. नवनीत सहगल

● हर माह होगी एमएसएमई इकाइयों के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नवनीत सहगल ने कहा कि प्रदेश की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण तत्काल सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि एमएसएमई इकाइयां रोजगार और निवेश में प्रमुख सहायक है, इनको आगे बढ़ाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपर मुख्य सचिन ने यह निर्देश मंगलवार को लोक भवन में एमएसएमई साथी पोर्टल पर इकाइयों के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह पोर्टल की नियमित समीक्षा की जायेगी और लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई भी होगी। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि मासिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को बताना होगा कि उन्होंने एमएसएमई साथी पोर्टल पर आये कितने मामलों को निस्तारित किया है। साथ ही यह भी बताना होगा कि उनके द्वारा जनपद में कितने स्टार्ट अप को प्रामोट किया गया है। इसी आधार पर जनपदों के अधिकारियों की वार्षिक प्रविष्टि निर्धारित होगी।

सहगल ने कहा कि सभी जिला उद्योग अधिकारी अपने को कनवीनियर होने के कर्तव्य को पूरी तरह निभायें। जनपदों में स्टार्ट अप को हैण्डहोल्ड करें। पोर्टल अथवा ऑफ्लाइन इकाइयों/उद्यमियों से प्राप्त होने वाले प्रस्तावों व प्रकरणों को तत्काल जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेंटी की समक्ष प्रस्तुत किया जाये। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया कि 75 जिलों में पंचायती राज, श्रम, वन विभागों के स्तर पर एमएसमई के 38 मामले लम्बित है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्काल इन मामलों के निस्तारण की अपेक्षा की। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए पारंपरिक कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए हर जिले में एक-एक ओडीओपी मेले का आयोजन किया जाये। विशिष्ट अवसरों पर आयोजित होने वाले मेले व प्रदर्शनियों में भी ओडीओपी उत्पादों के स्टाल अवश्य लगाये जाए।

## एनसीआरबी के आंकड़ों में हेराफेरी करने से सच नही बदल जाएगा: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस ने कहा कि एनसीआरबी आंकड़ों में हेराफेरी करने से सच नही बदल जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री की असफल कार्यशैली से प्रदेश अपराध और अपराधियों की भेंट चढ़ गया है। उसी का परिणाम नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरों में निकलकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि सरकार की अक्षम कार्यशैली पूरे प्रदेश पर भारी पड़ रही है, यही कारण है कि प्रदेश में चाहें बच्चों के ऊपर अपराध हो, चाहे महिलाओं के ऊपर या नौजवानो की आत्महत्या की घटनाएं हो या दलितों के ऊपर अत्याचार, लगातार सभी के साथ बेतहाशा अपराध की घटनाएं बढ़ रहीं हैं।

वर्ष 2021 में पूरे देश में 149404 अपराध बच्चों के साथ हुए जो कि 2020 के मुकाबले काफी ज्यादा है, 2021 में पास्को एक्ट के 36 प्रतिशत अपराध हुए जिसमें पास्को एक्ट में सबसे ज्यादा अपराध उत्तर प्रदेश में हुए जिनकी संख्या 7129 इसका प्रमाण है। प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने महिला अपराधों पर कहा कि मुख्यमंत्री सहित पूरी सरकार तथ्यों को घुमाने और छिपाने में लगी है लेकिन इस हेराफेरी से सच नही बदलेगा, उत्तर प्रदेश में महिलाओं पर अपराध में बढ़ोत्तरी सबसे ज्यादा है, 428278 महिला अपराधों में पूरे देश में 284 मर्डर विद गैंगरेप की जघन्य घटनाएं हुईं जिसमें सबसे ज्यादा 48 उत्तर प्रदेश की भाजपा आदित्यनाथ सरकार में हुईं। यही कारण है कि मुख्यमंत्री कार्यालय में कार्यरत प्रदेश की बेटी को न्याय मांगने के लिए अपनी इज्जत और गोपनीयता को सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करना पड़ता है।

## शुभ तिथि के अनुसार होंगे प्रदेश में अब सामूहिक विवाह

● समाज कल्याण मंत्री ने कलेंडर जारी कर सामूहिक विवाह को मेगा इवेंट बनाने का दिया निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गरीब** व निर्धन परिवारों के कन्याओं की शादी के लिए योगी सरकार की तरफ से शुरू की गयी मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत प्रदेश में अब सामूहिक विवाह का आयोजन शुभ तिथि के हिसाब से किया जायेगा। इसके लिए समाज कल्याण विभाग ने सामूहिक विवाह का कैलेंडर भी जारी कर दिया है। वहीं समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने सामुहिक विवाह को मेगा इवेंट बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।

मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के अन्तर्गत अब सरकार सामूहिक विवाह पखवाड़ा मनाएगी। समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से कहा है कि सभी जिलों में सामूहिक विवाह पखवाड़ा धूमधाम से मनाया जाए। उन्होंने कहा कि इस बार विवाह के लिए शुभ मुहूर्त नवंबर माह में 25, 26, 28 एवं 29 को हैं। इसके बाद दिसंबर माह में 1, 2, 3, 4, 7, 8, 9 एवं 14 को विवाह होंगे। वहीं जनवरी 2023 में 15, 18, 20, 22, 24, 25, 26, 27, 28 एवं 29 को शुभ मुहूर्त हैं। जबकि फरवरी में 4, 6, 7, 9, 10, 12, 13, 14, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 27 व 28 के अलावा मार्च 2023 में 1, 6, 8, 9 एवं 13 तारीख को शुभ मुहूर्त है। इसी के अनुसार सभी जिले अपने.अपने यहां सामूहिक विवाह पखवाड़ा आयोजित करें। सामूहिक विवाह में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति जरूर होनी चाहिए। बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में सरकार की तरफ से 600 करोड़ रुपये का बजट रखा है। सितंबर 2022 तक निर्धारित लक्ष्य 15 हजार सामूहिक विवाह के सापेक्ष 15,268 जोड़ों के विवाह पर 77.87 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। सामूहिक विवाह के अंतर्गत कुल 51 हजार रुपये प्रति विवाह खर्च किया जाता है। इसमें 35 हजार हजार रुपये कन्या के खाते में एवं 10 हजार रुपये की विवाह संस्कार सामग्री वर.वधू को विवाह के समय उपलब्ध कराई जाती है। छह हजार रुपये विवाह के आयोजन पर खर्च किए जाते हैं।

### यूपी में लागू होगा डब्ल्यूएचओ का मॉडल

**लखनऊ।** फाइलेरिया को जड़ से समाप्त करने के लिए यूपी में अब डब्ल्यूएचओ का मॉडल अपनाया जाएगा। इस मॉडल के तहत संक्रमित व्यक्ति को साल में सिर्फ एक दिन की ही दवा खिलाई जाएगी। इससे उसके शरीर में मौजूद माइक्रो फाइलेरिया पूरी तरह नष्ट हो जाएंगे। पहले इसी के लिए हर तीन-तीन माह पर 12-12 दिन यानि एक साल में कुल 48 दिन दवा खानी पड़ती थी। यह जानकारी मंगलवार को मास एडमिनिस्ट्रेटिव राउन्ड (एमडीए) की समीक्षा के दौरान निदेशक संचारी डॉ एके सिंह ने दी है। समीक्षा बैठक में निदेशक संचारी ने गोरखपुर जिले की तारीफकरते हुए कहा कि अन्य जनपद भी बेहतर अभियान चलाएंगे तभी यह बीमारी पूरी तरह समाप्त होगी। राज्य कार्यक्रम अधिकारी फाइलेरिया डॉ वीपी सिंह ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी के प्रति प्रदेश में जागरूकता बढ़ी है। पहले जहां हमारी स्वास्थ्य टीम को नाईट ब्लड सर्वेक्षण के लिए लोगों को काफी समझाना पड़ता था, वहीं अब लोग स्वयं सहयोग कर रहे हैं। ब्लॉक स्तर की रणनीति भी काफी कारगर साबित हुई है। उन्होंने जनमानस से अपील की है कि यदि हर साल फाइलेरिया से बचाव की दवा नियमित रूप से पांच साल तक खा ली जाए तो यह बीमारी आपके पास नजर नहीं आएगी। आप स्वस्थ रहेंगे तो आप दूसरों को भी संक्रमित नहीं करेंगे। बीएमजीएफके डॉ भूपेन्द्र त्रिपाठी ने इस बीमारी के राष्ट्रीय परिदृश्य पर प्रकाश डाला।

## दंगामुक्त हुआ यूपी पर महिलाओं के प्रति अपराधों की संख्या में इजाफा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एनसीआरबी 2021 रिपोर्ट

**नेशनल** क्राइम रिकार्ड के आंकड़ों के मुताबिक यूपी दंगा मुक्त प्रदेश हो गया है। अन्य राज्यों की तुलना में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं करीब-करीब खत्म हो गई लेकिन महिलाओं के प्रति अपराध में सबसे आगे है। नेशनल क्राइम रिकार्ड के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश दंगा मुक्त प्रदेश हो गया है लेकिन महिलाओं के प्रति अपराध में सबसे आगे है। यूपी में महिलाओं के प्रति अपराध के सबसे ज्यादा 56083 केस हुए हैं।

प्रदेश में सांप्रदायिक हिंसा की सिर्फ एक घटना हुई। गृह विभाग के अनुसार देश में आईपीसी के कुल 36 लाख 63 हजार 360 मामले दर्ज हुए। यूपी में आईपीसी के 3.57 लाख केस दर्ज हुए जो एक लाख की जनसंख्या पर 154.5 फीसदी है और देश में यूपी 23वें स्थान पर है। प्रदेश में एसिड अटैक की कुल 22 घटनाएं हुईं और अपहरण की 50 घटनाएं हुईं। इन दोनों अपराधों में राज्य 36वें स्थान पर है। बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराध में प्रदेश 28वें स्थान पर और पाक्सो एक्ट के मामले में 6.3 क्राइम रेट के साथ 21वें स्थान पर रहा। महिलाओं के विरुद्ध अपराध में 16वें स्थान पर है। दुराचार के 2845 मुकदमों के साथ राज्य 23वें स्थान पर रहा जबकि शीलभंग के अपराध में राज्य 19वें स्थान पर है। गृह विभाग के अनुसार लगातार कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर की जा रही कड़ी कार्रवाई का नतीजा है कि राज्य में हत्या के मामलों में लगातार कमी आ रही है। हत्या के राज्य में कुल 3717 अपराध घटित हुए जिसका क्राइम रेट 1.6 रहा और राज्य 24वें स्थान पर रहा। पुलिस की लगातार गश्त बढ़ने और पीआरवी की सक्रियता के चलते चोरी की घटनाएं बहुत कम हुईं और राज्य 33वें स्थान पर रहा। वहीं डकैती का रेट 0.1 फीसदी रहा और प्रदेश 29वें स्थान पर रहा जबकि लूट की घटनाओं में 25वें स्थान पर है। यही नहीं राज्य पुलिस ने विभिन्न मुकदमों में 129.4 करोड़ की संपत्ति भी जब्त की।

### प्रमुख बिंदु

- एक लाख 53 हजार 586 सिपाहियों की भर्ती हुई।
- 65568 अराजपत्रित अधिकारियों कर्मचारियों की प्रोन्नति हुई
- यूपी महिला संबंधी अपराध में सजा दिलाने में प्रथम
- साइबर अपराधियों को सजा दिलाने में प्रथम
- शस्त्रों के जब्त करने में प्रथम
- अभियुक्तों को सजा दिलाने में प्रथम
- अपराधियों की गिरफ्तारी के मामले में दूसरे स्थान पर रहा।

# डीएम ने की टास्कफोर्स की त्रैमासिक बैठक

**● महिला सशक्कतीकरण को लेकर हुई चर्चा, दिए निर्देश**

संवाददाता। सीतापुर



**जिलाधिकारी** अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बच्चों एवं महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षात्मक वातावरण उपलब्ध कराये जाने हेतु जिला बाल संरक्षण समिति, वन स्टॉप सेन्टर व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना टास्कफोर्स की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के अन्तर्गत सुरक्षा एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के मामलो में कार्यवाही हेतु गठित बाल कल्याण समिति के स्तर पर लम्बित 39 एवं विधि का उल्लंघन करने वाले बच्चों के प्रकरणों में किशोर न्याय बोर्ड के स्तर पर लम्बित 853 के वादों तथा वन स्टॉप सेन्टर में लम्बित पीड़िताओं के प्रकरणों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी महोदय के द्वारा सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त कोविड महामारी के दौरान कोविड-19 वायरस के अतिरिक्त अन्य किसी कारण से अपने माता-पिता अथवा माता या पिता को खोने वाले बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत आर्थिक सहयोग प्रदान कराये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी/उपजिलाधिकारी के स्तर से सत्यापनोंपरान्त प्राप्त कुल 60 प्रकरणों को टॉस्क फोर्स के समक्ष प्रस्तुत किये गये है। बैठक के दौरान प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड अनामिका सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर आर0के0 साव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रतिनिधि क्षेत्राधिकारी रेलवे अध्यक्ष, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सीतापुर सदस्य बाल कल्याण समिति, समन्वयक चाइल्ड लाइन, सीतापुर, मण्डलीय टेक्निकल रिसोर्स पर्सन, यूनिसेफ लखनऊ उपस्थिति रहे।

## डिवाईडर से टकरा कर पल्टी कार एक की मौत

**संडीला( हरदोई )।** तेज रफ्तार से जा रही कार के डिवाइडर से टकरा कर पलटने से कार चालक की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम जाहिदपुर के निकट लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर यह हादसा हुआ। बताया जाता है कि थाना सोनपुर के अंतर्गत ग्राम मियांबाग जनपद छपरा बिहार निवासी इरशाद अपने परिवार के साथ ताज महल देखने गए थे तथा देर रात वह घर वापस आ रहे थे। कार उनका भतीजा 25 वर्षीय तौहीद पुत्र फैजआलम चला रहा था। जब कार जाहिदपुर के पास पहुंची तो रात लगभग 1 बजे कार चालक की आंख लग गई, जिससे कार डिवाइडर से टकरा गई और खण्ड में जाकर पलट गई। कार में बैठी इरशाद की मां साबिरा बेगम, स्वंय इरशाद, 9 वर्षीय पुत्र आसिफ एवं 11 वर्षीय पुत्र जुम्मन, दस वर्षीय पुत्री सोनी खातून एवं चालक तौहीद पुत्र फैज आलम गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया। रास्ते में तौहीद की मौत हो गयी जबकि शेष घायलों का इलाज किया जा रहा है।

# भाजपा अंकिता मामले में बना रही है कार्रवाई के लिए दबाव

**● झारखंड में जो कुछ हुआ गलत हुआ, कहा पूरा हिन्दुस्तान बच्ची के परिवार के साथ**

**●यूपी में फिर जीतेगें भाजपा के सांसद-रेखा अरूण वर्मा**

संवाददाता। सीतापुर



**झारखंड की** अंकिता मामले में कार्रवाई के लिए भारतीय जनता पार्टी हेमंत सोरेन सरकार पर दबाव बना रही है। यह बात भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धौरहरा सांसद रेखा अरूण वर्मा ने कही। वह मंगलवार को कलेक्टेऊट में जिलाधिकारी से गुफ्तगूं कर वापस लौट रही थी। उन्होंने कहा की जो उस बच्ची के साथ हुआ वह गलत हुआ, हम सबके लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरा हिन्दुस्तान उस बच्ची के परिवार के साथ खड़ा हुआ है और भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता उस बच्ची के परिवार के साथ है उसे न्याय जरूर दिलाएंगे। झारखण्ड सरकार पर आरोप लगते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा ने कहा कि ऐसे केसेस में वहाँ की सरकार लापरवाही किया करती हैं। हम सभी लोग वहां की सरकार पर दबाव बना रहे है कि उसे न्याय मिले। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजनीति पर भी बड़ी बात कही।

# परिवहन विभाग ने चलाया बकायाकर वूसली अभियान




संवाददाता। सीतापुर

**परिवहन विभाग** द्वारा 05 टीमों को लगाकर विषेश बकाया कर वसूली अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विषेशकर जनपद में सर्वाधिक बकाया ई-रिक्षा वाहनों को जॉचा गया। जिसके तहत 78 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही हुई। एआरटीओ (प्रषासन) माला बाजपेयी के नेतृत्व में खैराबाद एसओ अरविन्द सिंह व हरदोई से आये यात्रीकर अधिकारी विवेक सिंह द्वारा मछरेहटा चुंगी व षहर में अभियान चलाया गया जिसके तहत 37 वाहनों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही करते हुए 3 डग्गामार बसें व 2 ओवर लोड ट्रक समेत 10 वाहनों को सीज भी किया गया। प्रवर्तन दल का नेतृत्व कर रहे एआरटीओ (प्रवर्तन) डा0 उदित नारायण, एआरटीओ (प्रवर्तन) द्वितीय दल संजय गुप्ता व यात्रीकर अधिकारी षैहपर किदवई ने 41 वाहनों पर कार्यवाही की जिसमें 20 ई-रिक्षा वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 05 बसों को सीज करने के साथ 09 बसों का चालान भी काटा गया। एआरटीओ ने बताया कि जनपद में ओटीएस योजना वर्तमान में संचालित है योजना के अन्तर्गत बकाया मार्गकर पर लगायी गयी पूरी पेनाल्टी माफ की जा रही है। वाहन स्वामियों की सुविधा के लिये तहसील स्तर पर भी कैम्पो का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि किसी भी स्थिति में कोई भी बकाया कर वाला वाहन संचालित नही किया जायेगा। बिना रजिस्ट्रेषन ई-रिक्षा का विक्रय कर रहे डीलरो के विरूद्ध भी कार्यवाही की जायेगी। अभियान में यातायात निरीक्षक फरीद अहमद, रोडवेज एआरएम राकेष कुमार आदि षामिल रहे।

# कांग्रेस के जिला कार्यालय पर हुई बैठक

संवाददाता। सीतापुर

**जिला कांग्रेस** कमेटी कार्यालय में बैठक कर दिल्ली में होने वाली रैली की तैयारियों पर चर्चा की गई। पार्टी कार्यकर्ता दिल्ली जाकर महंगाई के विरूद्ध हल्ला बोलेंगे। बैठक के जरिए चार सितंबर को भारी संख्या में दिल्ली पहुंचने की अपील हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं सीतापुर इंचार्ज सुबोध श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष उत्कृष अवस्थी, पूर्व विधायक हरीश बाजपेई, शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव, विनीत दीक्षित, आमोद मिश्रा, डा. ममता वर्मा, कमला रावत, अनुपमा द्विवेदी, सुभाष राजवंशी, धीरेश कश्यप, संजय कुमार सनी, नरेन्द्र वर्मा, लोकुश मिश्रा, मो. दिलशाद, संदीप अग्निहोत्री, गुफरान खान, राजेन्द्र निगम, चोछ विभु अवस्थी, आनंद श्रीवास्तव, सुधीर पाण्डेय, शिशिर बाजपेई, संजय दीक्षित, मुनवा सिंह, रिजवान खान, शावेज मुख्तार, डा. मसरूफ अली, संजीव गुप्ता, दानिश नकवी, मो. अनीस, सुंदर सिंह, सेखावत रमासरेपाल, रूप किशोर सेठ आदि मौजूद रहे।



## श्री गणपति महाराज की प्रतिमा स्थापना आज

**संडीला(हरदोई)।** संडीला के महाराजा श्री गणपति जी महाराज की भव्य प्रतिमा की स्थापना बुद्धवार को मां वैष्णों मैरिज हॉल में की जाएगी और पांच दिवसीय आयोजनों का प्रारंभ हो जाएगा। गणेश महोत्सव कार्यक्रमों के अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने बताया कि कोरोना के कारण विगत दो वर्षो से यह आयोजन नहीं हो रहा था। इस वर्ष इस महोत्सव का शुभारंभ बुद्धवार को भगवान श्री गणेश की मूर्ति के विधिविधान से पूजन अर्चन के साथ होगा। गुरूवार को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक जूनियर और सीनियर वर्गो की हिंदी सुलेख प्रतियोगिता होगी। शुक्रवार को 2 से 3 बजे तक जूनियर और सीनियर वर्ग की अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगित, शनिवार को 2 बजे से 3 बजे तक जूनियर और सीनियर वर्ग की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा। रविवार को उन्नाव रोड से मुख्यमार्ग होते हुए विशाल विसर्जन शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो नैमीशारण्य के लिए प्रस्थान करेगी।

# महमूदाबाद में गणपति की स्थापना के लिए होगा विशेष कार्यक्रम

**सीतापुर।** महमूदाबाद में गणेश चतुर्थी को लेकर उत्साह है। सिद्धविनायक गणपति धूमधाम से विराजे जाएंगे। कोरोना काल के बाद पहली बार भक्त खुलकर अपने आराध्य भगवान गणेश का स्वागत करने के लिये बेताब है। महमूदाबाद में भी गणपति की स्थापना को लेकर उत्साह दिख रहा है। गणेश पूजन महोत्सव समिति के नेतृत्व में गणेश पूजन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बुधवार से शुरू हो जाएगा। महमूदाबाद में गणेश पूजन महोत्सव का अपना खास इतिहास है। गणेश पूजन महोत्सव समिति द्वारा पिछले 16 वर्षो से गणपति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्र के लिये बेहद खास और आकर्षण भरा होता है। भक्तों का एक बड़ा समूह पूरे वर्ष कार्यक्रम का इंतजार करता है। आयोजकों की माने तो 2007 से आयोजन की शुरूआत हुई थी। इस बार सोलहवां गणेश पूजन महोत्सव का आयोजन मनोहर लॉन में होगा। समिति के पदाधिकारी तैयारियों को अंतिम रूप दे चुके हैं। बुधवार को विघ्नविनाशक गणेश भगवान की प्राण प्रतिष्ठा और स्थापना की जायेगी। प्रतिष्ठाचार्य सुरेन्द्र प्रकाश मिश्र और राजेन्द्र प्रसाद मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापना कराई जायेगी। बुधवार को रात आठ बजे फैंसी ड्रेस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रमों से प्रतिभाओं को जोड़ने के लिये समिति ने विशेष तैयारियां की है। रितेश रस्तोगी ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, सामूहिक रूद्राभिषेक, बनारस की तर्ज पर महाआरती, छप्पन भोग तथा पुरस्कार वितरण आदि कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। सामूहिक रूद्राभिषेक और बनारस की तर्ज पर समूहिक महाआरती पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केन्द्र होंगें।

## ट्रक-डीसीएम की टक्कर में एक की मौत



**मोहम्मदी-खीरी।** रोडवेज बस स्टैंड के पास रात लगभग तीन बजे शाहजहांपुर और गोला मार्ग से आ रहे ट्रक व डीसीएम की आमने-सामने टक्कर हो गई। कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेज दिया है। जहां से दो की हालत नाजुक होने पर डाक्टरों ने शाहजहांपुर रेफर कर दिया। इसमें एक की जिला अस्पताल में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात तीन बजे जब सड़क पर सन्नाटा रहता है। दुकानें बंद रहती हैं। कबीर रोडवेज बस अड्डे के ठीक सामने एक जोरदार टक्कर ट्रक और गोला ओर से आ रही डीसीएम से हुई। जानकारी होने पर स्थानीय और पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची को देखा डीसीएम ड्राइवर खून से लथपथ था। अन्य लोग घायल अवस्था में थे। किसी तरह ड्राइवर को ड्राइविंग सीट से निकाला गया तथा अन्य मरीजों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां पर अन्य मरीजों का उपचार किया गया। गंभीर इश्क देखते हुए ड्राइवर और एक अन्य को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## अभाविप कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं को नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एबीवीपी के नगर उपाध्यक्ष विजय मिश्रा, विमल मिश्रा व किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज वर्मा उपस्थित रहे। विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि अपने कार्य पद्धति की वजह से ही विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में जाना जाता है। विद्यार्थी परिषद की कार्य पद्धति राष्ट्रहित एवं समाज हित छात्रहित के लिए कार्य करती है। अखिल तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी कल का नहीं अपितु आज का नागरिक है जब हमारा आज ठीक रहेगा तो कल स्वयं ही ठीक रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता एक सैनिक के समान है जो देश के अंदर राष्ट्र हित की सेवा के लिए दिन रात कार्य करता है।

# बुखार के मरीजों को अस्पताल भेजकर तुरंत कराएं भर्ती:सीएमओ

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**● स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय जूम मीटिंग में जिले के अधिकारियों को दिए निर्देश**

**जापानी** इंसेफ्लाइटिस (जेई), एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) जैसी संक्रामक बीमारियों से प्रभावित प्रदेश के 18 जिलों में शामिल लखीमपुर खीरी के स्वास्थ्य अधिकारियों की सोमवार को लखनऊ के उच्चाधिकारियों के साथ जूम मीटिंग हुई। मीटिंग में स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ हुई बैठक में खीरी सहित प्रदेश के 18 जिले शामिल थे, जहां जेई, एईएस जैसी बीमारियां पांव पसार रही हैं। इसको देखते हुए निर्देश दिया गया है कि लखीमपुर खीरी में सभी तेज बुखार के मरीजों को तत्काल 108 नम्बर एम्बुलेंस के जरिए दिमागी बुखार उपचार (ईटीसी) केंद्र पर भेजा जाएए ताकि मरीजों को समय से इलाज मिल सके। इसके साथ ही इस तरह के मरीजों का डेंगू, चिकनगुनिया, स्क्रब, टायफस, जेई, मलेरिया और लेप्टोपायरेसिस की जांच जरूर करायी जाये। जूम मीटिंग में यह भी कहा गया है कि जिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इस तरह की जांच उपलब्ध नहीं हैं वहां मरीजों का तुरंत खून का नमूना लिया जाए और उसको सेंटिनल लैब, जिला अस्पताल ओयल में भेजना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जिले में बने 12 ईटीसी केन्द्रों पर सभी तरह की दवाएं उपलब्ध करायी जाएं। जिले में बने बाल सघन देखभाल इकाई को जल्द से जल्द संचालित कर मरीजों का इलाज शुरू किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जूम मीटिंग के जरिए दिए गए सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल कुमार गुप्ता, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. धनीराम भार्गव व डा. लालजी पासी, जिला सर्विलांस अधिकारी और पाथ संस्था से अमरेश कुमार उपस्थित रहे।

## खुली बैठक के बाद बना मृत्यु प्रमाणपत्र



**मोहम्मदी खीरी।** विकास खंड पसगवां में सीडीओ से शिकायत के बाद बना मृत्यु प्रमाण पत्र बना। पसगवां ब्लाक की ग्राम पंचायत उकरमुहां में एक विधवा महिला के पति का मृत्यु प्रमाण पत्र 6 माह बाद खुली बैठक के बाद पास हुआ है। विधवा महिला बिट्टा ने बताया कि वह अपने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनबाने के लिए 6 माह से ब्लाक के चक्कर काट रही थी उसके बाद जब दूरभाष पर सीडीओ खीरी से मामले की शिकायत की तो उसके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र खुली बैठक में पासा किया गया है। महिला के पति की मृत्यु सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद 3 मार्च को लखनऊ के एक निजी हॉस्पिटल में हुई थी। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र पसगवां ब्लाक से 6 माह बाद पंचायत भवन में मंगलवार को सिक्रेट्री कुलदीप राठौर ने बैठक के बाद पास किया है। बैठक में अन्य कई महिलाओं ने अपने बच्चो के जन्म बनवाने की बात कही।

# पेज एक का शेष

## यूपीए के...

में जानबूझकर देरी करके राजनीतिक खरीद-फरोख्त को प्रोत्साहित करने का आरोप लगाया था। इससे पहले 27 अगस्त को भी अटकलें लगाई जा रही थीं कि यूपीए विधायक पश्चिम बंगाल या छत्तीसगढ़ में किसी अज्ञात स्थान पर जाएंगे, क्योंकि विधायक बैठक के लिए मुख्यमंत्री आवास में सामान के साथ दाखिल हुए थे। उस दिन बाद में, वे तीन बसों में रांची से छत्तीसगढ़ की सीमा के पास लतरातू (खूंटी जिला) के लिए रवाना हुए और शाम तक राज्य की राजधानी लौट आए। झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक एक सितंबर को शाम 4 बजे होनी है। झारखंड में झामुमो सबसे बड़ी पार्टी है और उसके पास 30 विधायक हैं जबकि कांग्रेस के 18 और राजद का एक विधायक है। मुख्यविपक्षी दल भाजपा के सदन में 26 विधायक हैं।

## अन्ना ने...

को बढ़ावा मिलेगा तथा भ्रष्टाचार भी बढ़ेगा। दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने पिछले महीने दिल्ली की आबकारी नीति 2021-22 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं के मामले में सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। हजारे ने महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में अपने गांव रालेगण सिद्धि में पूरी तरह शराब प्रतिबंध का हवाला देते हुए अपने पूर्व सहयोगी केजरीवाल को उनकी पुस्तक स्वराज के बारे में याद दिलाया, जिसमें शराब पर पाबंदी की वकालत की गई है। इस किताब की प्रस्तावना हजारे ने ही लिखी है। उन्होंने केजरीवाल के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें पहली बार पत्र लिखा है और कहा कि दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति के बारे में खबरें पढ़कर उन्हें दुख होता है। उन्होंने कहा कि आपने किताब में कई आदर्शवादी बातें लिखी हैं।

## सीबीआई को...

गिरफ्तार कर सकती है। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि लोग भाजपा पर यकीन नहीं करते हैं। ठीक उसी तरह जैसे पंजाब विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा ने उन्हें आतंकवादी करार दिया और जब किसी ने उन पर विश्वास नहीं किया तो वे कुमार विश्वास को ले आए थे। मालूम हो कि दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 के कार्यान्वयन में हुई कथित अनियमितताओं के सिलसिले में दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया सहित 15 लोगों और संस्थाओं को नामजद किया गया है। इस सिलसिले में सीबीआई ने 19 अगस्त को सिसोदिया के आवास समेत 31 स्थानों पर छापे मारे थे।

## सीबीआई ने...

के सेक्टर-4 वसुंधरा स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की शाखा में लॉकर की तलाशी लेने पहुंचा। इस दौरान सिसोदिया भी अपनी पत्नी के साथ बैंक में मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बाद में कहा कि सीबीआई को उनके लॉकर से कुछ नहीं मिला और एजेंसी ने उन्हें क्लीन चिट दे दी है। तलाशी खत्म होने के बाद सिसोदिया ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि सीबीआई दबाव में काम कर रही है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि मेरे घर की तरह सीबीआई को मेरे लॉकर में भी कुछ नहीं मिला। मेरे बच्चों, मेरी पत्नी के लगभग 70,000-80,000 रुपए के आभूषण। मुझे खुशी है कि मुझे आज की तलाशी में सीबीआई से क्लीन चिट मिली।

## उप्र के...

एवं चिकित्सालय के सुगम संचालन के लिए न्यूनतम आवश्यक मानव संसाधन के पदों के सृजन के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इस प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है और इसमें 10 हजार पद सृजित होंगे। विशेष रूप से सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल के शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कर्मचारी पदों का सृजन होगा और इस पर 921 करोड़ 56 लाख रुपए का अतिरिक्त व्यय आएगा। उन्होंने कहा कि यह चिकित्सा व्यवस्था को सुधारने का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि एसजीपीजीआई, डा राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, किंग जार्ज चिकित्सा विवि, कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान एवं अस्पताल लखनऊ, उप्र आयुर्विज्ञान विवि सैफई इटावा तथा बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान नोयडा तथा राजकीय मेडिकल कालेजों मानकों की पूर्ति एवं चिकित्सालय के सुगम संचालन के लिए पाठ्यक्रमों की सीटों एवं बेडों की संख्या के आधार पर मानदण्ड निर्धारण का फार्मूला तय करते हुए न्यूनतम आवश्यक मानव संसाधन के पदों के सृजन के लिए मानदण्ड निर्धारण किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

## 2100 नए...

नलकूप निर्माण परियोजना की व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत 84198.83 लाख रुपये जीएसटी सहित के व्यय प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। प्रदेश में 87 प्रतिशत नेट क्रॉप एरिया का सिंचन किया जा रहा है। 13 प्रतिशत नेट क्रॉप एरिया को सिंचन सुविधा उपलब्ध नहीं है। प्रदेश में कुल 143.37 लाख हेक्टेयर में से 107.30 लाख हेक्टेयर एरिया का सिंचन, राजकीय नलकूपों एवं निजी नलकूपों के माध्यम से किया जा रहा है। श्री शाही ने कहा कि इससे यह परिलक्षित है कि 74.90 प्रतिशत सिंचाई निजी एवं राजकीय नलकूपों के माध्यम से की जा रही है।

## पूर्व आईएएस...

उसके दांत भी तोड़ दिए। वह खड़ी होने में लाचार हो गई और घिसटकर चलती थी। कभी पेशाब कमरे से बाहर चला जाए तो सीमा जीभ से फर्श साफ करवाती थी। सुनीता ने बताया कि उसने वर्षों से सूरज की रोशनी भी नहीं देखी। पीड़ित सुनीता ने बताया कि वह गुमला की रहने वाली है। राज्यपाल रमेश बैस ने सीमा पात्रा मामले पर संज्ञान लेते हुए अपनी नाराजगी जताई है। मामले में पुलिस की ढिलाई पर गंभीर चिंता जताते हुए राज्यपाल ने पुलिस महानिदेशक से पूछा है कि अब तक दोषी के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। रांची पुलिस और जिला प्रशासन की टीम ने सुनीता को पूर्व अफसर के घर से महिला को छुड़ाया। महिला के शरीर पर घाव के निशान मिले हैं।

## बाबरी मस्जिद...

वकील ने पीठ से कहा कि अवमानना याचिका लंबे समय से लंबित थी और याचिकाकर्ता की 2010 में ही मृत्यु हो गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा 1992 में पारित आदेश का उल्लंघन किया गया था और उसके बाद अवमानना याचिका दायर की गई। उन्होंने कहा कि करीब 30 साल बीत गए और याचिकाकर्ता ने मामले को सूचीबद्ध करने के लिए कई बार आवेदन किया था। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, मैं आपकी चिंता को स्वीकार करता हूं। लेकिन, अब इस मामले में कुछ भी नहीं बचा है। आप कब तक गड़े मुर्दे उखाड़ते रहेंगे। पीठ ने कहा कि यह अफसोसजनक है कि इस मामले पर विचार नहीं किया गया। पीठ ने कहा, हम पुराने मामलों पर विचार करने का प्रयास कर रहे हैं।

## जम्मू-कश्मीर...

बात सुनी जाए और जवाब भी दिया जाए। आजाद ने घोषणा की है कि वह जल्द ही वह जम्मू कश्मीर में एक पार्टी गठित करेंगे जो राष्ट्रीय स्तर की होगी। पार्टी की प्रदेश इकाई के नेताओं ने इस्तीफा पत्र में कहा, हम सभी आजाद का समर्थन करते हैं और जम्मू कश्मीर को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाने में उनके साथ होंगे। बलवान सिंह ने दावा किया कि एक निर्वाचित सरकार की अनुपस्थिति में जम्मू कश्मीर अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि आजाद का यहां से राष्ट्रीय स्तर की पार्टी गठित करने के फैसले से सभी के लिए चीजों को ठीक करने की प्रेरणा मिलेगी।

## बेंगलुरु के...

न्यायालय में जाने को कहा। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने शाम 4:45 बजे विशेष सुनवाई में कहा कि पूजा कहीं और की जाए। पीठ ने कहा, रिट याचिका उच्च न्यायालय की एकल पीठ के समक्ष लंबित है और सुनवाई के लिए 23 सितंबर, 2022 की तारीख तय हुई है। सभी सवाल, विषय उच्च न्यायालय में उठाए जा सकते हैं। उसने कहा, इस बीच इस जमीन के संबंध में दोनों पक्ष आज जैसी यथास्थिति बनाकर रखेंगे। विशेष अनुमति याचिका का निस्तारण किया जाता है। शीर्ष अदालत कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सेंट्रल मुस्लिम एसोसिएशन ऑफ कर्नाटक तथा कर्नाटक वक्फ बोर्ड की अपील पर सुनवाई कर रही थी। कर्नाटक उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने 26 अगस्त को राज्य सरकार को चामराजपेट में ईदगाह मैदान का इस्तेमाल करने के लिए बेंगलुरु (शहरी) के उपायुक्त को मिले आवेदनों पर विचार करके उचित आदेश जारी करने की अनुमति दी थी। इससे पहले आज दिन में प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित ने गणेश चतुर्थी समारोहों के लिए बेंगलुरु के ईदगाह मैदान के इस्तेमाल के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली सेंट्रल मुस्लिम एसोसिएशन ऑफ कर्नाटक तथा कर्नाटक वक्फ बोर्ड की याचिका पर सुनवाई के लिए तीन न्यायाधीशों की पीठ का गठन किया था।

## स्वदेशी विमानवाहक...

शामिल होने के साथ भारत के पास दो क्रियाशील विमान वाहक पोत हो जाएंगे, जो देश की समुद्री सुरक्षा को मजबूत बनाने में मदद करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि मोदी नए नौसैनिक ध्वज (निशान) का भी अनावरण करेंगे, जो औपनिवेशिक अतीत को पीछे छोड़ते हुए समृद्ध भारतीय समुद्री विरासत के अनुरूप होगा।

# ईडी ने कोयला चोरी घोटाला मामले में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी को तलब किया

**भाषा।** कोलकाता



**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को कोयला चोरी घोटाले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए समन जारी किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को शुक्रवार की सुबह उसके कोलकाता स्थित कार्यालय में पेश होने को कहा है।

अधिकारी ने बताया कि ईडी ने अभिषेक बनर्जी की साली मेनका गंभीर को भी इसी मामले में पांच सितंबर को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है। उन्होंने कहा कि गंभीर को नई दिल्ली स्थित कार्यालय में केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। इससे पहले, दिन में कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ईडी को निर्देश दिया कि वह कथित कोयला घोटाले के सिलसिले में यहां अपने क्षेत्रीय कार्यालय में गंभीर से पूछताछ करे और सुनवाई की अगली तारीख तक उनके खिलाफ दंडात्मक कार्वाई न की जाए। अदालत ने कहा कि पांच सप्ताह के बाद मामले पर सुनवाई की जाएगी। गंभीर ने दिल्ली में पेश होने के केंद्रीय एजेंसी के समन को चुनौती दी थी। उन्होंने अदालत से कहा था कि वह कोलकाता में ईडी के सामने पेश होना चाहती हैं। उन्होंने दावा किया कि वह कोलकाता में ही रहती हैं। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने अभिषेक बनर्जी को 2 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे ईडी कार्यालय में अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। कोयला चोरी घोटाले के सिलसिले में हमारे अधिकारी नई दिल्ली से उनसे पूछताछ करने आएंगे। उन्होंने कहा कि टीएमसी सांसद को रविवार को नोटिस भेजा गया था। अधिकारी ने कहा, हमें लंदन में गंभीर के बैंक खाते के बारे में और जानकारी हासिल करनी है, जिसके जरिए कई लेन-देन किए गए। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अभिषेक बनर्जी को ईडी की तरफ से मिले समन को प्रतिशोध की राजनीति करार दिया। टीएमसी ने दावा किया कि पार्टी की हालिया विशाल रैली के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) घबराई हुई है और इसीलिए यह कदम उठाया गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता सौगत रॉय ने कहा, हमारी पार्टी की सुप्रीमो ममता बनर्जी को यह आशंका थी कि छात्र परिषद के सफल कार्यक्रम के बाद केंद्रीय एजेंसियां पार्टी नेताओं को नोटिस भेज सकती हैं। आज उन्होंने अभिषेक को तलब किया है। इससे साबित होता है कि भाजपा बदले की राजनीति कर रही है। तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी ने सोमवार को एक कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आशंका जताई थी कि केंद्रीय एजेंसियां उनके भतीजे और अन्य वरिष्ठ नेताओं को नोटिस भेज सकती हैं।

## कोटकपूरा गोलीबारी मामले में सुखबीर बादल को तलब नहीं किया गया: शिरोमणि अकाली दल

**भाषा।** चंडीगढ़



**शिरोमणि अकाली** दल (शिअद) ने मंगलवार को कहा कि पंजाब पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पार्टी के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल को 2015 में कोटकपूरा में हुई पुलिस गोलीबारी की घटना के संबंध में पूछताछ के लिए नहीं बुलाया है, लेकिन वह जांच में सहयोग के लिए तैयार हैं। बादल ने एसआईटी से यह स्पष्ट करने को कहा कि पेशी के संबंध में मीडिया में प्रसारित नोटिस उसने जारी किया है या नहीं। शिरोमणि अकाली दल के नेता और प्रवक्ता अर्शदीप सिंह क्लेर ने मंगलवार को कहा कि बादल को व्यक्तिगत रूप से पेशी नोटिस नहीं दिया गया है। साल 2015 में हुई घटना के समय बादल राज्य के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री थे। एसआईटी ने उन्हें संबंधित रिकॉर्ड के साथ यहां पंजाब पुलिस अधिकारी संस्थान में पेश होने के लिए कहा था।

क्लेर ने दावा किया कि बादल को मंगलवार को किसी अन्य मामले में फिरोजपुर के जीरा की एक अदालत में पेश होना था। शिअद के प्रवक्ता ने दावा किया, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया माध्यमों पर यह नोटिस प्रसारित किया जा रहा है कि बादल को कोटकपूरा गोलीबारी मामले में तलब किया गया है। हालांकि, बादल को व्यक्तिगत रूप से समन नहीं दिया गया है। क्लेर ने कहा कि शिअद प्रमुख ने एसआईटी को पत्र लिखकर पूछा है कि क्या उसने समन जारी किया है। उन्होंने कहा, अगर यह (समन) एसआईटी ने जारी किया गया है, तो उसे हमें अगली तारीख देनी चाहिए और हम जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं।

## तमिलनाडु में अंजीर के वृक्ष से बनी भगवान गणेश की मूर्ति लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी



**भाषा।** चेन्नई

**गणेश चतुर्थी** उत्सव के लिए तमिलनाडु के नागापट्टिनम जिले में अंजीर के पेड़ से बनी भगवान विनायक की 32 फुट ऊंची मूर्ति लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गई है। नागाई विश्वरूप विनयगर समिति द्वारा अंजीर के 83 पेडों से बनी विशाल मूर्ति को अति विनयगर नाम दिया गया है। नागाई विश्वरूप विनयगर समिति के अध्यक्ष कुबेंद्रन ने कहा कि इस मूर्ति का विसर्जन नहीं किया जाएगा बल्कि श्रद्धालु हमेशा इस मूर्ति के दर्शन कर सकेंगे।

पवित्र माने जाने वाले अंजीर के पेड़ से भगवान गणेश की इस मूर्ति को तराशने का विशाल कार्य इस साल जनवरी महीने में शुरू हुआ था और यह काम हाल ही में स्थापति थिरुनावुकारसर और 14 अन्य स्थापतियों द्वारा पूरा किया गया था। कुबेंद्रन ने कहा, कोविड-19 महामारी के कारण पिछले दो वर्षों से गणेश चतुर्थी का त्योहार नहीं मनाया गया था। इस बार, मैंने पवित्र अंजीर के पेड़ से भगवान गणेश की मूर्ति बनाने का फैसला किया, जो पिछले 15 वर्षों से मेरा सपना था। समिति की मंजूरी मिलने के बाद मूर्ति बनाने के लिए धनराशि जुटाई गई। कावेरी घाटी जिलों से प्राप्त कच्चे अंजीर के पेडों के साथ इस खूबसूरत छवि को तराशने में लगभग आठ महीने का समय लगा। कुबेंद्रन ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने इस मूर्ति को चार टन वजनी बनाने और एक विशाल रथ बनाने में करीब 1.5 करोड़ रुपए खर्च किए, जिस पर भगवान गणेश विराजमान होंगे।



केरल में सचिवालय के कर्मी ओनम की तैयारी करते हुए

## राहुल भारत जोड़ो यात्रा के तहत 24 अक्टूबर से तेलंगाना में 366 किमी की दूरी तय करेंगे

**भाषा।** हैदराबाद



**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा के 24 अक्टूबर को तेलंगाना पहुंचने की उम्मीद है। राहुल गांधी राज्य में करीब 366 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं यात्रा के लिए तेलंगाना के समन्वयक बलराम नाइक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में पैदल मार्च महबूबनगर जिले के मकथल से शुरू होगा और चार लोकसभा क्षेत्रों और नौ विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगा। नाइक ने बताया पार्टी के आलाकमान को जल्द ही यात्रा के निकलने के मार्ग का अंतिम मसौदा सौंपा जाएगा। हालांकि, इसमें कुछ बदलाव हो सकते हैं क्योंकि मार्च के राज्य में 15 दिन तक जारी रहने की उम्मीद है।

नाइक ने पीटीआई-भाषा से कहा, यात्रा 24 अक्टूबर को तेलंगाना में प्रवेश करेगी। इसमें चार लोकसभा क्षेत्र और नौ विधानसभा क्षेत्र शामिल होंगे। कुल 366 किलोमीटर दूरी तय की जाएगी। तेलंगाना कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि यात्रा से 2023 में विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के राहुल गांधी के साथ मार्च करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी तेलंगाना में अपनी यात्रा जुक्कल जिले में समाप्त कर सकते हैं और फिर वह महाराष्ट्र में प्रवेश करेंगे।

### न्यायालय ने अमीषा पटेल के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में अपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के मामले में फौजदारी कार्यवाही पर रोक लगा दी है। झारखंड की एक अदालत ने पटेल को समन जारी किए थे। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति पी एस नरसिंह की पीठ ने अभिनेत्री की ओर से दाखिल याचिका पर झारखंड सरकार को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने हालांकि कहा कि परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 (चेक बाउंस)के तहत दंडनीय अपराध के लिए कानून के अनुरूप कार्यवाही की जाए। पीठ ने कहा, भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात) और 420 (धोखाधड़ी) के तहत आने वाले दंडनीय अपराध के संबंध में ही नोटिस जारी करें। भारतीय दंड संहिता की धारा 406 और 420 के तहत कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक रहेगी।

## क्विक न्यूज

### असम में 4,700 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त

**गुवाहाटी/करीमगंज।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को बताया कि राज्य के करीमगंज जिले में 4,700 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि असम पुलिस ने सोमवार को चुरईबारी थाना क्षेत्र के तहत एक स्थान पर नियमित जांच के दौरान प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किया जिसे एक ट्रक में ले जाया जा रहा था। शर्मा ने ट्वीट किया, असम पुलिस द्वारा हाल फिलहाल में की गई सबसे बड़ी जब्ती में करीमगंज पुलिस ने सोमवार को पड़ोस के एक राज्य से आ रहे ट्रक में प्राकृतिक रबड़ की चादरों में छिपाया गया 4,728 किलोग्राम गांजा जब्त कर लिया। मुख्यमंत्री ने इस कार्वाई के लिए राज्य पुलिस के प्रयासों की सराहना की। पुलिस के एक आला अधिकारी ने बताया कि ट्रक त्रिपुरा से आ रहा था। उन्होंने बताया, जब चालक ने पुलिस जांच चौकी देखी तो उसने ट्रक को रोक लिया और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पूरी तरह ट्रक की जांच की और रबड़ की चादरों के नीचे से गांजा जब्त किया। अधिकारी के अनुसार पुलिस ने ट्रक को जब्त करके जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने परिवार की परिक्रमा पॉलिटिक्स को परास्त किया: नकवी

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने परिश्रम की बदौलत देश में परिवार की परिक्रमा पॉलिटिक्सै को परास्त किया है। यहां नकवी के कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, उन्होंने उत्तर प्रदेश के बिजनौर में नजफ-ए-हिंद दरगाह में जियरत के बाद यह टिप्पणी की। भाजपा नेता ने कहा, मोदी जी नेै परिश्रम के परिणामै सेै परिवार की परिक्रमा पॉलिटिक्सै को परास्त किया है। अब सियासत,ै परिवार की विरासत के पालनै से बाहर निकल कर, ग़रीबों के चौके, चूल्हे और चौखट के सरोकार की प्राथमिकता बन गई है। हिंदुस्तान का यह बदलाव प्रधानमंत्री के परिश्रम का परिणाम है। पूर्व केंद्रीय मंत्री के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश संकट से बाहर निकला और गरीबों का आत्मविश्वास बढ़ा है। नकवी ने कांग्रेस में कथित कलह को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस मुल्क की पार्टी से अब मोहल्ले की पार्टी तक सीमित हो गई है।

### गणेश चतुर्थी पर बिक्री के लिए रखी गणेश प्रतिमाओं में तोड़फोड़, मामला दर्ज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अज्ञात बदमाशों ने गणेश चतुर्थी के मौके पर बिक्री के लिए रखी गई भगवान गणेश की 150 से अधिक मूर्तियों को कथित तौर पर तोड़ दिया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर के आजाद चौक थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमापारा इलाके में सोमवार तड़के अज्ञात बदमाशों ने सड़क किनारे लगाई गई तीन-चार दुकानों में भगवान गणेश की लगभग 150 मूर्तियों को कथित रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद प्रभावित दुकान मालिकों से मिली शिकायतों के आधार पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस दुकानों के आसपास लगे कुछ सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच कर रही है। साथ ही वहां लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस घटना से दुकानदारों को करीब दो लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है।

### मानहानिकारक ट्वीट के सिलसिले में फिल्म समीक्षक केआरके गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने केआरके के नाम से पहचाने जाने वाले अभिनेता एवं फिल्म समीक्षक कमाल राशिद खान को एक कथित मानहानिकारक ट्वीट के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मलाड थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुबई से आने के बाद सोमवार देर रात खान को मुंबई हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने कथित मानहानिकारक ट्वीट के संबंध में कोई जानकारी नही दी। अधिकारी ने बताया कि केआरके के खिलाफ पहले लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था। उन्होंने बताया कि उनके खिलाफ 2020 में विभिन्न भारतीय दंड संहिता की धारा 153 (दंगा भड़काने के इरादे से उकसाना) तथा 500 (मानहानि के लिए सजा) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अधिकारी ने बताया कि शहर की पुलिस को सोमवार को उनके आने की जानकारी मिली और उन्हे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। खान ने 2016 में दावा किया था कि उन्हें फिल्म निर्माता करण जौहर की एक फिल्म के पक्ष में ट्वीट करने के लिए पैसे दिए गए थे।

# विदेशी बैंकों में जमा काले धन की वसूली से जुड़ी याचिका पर न्यायालय ने सुनवाई टाली

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने मंगलवार को विदेशी बैंकों में जमा काले धन की वूसली के लिए कदम उठाने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। यह याचिका दिवंगत अधिवक्ता राम जेठमलानी और अन्य की तरफ से वर्ष 2009 में दाखिल की गई थी। न्यायमूर्ति एस. ए. नजीर, न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम की पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील द्वारा निर्देश देने के लिए समय की मांग करने के बाद मामले को स्थगित कर दिया।

जेठमलानी के अलावा, पंजाब के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) केपीएस गिल सहित पांच अन्य लोगों का भी निधन हो चुका है। लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप ने याचिका में आरोप लगाया है कि सरकार काले धन को वापस लाने पर कार्वाई नहीं कर रही है। उन्होंने केंद्र पर विदेशी बैंकों में काले धन से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज उन्हें उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया है। उनके द्वारा मांगा गया एक महत्वपूर्ण दस्तावेज जर्मन सरकार द्वारा भारत को 17 मार्च, 2008 को भेजे गए पत्र की एक प्रति है, जिसमें कहा गया था कि वह नई दिल्ली द्वारा मांगी गई जानकारी प्रदान करने की स्थिति में नहीं है। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि अधिकारी इन दस्तावेजों को नहीं देने को लेकर दृढ़ हैं और दावा किया कि यह मानने का पुख्ता आधार है, क्योंकि कई प्रयासों के बावजूद उन्हें यह दस्तावेज नहीं मिला। आवेदन में कहा गया है कि अदालत की प्रभावी रूप से सहायता करने के लिए उन्हें जर्मनी में भारतीय राजदूत को लिखे गए केंद्र सरकार के 5 मार्च, 2009 के पत्र की आवश्यकता है जिसका संबंध भारतीय करदाताओं के मुद्दे से है।

### उच्चतम न्यायालय ने प्रशांत भूषण और तरुण तेजपाल के खिलाफ अवमानना का मामला बंद किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कार्यकर्ता एवं वकील प्रशांत भूषण और पत्रकार तरुण तेजपाल के खिलाफ 2009 में न्यायपालिका के खिलाफ उनकी टिप्पणी को लेकर दर्ज अवमानना का मामला मंगलवार को बंद कर दिया। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल द्वारा प्रशांत भूषण और तरुण तेजपाल के माफी मांगने की जानकारी दिए जाने के बाद मामले में कार्यवाही बंद कर दी। पीठ ने कहा, अवमाननाकर्ताओं द्वारा की गई क्षमा याचना को देखते हुए हम अवमानना के लिए दर्ज मामले पर आगे बढ़ना जरूरी नहीं समझते हैं। अवमानना की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

## तृणमूल छोड़ने के लिए स्वतंत्र हैं जवाहर सरकार: सौगत राय

**भाषा।** कोलकाता

**तृणमूल कांग्रेस** (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता सौगत रॉय ने मंगलवार को कहा कि पार्टी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाले जवाहर सरकार इसे छोड़ने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह अपने विचारों को बहुत अधिक महत्व देना बंद करें। तृणमूल कांग्रेस को पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने के कारण उनके खिलाफ तुरंत अनुशासनात्मक कार्वाई शुरू करनी चाहिए।

उन्होंने कहा, अगर वह (सरकार) घटनाक्रम से इतने शर्मिंदा हैं, तो वह अभी भी अपने पद पर क्यों बने हुए हैं? उन्हें (राज्यसभा) सांसद के अपने पद से तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। वह पार्टी छोड़ने के लिए स्वतंत्र हैं, इसपर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। तृणमूल कांग्रेस के संघर्ष या पिछले बंगाल विधानसभा चुनाव में उसकी लड़ाई में जवाहर सरकार जैसे लोगों की कोई भूमिका नहीं थी। सरकार ने सोमवार को कहा था कि तृणमूल कांग्रेस का एक वर्ग पूरी तरह सड़ चुका है और ऐसे तत्वों के साथ 2024 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबला नहीं किया जा सकता। एक साल पहले तृणमूल के टिकट पर राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने वाले पूर्व नौकरशाह सरकार ने हाल ही में कहा था कि कथित शिक्षक भर्ती और पशु तस्करी घोटालों के सिलसिले में पार्टी के नेताओं पार्थ चटर्जी और अनुब्रत मंडल को गिरफ्तार किए जाने के बाद उनके दोस्तों और परिवार ने उन्हें राजनीति छोड़ने के लिए कहा था। रॉय ने कहा, पार्टी को स्वार्थी और अवसरवादी लोगों की जरूरत नहीं है। जवाहर सरकार को तुरंत सांसद के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। वह ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे कि वह सार्वजनिक कद वाले व्यक्ति हैं और हम नहीं। मैं पार्टी नेतृत्व से उनके खिलाफ तुरंत अनुशासनात्मक कार्वाई करने का अनुरोध करूंगा। तृणमूल के एक अन्य नेता ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर कहा कि सरकार के जाने से पार्टी पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, जवाहर सरकार जैसे लोग सांसद बनने के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्ति के बाद राजनीति में शामिल होते हैं। अब जब पार्टी में संकट है, तो वे भागने की कोशिश कर रहे हैं। वह कहते हैं कि वह नरेंद्र मोदी के खिलाफ लड़ना चाहते हैं, लेकिन तृणमूल सांसद होने के अलावा उनकी कोई पहचान नहीं है।

## थरूर के पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के विचार पर कांग्रेस ने कहा- जो उचित समझते हैं वह करें

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** अपने सांसद शशि थरूर द्वारा पार्टी अध्यक्ष का चुनाव लड़ने पर विचार किए जाने को लेकर मंगलवार को कहा कि चुनाव कार्यक्रम घोषित हो चुका है और कांग्रेस का संविधान भी मौजूद है, ऐसे में वह जो उचित समझते हैं वह कर सकते हैं। पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि कांग्रेस में चुनाव होता है, लेकिन भाजपा को बताना चाहिए कि उसके किस चुनाव के जरिए जेपी नड्डा पार्टी अध्यक्ष बने हैं? सूत्रों का कहना है कि थरूर कांग्रेस के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की संभावनाएं तलाश रहे हैं। हालांकि, अभी उन्होंने इस पर अंतिम फैसला नहीं किया है। इस बारे में पूछे जाने पर वल्लभ ने कहा, हम ऐसी किसी बात से अवगत नहीं हैं। लेकिन मैं समझता हूं कि हमने चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। पूरी तिथियों का इसमें उल्लेख है। अगर कोई चुनाव लड़ना चाहता है तो तिथियां मौजूद हैं। कांग्रेस का संविधान है... जो आप उचित समझते हैं , वह करिए। कांग्रेस की ओर से घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, 22 सितंबर को पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव की अधिसूचना जारी होगी, 24 सितंबर से नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं और यदि एक से अधिक उम्मीदवार हुए तो 17 अक्टूबर को मतदान होगा। वल्लभ ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा, हमारे यहां तो ऐसा नहीं है कि डेढ़ लोग नियुक्ति करें...भाजपा में चुनाव कब हुए थे? नड्डा जी ने कौन सा चुनाव लड़ा था? (नितिन) गडकरी जी और राजनाथ सिंह जी ने कौन से चुनाव लड़ा था? थरूर ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है कि वह इस मुकाबले में शामिल होंगे या नहीं। उन्होंने मलयालम दैनिक अखबार मातृभूमि में एक लेख लिखा है, जिसमें उन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने का आह्वान किया है। इस लेख में उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की दर्जन भर सीटों के लिए भी पार्टी को चुनाव की घोषणा करनी चाहिए।

### मूसेवाला हत्याकांड का प्रमुख आरोपी आजरबैजान में है: पंजाब डीजीपी

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उसने गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के एक प्रमुख आरोपी का पता लगाया है, जो आजरबैजान में है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि आरोपी सचिन थापन बिश्नोई का पता लगाने में केंद्रीय एजेंसियों ने राज्य पुलिस की मदद की और उसे भारत वापस लाने के प्रयास जारी हैं। मूसेवाला की हत्या से पहले सचिन और एक अन्य आरोपी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल बिश्नोई फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल करके देश छोड़कर भाग गए थे। डीजीपी ने कहा कि सचिन लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक अन्य सदस्य गोल्डी बराड़ के संपर्क में था, जिसने गायक की हत्या की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने कहा, वह शुरू में दुबई भाग गया था। भारत सरकार और केंद्रीय एजेंसियों के समर्थन से, हमने पता लगाया है कि वह आजरबैजान में है। कानूनी प्रक्रिया चल रही है।



उदयपुर में ाता पन्ना धाय की मुर्ति के अनावरण के अवसर पर सभा को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# इराक में हिंसक झड़प के बीच ग्रीन जोन में भारी गोलीबारी, तीस लोगों की मौत



पीस से जुड़े लोग गश्त करते हुए

बगदाद, 30 अगस्त (एपी) इराक के प्रभावशाली शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र के राजनीति से हटने की घोषणा के बाद उनके सैकड़ों समर्थकों ने देश के ग्रीन जोन में गोलीबारी और रॉकेट से चलने वाले हथगोले दागे। वहीं, जवाबी कार्रवाई में इराक के सुरक्षा बलों ने गोलीबारी की। मध्यपूर्व राष्ट्र में एक महीने से चल रहे राजनीतिक संकट के कारण स्थितियां तनावपूर्ण हो गई हैं। अल-सद्र के समर्थकों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पें हुईं, जिसमें कम से कम 30 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। राजनीतिक उथल-पुथल के बीच सोमवार को धर्मगुरु के इस्तीफे के बाद समर्थकों ने पहले ग्रीन जोन पर हमला किया। इराक की सरकार में गतिरोध तब से आया है जब धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र की पार्टी ने अक्टूबर के संसदीय चुनावों में सबसे अधिक सीटें जीती थीं लेकिन वह बहुमत तक नहीं पहुंच पाए थे। आम सहमति वाली सरकार बनाने के लिए ईरान समर्थित शिया प्रतिद्वंद्वियों के साथ बातचीत करने से इनकार कर दिया था। हिंसा के कारण देश में राजनीतिक संकट गहराने के संकेत हैं। देश में कहीं-कहीं लोग सड़कों से नदारद रहे और माहौल काफी हद तक शांत रहा। वहीं, ईरान ने इराक के लिए अपनी सीमाओं को बंद कर दिया। तेहरान को डर है कि झड़प की लहर वहां तक फैल सकती है। स्थानीय टेलीविजन के सजीव प्रसारण में, अल-सद्र के समर्थकों को भारी मशीनगनों और रॉकेट से चलने वाले हथगोले फेंकते हुए और जवाबी कार्वाई में सुरक्षा बलों को ग्रीन जोन से गोलीबारी करते हुए दिखाया गया है। वहीं, खतरे से बेखबर लगते राहगीरों ने अपने मोबाइल फोन से गोलीबारी को फिल्माया। अल-सद्र के समर्थकों के हमले बंद होने के बाद, बख्तरबंद टैंकर ग्रीन जोन के चारों ओर खड़े नज़र आए। कईं किलोमीटर (मील) दूर से क्षेत्र में एक बिंदु पर घने काले धुएं का गुब्बार नज़र आया। टेलीविजन के फुटेज में इराकी विदेश मंत्रालय के साथ-साथ तीन-पहिया रिक्शा में एक घायल व्यक्ति को ले जाते हुए देखा गया। इराक के दो चिकित्सा अधिकारियों के मुताबिक, रात भर चली झड़प में कम से कम 30 प्रदर्शनकारियों की मौत हो चुकी है और 400 से अधिक घायल हुए हैं। मृतकों में अल-सदर के दोनों वफादार शामिल थे, जो एक दिन पहले विरोध प्रदर्शन में मारे गए। नाम न छापने की तर्ज पर अधिकारियों ने बताया कि मौत के आंकड़ों के बढ़ने की आशंका है। यह पहली बार नहीं है जब अल-सद्र ने संन्यास की घोषणा की है। वह इससे पहले भी ऐसी घोषणा कर चुके हैं। कई लोगों ने अल-सदर के इस कदम को वर्तमान गतिरोध के बीच प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ बढ़त हासिल करने का एक और प्रयास करार दिया। कुछ ने यह आशंका जताई है कि इस बार के उनके कदम से देश की स्थिति और बिगड़ सकती है, जो पहले से ही खराब है। ईरान ने सीमा बंद करने का कारण इराक में झड़प और सेना द्वारा लगाए गए कर्फ्यू को बताया। ईरान के लोगों को पड़ोसी देश की किसी भी यात्रा से बचने का आग्रह किया गया। सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने रिपब्लिकन पैलेस के बाहर सीमेंट के अवरोधक को रस्सियों से नीचे गिराया और महल के फाटकों को तोड़ दिया। उनमें से कई प्रदर्शनकारी महल के सभागार में पहुंच गए। इराक की सेना ने बढ़ते तनाव को शांत करने के उद्देश्य से सोमवार को शहर भर में कर्फ्यू की घोषणा कर दी।

## इराकी धर्मगुरु ने समर्थकों से एक घंटे में सरकारी परिसर छोड़ने को कहा

**बगदाद।** इराक के प्रभावशाली धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र ने सुरक्षा बलों तथा अर्द्धसैनिक समूहों के साथ भीषण संघर्ष के करीब 24 घंटे बाद अपने समर्थकों से सरकारी क्षेत्र से वापस जाने की अपील की है। अल-सद्र ने मंगलवार को टेलीविजन पर एक भाषण में अपने समर्थकों को सरकारी क्षेत्र छोड़ने के लिए एक घंटे का समय दिया। उनके सैकड़ों समर्थक सरकारी परिसर में घुस गए थे और संसद भवन के बाहर धरना दे रहे हैं। प्रभावशाली इराकी शिया धर्मगुरु के समर्थकों ने इराक के ग्रीन जोन में रॉकेट से ग्रेनेड दागे थे और मशीन गन से गोलीबारी की थी, जिसके बाद मंगलवार को सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्वाई की। देश में जारी एक महीने से चल रहा राजनीतिक संकट गंभीर होता जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक दो, दिन तक हिंसा के बाद कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई है। अल-सद्र ने सोमवार को घोषणा की थी कि वह राजनीति से इस्तीफा दे देंगे, जिसके बाद उनके समर्थन उच्च सुरक्षा वाले ग्रीन जोन में घुस आए जो एक समय अमेरिकी सेना का मजबूत केंद्र होता था। अब यहां इराक के सरकारी दफ्तर और विदेशी दूतावास हैं। हिंसा के बीच कम से कम एक देश ने अपने दूतावास को खाली कर दिया है।

# वेस्ट बैंक शहर में घुसने पर इजरायली नागरिकों पर हुई गोलीबारी, कई घायल

**नेबलस (वेस्ट बैंक)।** फलस्तीन के वेस्ट बैंक शहर नेबलस में प्रवेश करने पर गोलीबारी की जद में आने से कई इजरायली घायल हो गए। इजरायल की सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ऐसा प्रतीत होता है कि इजराइल के लोग अपने आप ही फलस्तीन के एक मुख्य तीर्थस्थल की ओर जा रहे थे, जहां आमतौर पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सेना के साथ यात्रा का प्रबंध किया जाता है। इस पवित्र स्थल को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले से तनातनी चलती आ रही है।

सेना ने बताया कि गोलीबारी शुरू होने के बाद फलस्तीनी प्राधिकरण और सुरक्षा बलों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले उस इलाके में प्रवेश किया गया, ताकि इजरायलियों को वहां से निकाला जा सके। दरअसल, इजराइल के लोगों का फलस्तीन-नियंत्रित क्षेत्रों में प्रवेश प्रतिबंधित हैं। हालांकि, कुछ लोग फिर भी वहां जाते हैं। सेना ने बताया कि शहर में सशस्त्र फलस्तीनियों के साथ गोलीबारी जारी थी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं था कि क्या दोनों घटनाओं का आपस में कोई संबंध था।

इजराइल, मार्च से कब्जे वाले वेस्ट बैंक में लगभग हर दिन छापामारी कर रहा है, जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। सेना के मुताबिक, मंगलवार को वेस्ट बैंक की छापेमारी के दौरान फलस्तीन के 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें पिछले सप्ताह गोलीबारी करने वाले दो संदिग्ध शामिल हैं। नेबलस के पास उत्तरी वेस्ट बैंक के गांव रुजीब में इजराइली सैनिकों के साथ गोलीबारी के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था। वीडियो फुटेज में रुजीब की इमारत को विस्फोट के बाद हिलते हुए दिखाया गया, जिसके बाद भीषण गोलियां बरसाई गईं। हालांकि, बाद में दोनों व्यक्तियों ने घर से बाहर निकलकर आत्मसमर्पण किया।



इजरायली सैन्य अभियान के दौरान फिलिस्तीनियों ने इजरायली वाहनों पर पत्थर फेंके।

## रूस के लिए मुसीबत बने ईरान निर्मित ड्रोनः अमेरिका

**वाशिंगटन।** यूक्रेन युद्ध में इस्तेमाल के लिए रूस को तेहरान से इस महीने हासिल ईरान निर्मित ड्रोन में तकनीकी समस्या आ रही है। बाइडन प्रशासन के अधिकारियों ने सोमवार को यह दावा किया। अधिकारियों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर अमेरिकी खुफिया विभाग का आकलन साझा किया, लेकिन उन्होंने ईरानी ड्रोन की विफलताओं का विवरण नहीं दिया। अमेरिका का आकलन है कि तेहरान ने सैकड़ों ईरानी मानव रहित ड्रोन (यूएवी) हासिल करने की रूसी योजना के तहत मास्को को इस महीने मोहाजर-6 और शहीद शृंखला के कई यूएवी उपलब्ध कराए हैं। एसोसिएटेड प्रेस ने पिछले हफ्ते खबर दी थी कि अमेरिका द्वारा ईरान को रूस को ड्रोन विमानों की आपूर्ति न करने की चेतावनी देने के बावजूद मास्को को हाल-फिलहाल में तेहरान से सैकड़ों यूएवी हासिल हुए हैं। इन ड्रोन विमानों का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में किया जा सकता है। रूस को ईरानी ड्रोन के साथ तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# अफगानिस्तान में आईएसआईएल-के की उपस्थिति काफी बढ़ गई है: भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा कि अफगानिस्तान में आईएसआईएल-के की उपस्थिति काफी बढ़ गई है। साथ ही उसने आगाह किया कि पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए- मोहम्मद जैसे प्रतिबंधित संगठनों के बीच संबंध और अन्य आतंकवादी संगठनों के भड़काऊ बयान क्षेत्र की शांति एवं स्थिरता के लिए खतरा हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा, जैसा कि हमने सुरक्षा परिषद में बार-बार कहा है.. एक निकटवर्ती पड़ोसी और लंबे समय से हमारे साझेदार होने, अफगानिस्तान के लोगों के साथ हमारे मजबूत ऐतिहासिक तथा सभ्यतागत संबंधों के मद्देनजर अफगानिस्तान में शांति एवं स्थिरता की वापसी सुनिश्चित करने के संबंध में भारत के सीधे हित जुड़े हैं। रूस के अनुरोध पर सोमवार को अफगानिस्तान पर बुलाई गई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में कंबोज ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद पर 1988 प्रतिबंध समिति की एनालिटिकल सपोर्ट एंड द सैंक्शन्स मॉनिटरिंग टीम की रिपोर्ट के हालिया निष्कर्ष बताते हैं कि अफगानिस्तान में मौजूदा अधिकारियों को अपनी आतंकवाद रोधी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए और अधिक कड़ी कार्वाई करने की जरूरत है। इस माह सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता चीन कर रहा है। देश में आईएसआईएल-के (इस्लामिक स्टेट- खुरासान प्रांत) की मौजूदगी और हमले करने की उनकी ताकत में काफी वृद्धि हुई है। (कथित रूप से अफगानिस्तान स्थित) आईएसआईएल-के अन्य देशों के लिए भी आतंकवाद संबंधी खतरा उत्पन्न करता है। कंबोज ने परिषद से कहा कि काबुल में 18 जून को सिख गुरुद्वारे पर हुआ हमला और 27 जुलाई को उसी गुरुद्वारे के पास एक और बम विस्फोट होने सहित अल्पसंख्यक समुदाय के धार्मिक स्थलों पर लगातार हो रहे हमले बेहद चिंताजनक हैं।

उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा आतंकवादी संगठन घोषित किए गए लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के बीच संबंध के अलावा अफगानिस्तान से सक्रिय अन्य आतंकवादी संगठनों के भड़काऊ बयान क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए सीधा खतरा हैं। कंबोज ने यह सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया कि ऐसे प्रतिबंधित आतंकवादियों, संगठनों या उनसे संबद्ध अन्य लोगों तथा संस्थाओं को अफगानिस्तान की धरती पर या क्षेत्र में स्थित आतंकवादी संगठनों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई समर्थन ना मिले। राजनीतिक परिदृश्य के संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा अफगानिस्तान में एक समावेशी सरकार की मांग की है, जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी हो।

## ताइवान की राष्ट्रपति ने चीनी खतरे के बीच सैनिकों को संयमित रहने को कहा

**पेंघु (ताइवान)।** ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने मंगलवार को स्वशासित द्वीप की सैन्य इकाई से कहा कि वे चीन द्वारा दैनिक आधार पर भेजे जा रहे विमान और युद्धपोतों को लेकर सयंमित रहें। ताइवान, चीन को संघर्ष भड़काने का मौका नहीं देगा। अगस्त महीने के शुरुआत में अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निम्न सदन प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइपे यात्रा के बाद से ताइवान पर सैन्य दबाव बनाए हुए है। चीन ने शुरुआत में इस यात्रा के जवाब में ताइवान के नजदीक समुद्र में बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया था और फिर ताइवान के ऊपर से मिसाइल दागी थी जो जापान के आर्थिक क्षेत्र में गिरी थी। राष्ट्रपति वेन चीन द्वारा प्रतिदिन डाले जा रहे दबाव के बावजूद सयंमित हैं। ताइवान के पश्चिमी तट पर पेंघु स्थित नौसेना के ठिकाने के दौरा किया और सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा, दुश्मन जितना भी उकसावे की मुद्रा में हो, हमें उतना ही संयमित रहने की जरूरत है। हमें उन्हें संघर्ष करने के लिए बहाना नहीं देंगे। इस दौरान उन्होंने रडार स्क्वाड्रन, वायु रक्षा कंपनी का निरीक्षण किया।

मेसर्स सैम साइंटिफिक वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। नोएडा प्राधिकरण द्वारा जारी उनका मूल लीजडीड और आवंटन पत्र खो गया है।

PUBLIC NTOICE
I, ATUL BHARGAVA S/o LATE SHRI PRADEEP BHARGAVA R/o. 8 Merlin ST Roseville NSW-2069, Australia, Presently Residing at B-153, Priyadarshini Vihar, Delhi-110092, declear that I lost all original document of BUILT UP FREEHOLD PROPERTY BEARING No. B-153, LAND MEASURING AREA 355 Sq. Yards., SITUATED AT PRIYADARSHINI VIHAR, DELHI-110092. and I Lost GPA in Favour of Pradeep Bhargava and Agreement to Sell, Receipt & will in Favour of Meena Bhargava executed on 19.07.1980. I has been lodged a F.I.R. On Date 30.08.2022, vide F.I.R. No. 741884/2022.
ATUL BHARGAVA

## क्विक न्यूज

### केंद्र ने 63 तौल, वजन मशीन विनिर्माताओं आयातकों को कारण बताओ नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** सरकार ने ई-कॉमर्स मंचों पर व्यक्तिगत वजन और माप मशीन मसलन किचन स्केल (रसोई में तौलने की मशीन) बेचने वाले 63 विनिर्माताओं, आयातकों और विक्रेताओं को नोटिस जारी किया है। नोटिस में पूछा गया है कि क्या उन्होंने सभी नियामकीय मानदंडों का अनुपालन किया है। ई-कॉमर्स मंचों पर इन उत्पादों की अनधिकृत बिक्री के संबंध में कई उपभोक्ता शिकायतों के बाद यह नोटिस भेजा है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को कहा गया कि यह पाया गया है कि इन उपकरणों के कुछ विनिर्माता और आयातक कानूनी प्रावधानों का पालन किए बिना ई-कॉमर्स मंचों पर तौल एवं वजन मशीनों को बेच रहे हैं। बयान में कहा गया, केंद्र ने विधिक माप विज्ञान विभाग के माध्यम से वजन और माप उपकरणों के 63 विनिर्माताओं/आयातकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर अनुपालन के संबंध में पूछा है। नोटिस में विनिर्माताओं, आयातकों और विक्रेताओं को मॉडल की मंजूरी, विनिर्माण आयात का डीलर लाइसेंस और वजन पैमाने के सत्यापन का विवरण उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह कार्वाई स्वतः संज्ञान के आधार पर की गई है। यह देखा गया था कि वजन और माप उपकरणों के कुछ विनिर्माता/आयातक कानून के प्रावधानों का पालन किए बिना किचन स्केल और वजन मशीन बेच रहे हैं। विधिक मापविज्ञान अधिनियम, 2009 के अनुसार विनिर्माताओं और आयातकों को अपने वजन और माप उपकरणों के मॉडल, विनिर्माण लाइसेंस, आयात पंजीकरण और सत्यापनास्टांप के लिए मंजूरी प्राप्त करना आवश्यक है।

### सीआईएल ने चार साल में कीमतें नहीं बढ़ाईं कोल इंडिया के चेयरमैन ने एजीएम में कहा

**कोलकाता।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने मंगलवार को कहा कि उसने पिछले चार वर्षों में कोयले की कीमतो में कोई इजाफा नही किया। कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय बाजार की तुलना मे बेहद प्रतिस्पर्धी कीमत पर आपूर्ति सुनिश्चित की। सीआईएल के चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने कंपनी की 48वी आम सभा (एजीएम) में शेयरधारकों से कहा कि वह उत्पादन और आपूर्ति को अनिवार्य स्तर तक बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि देश को उचित कीमत पर बिजली मिले। देश में कोयले की कुल आपूर्ति का 80 प्रतिशत कोल इंडिया उपलब्ध कराती है। अग्रवाल ने कहा, ऐसे वक्त में जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोयले की कीमतें बहुत अधिक हैं, कोल इंडिया भारतीय उपभोक्ताओं को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी कीमतो पर कोयले की आपूर्ति कर रही है, और पिछले चार वर्षों मे कीमतो में कोई वृद्धि नही हुई है। सीआईएल प्रमुख ने इससे पहले कहा था कि कंपनी परिचालन लागत में बढ़ोतरी के मद्देनजर कोयले की कीमतों में संशोधन पर सभी हितधारकों के साथ चर्चा कर रही है। उन्होने एजीएम मे कहा कि मौजूदा उपयोग पैटर्न के आधार पर भारत के बिजली उत्पादन में कोयला की भूमिका बनी रहेगी। हालांकि, उन्होंने पर्यावरण के नजरिए से नवीकरणीय ऊर्जा के लिए सरकार के प्रोत्साहन और सीओपी-26 में भारत द्वारा की गई जलवायु प्रतिबद्धताओं का स्वागत किया।

### पाकिस्तान चुनौतीपूर्ण आर्थिक मोड़ परः आईएमएफ

**वाशिंगटन/इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान एक चुनौतीपूर्ण आर्थिक मोड़ पर है। आईएमएफ ने कहा कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था प्रतिकूल बाहरी परिस्थितियों से प्रभावित हुई है और यूक्रेन युद्ध तथा घरेलू चुनौतियो के चलते असमान और असंतुलित वृद्धि हुई है। आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक मंडल ने सोमवार को पाकिस्तान के विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) कार्यक्रम को फिर से बहाल करने को मंजूरी दी थी। इससे नकदी संकट से जूझ रहे देश को 7वी और 8वी किस्त के रूप मे 1.17 अरब डॉलर मिलेंगे।

वाशिंगटन स्थित ऋणदाता ने ऋण योजना को मंजूरी देते हुए कहा, पाकिस्तान एक चुनौतीपूर्ण आर्थिक मोड़ पर है। आईएमएफ ने एक बयान में कहा चुनौतीपूर्ण घरेलू नीतियों के साथ ही कठिन बाहरी वातावरण ने घरेलू मांग को अस्थिर कर दिया है। इसके चलते वित्त वर्ष 2021-22 मे भारी राजकोषीय और वाह्य घाटा हुआ। बढ़ती मुद्रास्फीति ने हालात को और बिगाड़ा और रिजर्व बफर खत्म हो गया। पाकिस्तान और मुद्राकोष ने जुलाई, 2019 में छह अरब डॉलर का समझौता किया था। हालांकि, जनवरी 2020 में कार्यक्रम अटक गया और इस साल मार्च में इसे कुछ समय के लिए बहाल किया गया। लेकिन, जून में यह फिर पटरी से उतर गया था। मुद्राकोष ने कर्ज का आकार बढ़ाकर सात अरब डॉलर करने को भी मंजूरी दी है और इसका विस्तार जून, 2023 तक कर दिया है।

# भारत 2047 तक उच्च-मध्य आय वाला देश, 20,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता हैः देबरॉय

**नई दिल्ली।** भारत 2047 तक उच्च-मध्य आय वाला देश बन सकता है, बशर्ते अगले 25 साल में औसत वार्षिक वृद्धि 7 से 7.5 प्रतिशत के बीच रहे। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन बिबेक देबरॉय ने मंगलवार को यह अनुमान जताया। उन्होंने साथ ही कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 2047 तक 20,000 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इस समय भारत 2,700 अरब डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। देश को वर्तमान में एक विकासशील राष्ट्र के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

उन्होंने कहा कि यदि वास्तविक वृद्धि दर 7-7.5 प्रतिशत के बीच रहती है, तो भी अगले 25 वर्षों में देश की वार्षिक प्रति व्यक्ति आय 10,000 डॉलर होगी। देबरॉय ने भारत के लिए प्रतिस्पर्धात्मकता का मसौदा ए100 जारी करते हुए कहा, और 2047 में अर्थव्यवस्था का कुल आकार 20,000 अरब डॉलर से थोड़ा कम होगा। 2047 तक भारत भी उच्च मानव विकास श्रेणी के देशों में शामिल हो जाएगा।

देबरॉय ने कहा, ...इसका अर्थ है कि भारत उच्च-मध्यम आय वर्ग में होगा, न कि उच्च-आय वर्ग में। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इसका अर्थ यह भी है कि भारतीय समाज की प्रकृति पूरी तरह से बदल जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। विश्व बैंक की परिभाषा के अनुसार यदि किसी देश की प्रति व्यक्ति आय 12,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक है, तो उसे उच्च-आय वाला देश माना जाता है। भारत की वृद्धि के लिए राज्यों की वृद्धि महत्वपूर्ण है।

## गोयल ने की कई देशों के साथ एफटीए वार्ता की समीक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर चल रही बातचीत की समीक्षा के लिए एक बैठक की। बैठक में निर्यात और निवेश को बढ़ाने के लिए बातचीत में तेजी लाने के उपायों पर चर्चा हुई। गोयल के कार्यालय ने ट्वीट किया, पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए को पूरा करने, निर्यात और निवेश बढ़ाने के लिए बातचीत को तेज करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। भारत दरअसल ब्रिटेन, कनाडा, इजरायल और यूरोपीय संघ समेत कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। ब्रिटेन के साथ वार्ता इस महीने समाप्त होने की उम्मीद है। भारत ने अबतक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सिंगापुर और जापान समेत कई देशों के साथ व्यापार समझौता किया हैं।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने अंतरिम बजट पेश किया, आय बढ़ाने पर जोर

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने मंगलवार को संसद में अंतरिम बजट पेश किया। उन्होंने संसद में बजट पेश करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के साथ राहत पैकेज को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। इस बजट का उद्देश्य सबसे कठिन आर्थिक संकट का सामना कर रहे देश के लोगों की आय बढ़ाना और उन्हें राहत प्रदान करना है। वित्त मंत्रालय का भी प्रभार संभाल रहे राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने संसद को बताया कि अंतरिम बजट देश में अबतक मौजूद आर्थिक रचना में बदलाव की नींव रखेगा। उन्होंने कहा कि आईएमएफ के साथ राहत पैकेज पर बातचीत सफल रही है और यह अंतिम चरण में पहुंच गई है। बातचीत पूरी होने के बाद संसद को आगे की जानकारी दी जाएगी।

आईएमएफ की एक टीम वर्तमान में राहत पैकेज कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए श्रीलंका में है। यह कार्यक्रम नकदी संकट का सामना रहे देश के लिए मौजूदा आर्थिक संकट से निपटने में मददगार साबित हो सकता है। गौरतलब है कि 2.2 करोड़ की आबादी वाला श्रीलंका अभूतपूर्व आर्थिक उथल-पुथल की चपेट में है। द्वीपीय देश में लाखों लोगों को भोजन, दवा, ईंधन और अन्य आवश्यक चीजें खरीदने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। संसद में अपने संबोधन में राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा कि कई लोग अब भी इस बात से अनजान हैं कि वित्तीय संकट कितना गंभीर है। उन्होंने कहा कि इस अवसर का उपयोग पिछली गलतियों को सुधारने और दीर्घकालिक नीतियों को लागू करने के लिए करना चाहिए। इससे अर्थव्यवस्था को स्थिर करने और चुनौतियों से उबरने में मदद मिलेगी।

# बैंकिंग, आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स की 1,564 अंक की लंबी छलांग, निफ्टी 17,750 अंक के पार

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को जबर्दस्त उछाल दर्ज किया गया और बीएसई सेंसेक्स ।,564 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। यह सेंसेक्स में पिछले तीन महीने से अधिक में एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त है। वैश्विक स्तर पर मिलेजुले रुख के बीच बैंकिंग, आईटी और पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में जोरदार लिवाली से बाजार में तेजी लौटी। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स ।,564.45 अंक यानी 2.70 प्रतिशत की लंबी छलांग के साथ 59,537.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह ।,627.16 अंक तक चढ़ गया था।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 446.40 अंक यानी 2.58 प्रतिशत चढ़कर 17,759.30 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में 20 मई के बाद किसी एक दिन में यह सबसे बड़ा उछाल है। इससे पहले सोमवार को बाजार 1.4 प्रतिशत गिर गया था। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावल द्वारा नीतिगत दरों में आक्रामक तरीके से वृद्धि के संकेत से बाजार में भारी गिरावट आई थी।

इस गिरावट के बाद मंगलवार को बाजार ने जोरदार वापसी की। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व में सबसे अधिक 5.47 प्रतिशत का उछाल आया तथा बजाज फाइनेंस का शेयर 4.86 प्रतिशत चढ़ गया। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील और एचडीएफसी के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, टीसीएस, एचयूएल, एसबीआई, एक्सिस बैंक और आईटीसी के शेयर में बढ़त से भी बाजार को समर्थन मिला।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, शेयर बाजार में आज का सुधार दर्शाता है कि वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में घरेलू अर्थव्यवस्था अधिक जुझारू क्षमता दिखा रही है। हालांकि, बाजार में इस समय शेयरों के भाव ऊंचे हैं, लेकिन विदेशी निवेशकों के निरंतर समर्थन से स्थानीय बाजार चढ़ गया। विश्लेषकों के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में सुधार और वैश्विक बाजारों में अमेरिकी डॉलर में गिरावट ने भी निवेशकों की धारणा को बल मिला। इसके अलावा बीएसई मिडकैप 1.97 प्रतिशत और स्मॉलकैप 1.40 प्रतिशत के लाभ में रहे।

सोमवार को सेंसेक्स 861.25 अंक यानी 1.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,972.62 अंक पर बंद हुआ था जबकि निफ्टी में 246 अंक की गिरावट आई थी। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 102.52 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 561.22 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड क्योसेरा के संस्थापक जापान के दिग्गज कारोबारी इनामोरी का निधन

**तोक्यो।** इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने वाली जापान की दिग्गज कंपनी क्योसेरा के संस्थापक काजुओ इनामोरी का निधन हो गया है। वह 90 साल के थे। उन्होंने प्रमुख दूरसंचार कंपनी केडीडीआई कॉरपोशन की भी स्थापना की थी। उन्हें उनके परमार्थ कार्यों के लिए जाना जाता था। क्योसेरा ने मंगलवार को बताया कि इनामोरी का 24 अगस्त को क्योटो में अपने घर पर निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी असाको और तीन बेटियां है। इनामोरी ने अपने परिचितों से 30 लाख एन के निवेश के साथ 1959 में क्योसेरा को एक इन्सुलेटर विनिर्माण कंपनी के रूप में स्थापित किया था। इनामोरी ने 2010 में जापान की प्रमुख विमानन कंपनी जापान एयरलाइंस या जेएएल को दिवालिया स्थिति से निकालने में मदद की थी। वह एयरलाइन के निदेशक मंडल के सदस्य थे। दिग्गज कारोबारी ने 1984 में इनामोरी फाउंडेशन नामक अपनी गैर-लाभकारी संस्था की स्थापना की।

शुद्धिपत्र
ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग,दिल्ली-110005
ऋण खाता संख्या क्यूजैडडीईएल00005022985, कर्जदार का नाम मृत्युंजय कुमार तिवारी सम्पत्ति पता सम्पत्ति/फ्लैट नंबर 112 एवं 113 ए, नया नंबर डी-295, प्रथम तल, फ्रंट आरएचएस यूनिट बिना छत, गली 55, केएच नंबर 113/15, ग्राम पालम, महावीर एन्क्लेव 3, उत्तम नगर (दिल्ली) के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाएं, मांग सूचना प्रकाशन दिनांकित 03-12-2020 तथा सांकेतिक प्रकाशन दिनांकित 29-09-2021 प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा सम्पत्ति/फ्लैट नंबर 112 एवं 113 ए, नया नंबर डी-295, प्रथम तल, फ्रंट आरएचएस यूनिट बिना छत, गली 55, केएच नंबर 113/15, ग्राम पालम, महावीर एन्क्लेव 3, उत्तम नगर (दिल्ली) के स्थान पर सम्पत्ति/फ्लैट नंबर 112 एवं 113 ए, नया नंबर डी-295, प्रथम तल, फ्रंट आरएचएस यूनिट बिना छत, गली 55, केएच नंबर 113/15, ग्राम पालम (दिल्ली) वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको सम्पत्ति/फ्लैट नंबर 112 एवं 113 ए, नया नंबर डी-295, प्रथम तल, फ्रंट आरएचएस यूनिट बिना छत, गली 55, केएच नंबर 113/15, ग्राम पालम, महावीर एन्क्लेव 3, उत्तम नगर (दिल्ली) के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।
दिनांकित : 31-08-2022
स्थान : दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

बिक्री सूचना
निम्नलिखित आस्ति अधोवर्णित मामलों में, न्यायालय के आदेशों के अनुसार, बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है आधार" तथा "जैसा है जो है आधार" पर नीलामी के माध्यम से बेची जाएगी :-

| वाद विवरण | आस्ति विवरण |
| --- | --- |
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम श्री निसार खान एवं अन्य (सीएस(सीओएमएम) सं. : 110/2021) | वाहन नंबर - यूपी14एचटी4602, मेक तथा माडल - अशोक लीलैंड लिमिटेड, पार्टनर विनिर्माण वर्ष - 2018 |

नीलामी की तिथि एवं समय : 8 सितम्बर, 2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक
नीलामी की विधि : ऑनलाइन स्थान : https://auctions.cardekho.com/#/
सम्पर्क व्यक्ति :- संतोष बलबंतराय (9163343439)/अंकित सोनी (8085250890)
बिक्री की शर्तें
उक्त आस्ति का यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार वर्णित किया गया है, जो तथापि, उक्त विवरण में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। अतएव इच्छुक प्रतिभागी/प्रतिभागियों से उनके अपने हित में अनुरोध है कि वे बोली देने से पहले उक्त आस्ति और उससे संबंधित अन्य विवरण के बारे में अपनी संतुष्टि कर लें।
सफल बोलीदाता को बिक्री राशि पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट/आरटीजीएस/एनईएफटी द्वारा स्वीकृति की तिथि से 5 दिन के भीतर जमा करनी होगी।
इच्छुक बोलीदाता उक्त दृष्टिबंधित वाहन के विस्तृत विवरण तथा निरीक्षण के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 228ए, एजेसी बोस रोड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, कोलकाता-700020 पधार सकते हैं।

ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले के पैरोकार का आरोप

# मुद्दे को हथियाना चाहता है हिंदू पक्ष का दूसरा गुट

भाषा। लखनऊ

**वाराणसी** के ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले के एक प्रमुख पैरोकार जितेंद्र सिंह बिसेन ने हिंदू पक्ष के कुछ लोगों पर देश में सांप्रदायिकता भड़काने के लिए इस मुद्दे को हथियाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

बिसेन ने कहा कि कि उन्हें इस मामले से अलग होने की लगातार धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर उनके साथ कुछ भी गलत हुआ तो इसके लिए सरकार भी जिम्मेदार होगी। विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रमुख बिसेन ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि वह ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले को संवैधानिक और शांतिपूर्ण ढंग से निपटाना चाहते हैं लेकिन इस मामले की बाकी चार अन्य वादी महिलाओं के अधिवक्तागण इस मामले की आड़ में देश में सांप्रदायिकता भड़काना चाहते हैं, इसलिए वह इस मामले को हथियाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले की सुनवाई की जाए या नहीं, इस पर अदालत आगामी 12 सितंबर को फैसला सुनाएगी। उन्होंने कहा कि दूसरे पक्ष के लोगों ने उसी दिन बनारस में जश्न मनाने का फैसला किया है।

**जितेंद्र सिंह बिसेन ने कहा कि कि उन्हें इस मामले से अलग होने की लगातार धमकियां दी जा रही हैं**

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जाहिर है कि वे लोग इसके जरिए मुस्लिम समुदाय की भावनाएं भड़काना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ए लोग मीडिया में भी भड़काऊबयानबाजी कर रहे हैं। बिसेन ने आरोप लगाया कि दूसरा पक्ष नहीं चाहता कि वह वाराणसी पहुंचें। उन्होंने कहा कि उन्हें पिछले कई महीनों से लगातार धमकियां मिल रही हैं और मौजूदा हालात को देखते हुए उन्होंने आगामी चार सितंबर को आदि विश्वेश्वर विराजमान बनाम राज्य सरकार मामले की पैरवी के लिए वाराणसी जाने का कार्यक्रम भी निरस्त कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें पिछली 26 अगस्त को दिल्ली में अपने घर के पास सैर के दौरान चार लोगों ने उन्हें रोक कर धमकाते हुए कहा कि वह ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले से अलग हो जाएं, यही उनके परिवार के लिए अच्छा होगा। बिसेन ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले की प्रमुख वादी राखी सिंह के रिश्तेदार होने के साथ-साथ मामले के अहम पैरोकार भी हैं। उन्होंने पिछले दिनों इस मामले से हरि शंकर जैन और उनके बेटे विष्णु शंकर जैन को मुकदमे की पैरवी से हटा दिया था। हालांकि ए दोनों अब भी बाकी चार महिला वादियों की तरफ से पैरवी कर रहे हैं। इस बारे में विष्णु शंकर जैन ने पीटीआई-भाषा से कहा कि बिसेन तो शुरु से ही तरह-तरह के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन तमाम आरोपों पर वह कुछ भी नहीं कहना चाहते। बिसेन ने कहा कि वह इस मामले से कतई पीछे नहीं हटेंगे। बिसेन ने कहा, मैंने खुद को मिल रही धमकियों की शिकायत कई बार प्रशासन से की लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। अगर मुझे या मेरे परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसके लिए धमकाने वाले पक्ष के साथ-साथ सरकार भी जिम्मेदार होगी। गौरतलब है कि दिल्ली निवासी राखी सिंह तथा वाराणसी की रहने वाली चार महिलाओं ने ज्ञानवापी परिसर स्थित श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा करने और विग्रहों की सुरक्षा के लिए वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में मुकदमा दायर किया है। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर इस मामले की सुनवाई अब जिला अदालत में की जा रही है। बिसेन इस मामले के प्रमुख पैरोकार हैं।

# आशुतोष की नगरी में पुत्र गणेश की धूम

## धूमधाम से मनाया जाएगा गणेश उत्सव आज से श्री काशी मराठा गणेश उत्सव समिति का पांच दिवसीय 16 वां श्रीं गणेश उत्सव शुरू

पायनियर समाचार सेवा ।वाराणसी

**आसभैरो** स्थित अग्रवाल भवन के सभागार मे श्री काशी मराठा गणेश उत्सव समिति 16 वां श्रीं गणेश उत्सव पांच दिवसीय विविध कार्यक्रमो के साथ मनायेगा! 'मुम्बई के सुप्रसिद्ध लाल बाग का राजा की प्रतिमूर्ति' बुध्दवार सुबह 8 बजे स्थापित विधि-विधान पूजन के साथ किया जायेगा! 9 बजे महाआरती ,सायंकाल 5 बजे चित्रकला प्रतियोगिता,6,30 बजे शिव चरित्र जनता राजा नाटक का मंचन, 'छत्रपति शिवाजी महाराज सम्मान समारोह', रात्रि 9 बजे श्री काशी विश्वनाथ डमरूदल 51 डमरु की ध्वनि से महाआरती। सुबह महाआरती, व प्रतिमा लाल बाग का राजा पूजन मुख्य अतिथि शहर दक्षिणी के पूर्व विधायक श्याम देव राय चौधरी दादा होगें। नूतन बालक गणेशोत्सव समाज सेवा मंडल दिनांक 31 अगस्त से दिनांक 06 सितम्बर तक 114 वां सप्तदिवसीय महोत्सव ऑनलाइन मनायेगा । बुधवार को प्रात: 8 बजे गणेशोत्सव का उद्घाटन समारोह आयोजित किया



जायेगा। इस कार्यक्रम की अद्यक्षता श्रीमती मृदुला जायसवाल करेंगी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित कुमार लालवानी व विशिष्ट अतिथि डॉ. रवि अग्रवाल होंगे । कार्यक्रम के पूर्व भगवान गणेश की प्रतिमा को स्थानीय दूधविनायक से 卐गजानना ला नेऊ घरी卐 इस परंपरागत पद्य के साथ पालकी में उत्सव स्थल पर लाया जायेगा प् श्री मूर्ति की स्थापना वेदमूर्ति वीरेश्वर नारायण दातार जी व पंडित हेमंत जोशी के आचायर्त्व में उत्सव मंत्री अद्वितीय वीरेश्वर दातार व उत्सव अध्यक्ष श्री गजानन जयराम जोशी जी करेंगे । तत्पश्चात सहस्त्रनामार्चन (दूर्वा) से किया जाएगा । सायं 6 बजे काशी में उपलब्ध शाखाओं के वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा वसंत पूजा (वेदघोष) का कार्यक्रम होगा तथा सायं 7.30 बजे हरि भक्त परायण श्री विजय कृष्ण भागवत का नारदीय हरिकीर्तन होगा। उनके साथ हारमोनियम पर रामचन्द्र कृष्ण भागवत व तबले पर पुष्कर पुंडलिक भागवत संगत करेंगें।

मछोदरी स्थित श्री काशी विद्या मंदिर में दो दिन बाद गणपति बप्पा पधारेंगे और सात दिन तक अपने भक्तों के साथ महोत्सव मनाएंगे। महोत्सव का आयोजन श्री काशी विश्वनाथ गणपति महोत्सव के तत्वावधान में होगा। अपने स्थापना के 24वें वर्ष में प्रवेश कर चुके श्री काशी विश्वनाथ गणपति महोत्सव का श्रीगणेश बुधवार को सुबह 10 बजे प्रांगण में श्रीमूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का साथ होगा। इस बाबत विस्तृत जानकारी श्री काशी विद्या मंदिर की प्राचार्य सुश्री किरण यादव ने दी। उन्होंने बताया कि प्रांगण में श्रीगणपति प्रतिमा की स्थापना व प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं अन्य विद्यालयी बच्चों के बीच विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। भगवान गणेश की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा व महोत्सव के उद्घाटन के बाद सायंकाल भजनगीत प्रतियोगिता होगी। कहा कि सात सितम्बर तक चलने वाले महोत्सव में पूजन अनुष्ठान एवं हवन के अलावा मुख्य रूप से चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता, सुलेख एवं स्मृति प्रतियोगिता, शतरंज व देशभक्ति गीत प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता अलग-अलग दिनों में होगी। वहीं, गरबा एवं लोकनृत्य की प्रस्तुति भी आकर्षक होगी। इसके साथ ही महोत्सव के तहत एक सितम्बर को 'काशी विद्या सम्मान' का आयोजन किया गया है।

## हरितालिका तीज पर सुहागिनों ने मॉ मंगला गौरी के दरबार में की पूजा-अर्चना



।वाराणसी। श्री हरितालिका तीज महोत्सव के अवसर पर सुहागिनों ने मंगलवार को अलसुबह से निराजल दिनभर व्रत रहकर गंगाजी पहुँची जहॉ स्नान के बाद नए वस्त्र तथा गहने आदि धारण कर पंचगंगा घाट स्थित मॉ मंगला गौरी के दरबार में पहुँची और अपने अखंड सुहाग के पूजन-अर्चन की। आज सुबह मॉ मंगला गौरी के महंत पंडित नारायण गुरू एवं नरेन्द्र पाण्डेय ने मॉ को गंगाजल स्नान तथा चरणामृत स्नान कराकर मॉ को नई चुनरी वस्त्र धारण कराया तथा मॉ को सुहाग के सामान तथा गुझिया, मिष्ठान एवं फल के भोग लगाया। इस अवसर पर मॉ मंगला गौरी की भव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद मॉ की मंगला महाआरती पंडित नारयण गुरू ने किया इसके पश्चात श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन के लिए मॉ की कपाट खोल दिया गया जो देर रात तक पूजन-अर्चन चलता रहा। मॉ मंगला गौरी के दर्शन-पूजन के लिए सुहागिनों एवं कुंवारी कन्याओं की लाइन तैलंग स्वामी के मंदिर के पास लगी हुई थी। इस दौरान महिला पुलिस सुरक्षा में लगी थी।

## कलाकारों ने अपने पसंदीदा शिक्षकों का जताया आभार

**वाराणसी।** हम सभी के पास कुछ ऐसे शिक्षक जरूर होते हैं, जिन्होंने हमें प्रेरित किया और हमारी जिंदगी को सही दिशा देने में मदद की। हर साल शिक्षक दिवस ऐसे ही शिक्षकों के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने हर स्टूडेंट की जिंदगी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने उन पसंदीदा शिक्षकों के प्रति आभार जताया, जिन्होंने उन्हें जिंदगी के कुछ महत्वपूर्ण सबक सिखाये हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं- आयुध भानुशाली ('दूसरी मां' के कृष्णा), आन तिवारी ('बाल शिव' के बाल शिव), आर्यन प्रजापति ('हप्पू की उलटन पलटन' के ऋतिक सिंह) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी)। आयुध भानुशाली, जोकि एण्डटीवी के आगामी शो 'दूसरी मां' में कृष्णा का किरदार अदा कर रहे हैं, ने कहा, ''मेरे स्कूल में कई बेहतरीन टीचर्स हैं, लेकिन यास्मिन मैम और रूपाली म्हात्रे मैम मुझे सबसे ज्यादा अच्छी लगती हैं।

## डॉ. विभा मिश्रा आत्मा राम अवार्ड व डॉ. एम के गुप्ता आईएमए रत्न से सम्मानित

**वाराणसी।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए)का 104वॉ वार्षिकोत्सव छावनी क्षेत्र के एक होटल में मनाया गया। मुख्य अतिथि स्टांप एवं पंजीयन रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि कोरोना काल के दौरान चिकित्सकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। डाक्टर हैं तो हमसब सुरक्षित है। आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 सहजानंद प्रसाद सिंह ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। इस दौरान विशेष योगदान के लिए डॉ0 एस0पी0 गुप्ता को डॉ0 प्रकाश नारायण सिंह स्मृति एवार्ड के तहत आईएमए रत्न और डॉ0 विभा मिश्रा को आत्मा राम एवार्ड प्रदान किया गया। डॉ0 के0 निरंजन को लल्लन प्रसाद शुक्ला मेमोरियल अवार्ड, डॉ0 एस पी गुप्ता को डॉ0 यू0सी गुप्ता मेमोरियल अवार्ड, डॉ0 राकेश कुमार को डॉ0 एस डी ओहरी मेमोरियल अवार्ड व डॉ0 अनिल ओहरी को डॉ0 एम ए नोमानी मेमोरियल अवार्ड दिया गया। लगभग सत्तर चिकित्सकों को अलग-अलग श्रेणियों में सम्मानित किया गया। आईएमए के अध्यक्ष डॉ0 कार्तिकेय सिंह व सचिव डॉ0 राजेश्वर नारायण ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं अवार्ड की घोषणा की।

## बीएचयू की ओर से यूथ फेस्ट 2022 का आयोजन

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के नौजवानों में बीड़ी और धूम्रपान रहित तंबाकू के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर जागरूकता पैदा करने और अच्छी सेहत एवं तंदुरुस्ती के महत्व पर जोर देने के लिए भारत के सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में से एक बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के सामाजिक कार्य और समाज शास्त्र विभाग की ओर से यह फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा जिंदगी से यारी-यूथ फेस्ट 2022 का आयोजन किया जाएगा। 1 सितंबर 2022 गुरुवार को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होने वाले इस फेस्टिवल में शहर के कॉलेज स्टूडेंट्स एक साथ आएंगे। लोगों को जागरूक कर तंबाकू की खपत कम करने में मदद ली जा सकती है। फेस्टिवल में छात्रों को तंबाकू मुक्त भारत के लिए प्रभावी रूप से कदम उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में समाज शास्त्र विभाग के डीन प्रोफेसर अरविंद कुमार जोशी ने बताया की नौजवान हमारा भविष्य ही नहीं बल्कि वर्तमान भी हैं तंबाकू के इस्तेमाल को रोकने या कटौती के लिए युवाओं को यह समझाना बहुत जरूरी है कि तंबाकू किस तरह उनसे उनकी जिंदगी को छीन सकता है।

## उज्जीवन फाइनेंस बैंक ने प्रदेश में नई ब्रांच की शुरुआत की

वाराणसी। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने प्रदेश के दशरथपुर जिला जौनपुर में अपनी नई ब्रांच शुरू करने की घोषणा की। दशरथपुर में उज्जीवन एसएफबी ब्रांच लगभग 5 किमी के दायरे में एकमात्र बैंक होगा, जो ग्राहकों को कस्टमाइज्ड बैंकिंग सॉल्यूशंस प्रदान करेगा और आकर्षक ब्याज दरों पर सावधि जमा (फिक्स्ड डिपॉजिट) तथा बचत खाते (सेविंग्स अकाउंट) की पेशकश करेगा और बाधारहित बैंकिंग की सुविधा प्रदान करेगा।

## महादेव मंदिर से शेषनाग और चांदी का छत्र चोरी

**मुजफ्फरनगर।** शामली जिले के कैराना कस्बे मे महादेव मंदिर से शेषनाग और चांदी का छत्र चोरी होने का मामला सामने आया है। मंदिर मे चोरी की घटना से लोगों मे रोष है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) बृजेंद्र सिंह भड़ाना ने मंगलवार को बताया कि अज्ञात बदमाश सोमवार को ताला तोड़कर मंदिर मे घुसे और उन्होने मंदिर से शेषनाग और चांदी का छत्र चोरी कर लिया।

# मेरठ में बैंक प्रबंधक की पत्नी और बेटे की हत्या

भाषा। मेरठ

**घर के लोगों ने घटना को लेकर परिचितों पर शक जताया**

**जिला** मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर हस्तिनापुर में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के प्रबंधक की पत्नी और बेटे की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि बिजनौर के जलीलपुर कस्बे में पीएनबी के प्रबंधक पद पर तैनात संदीप कुमार हस्तिनापुर के रामलीला ग्राउंड स्थित इलाके में पत्नी शिखा (25) और बेटे रुकांश (5) के साथ रहते थे। सजवाण के मुताबिक, सोमवार रात आठ बजे संदीप कुमार ने पुलिस को पत्नी और बेटे की गुमशुदगी के बारे में सूचना देते हुए बताया कि शाम करीब सात बजे जब वह बैंक से घर लौटे तो उन्हें घर के बाहर ताला लगा मिला। इसके बाद पुलिस संदीप कुमार की पत्नी और बेटे की तलाश में जुट गई। सजवाण के अनुसार, करीब दो-तीन घंटे बाद प्रबंधक ने अपने पड़ोसियों की मौजूदगी में घर का ताला तोड़ा तो अंदर एक कमरे के दीवान के अंदर शिखा और दूसरे कमरे के बेड के अंदर रुकांश का शव मिला। एसएसपी ने आशंका जताई है कि मां-बेटे की हत्या संभवत: गला घोंटकर की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, घर के लोगों ने परिचितों पर हत्या का शक जताया है। सजवाण ने कहा कि बैंक प्रबंधक की शादी को करीब सात साल हुए थे और घटना की सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि शिखा के मायके वालों को भी वारदात की सूचना दे दी गई है। परिजनों के अनुसार, शिखा आठ माह की गर्भवती थी। पुलिस के मुताबिक, हत्यारों ने शिखा और रुकांश के हाथ बांध दिए थे और मुंह में कपड़ा ठूंस रखा था। अनुमान है कि वारदात को दिन में अंजाम दिया गया था। परिजनों का कहना है कि घर से नगदी और जेवर गायब हैं।



संतकबीरनगर के तीनो विधायकों ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व महामंत्री से शिष्टाचार भेंट की, विधायक अंकुर राज तिवारी, गणेश चन्द्र चौहान, अनिल त्रिपाठी के अलावां जिलाध्यक्ष जगदम्बा लाल श्रीवास्तव ने चौधरी से वार्ता के दौरान क्षेत्र में संगठन और सियासी हालात पर चर्चा की।

# प्रदेश के 22 जिले बाढ़ से प्रभावित



भाषा। लखनऊ

**व्यापक** वर्षा और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण उत्तर प्रदेश के 22 जिले बाढ़ की चपेट में हैं और हजारों हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। वाराणसी में घाट पानी में डूब जाने के कारण शवों के दाह संस्कार में काफी मुश्किलें आ रही हैं। बलिया में बाढ़ के पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। राहत आयुक्त कार्यालय से मिली रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में वर्तमान समय में 22 जिलों के 1079 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं और उनमें से 153 का संपर्क बाकी क्षेत्रों से पूरी तरह कट गया है। इसके अनुसार बाढ़ से कुल 244279 लोग प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के बाढ़ प्रभावित जिलों में 347 राहत शिविर बनाए गए हैं जहां लगभग 21000 लोगों को रखा गया है। राहत और बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कुल 26 टीमें तैनात की गई हैं। प्रभावित इलाकों में खाद्य सामग्री के पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। वाराणसी से प्राप्त जानकारी के मुताबिक गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है जिससे तटवर्ती इलाकों के हजारों लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाट पर बाढ़ की वजह से शवों के दाह संस्कार में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मणिकर्णिका घाट में शवदाह के निचले प्लेटफार्म बाढ़ के पानी में डूब चुके हैं लिहाजा छत पर शव जलाए जा रहे हैं। वहीं, हरिश्चंद्र घाट की गलियों में शवदाह किया जा रहा है। शवों के दाह संस्कार के लिए लोगों को चार से पांच घंटे का इंतजार करना पड़ रहा है। वाराणसी में कुल 115 गांवों के 28499 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। जिले में बाढ़ से 608.572 हेक्टेयर फसल भी प्रभावित हुई है। बलिया जिले में गंगा नदी के जल स्तर में वृद्धि के कारण 27 गांवों की आबादी प्रभावित हुई है। आपदा प्रबंधन विभाग के प्रभारी पीयूष सिंह के मुताबिक बाढ़ से बचाव के लिए तटवर्ती इलाकों के लोगों ने बांध पर शरण ली है। उन्होंने बताया कि बाढ़ के पानी में डूबने से दो कटी थाना क्षेत्र के दलन छपरा गांव में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजन को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है।

मिर्जापुर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर सोमवार रात खतरे के निशान को पार कर गया। हालांकि अब उसका जलस्तर एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कम हो रहा है। जिले में 103 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, जिनमें से 13 गांवों में आबादी और फसल दोनों ही प्रभावित हुई है। हमीरपुर से मिली रिपोर्ट के मुताबिक बांधों से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण नदी के किनारे बसे गांवों की स्थिति अब भी सामान्य नहीं हो पाई है। हमीरपुर, मौदहा और सरीला क्षेत्रों में 2300 हेक्टेयर से ज्यादा फसल पानी में डूब गई है और कई गांवों का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। सहारनपुर से अपर पुलिस अधीक्षक सूरज राय के हवाले से मिली रिपोर्ट के मुताबिक शिवालिक की पहाड़ियों पर हो रही तेज बारिश के कारण जिले में सोमवार देर शाम मां शाकंभरी देवी मंदिर क्षेत्र में अचानक बाढ़ आ जाने से अफरा-तफरी मच गई। पानी का बहाव इतना तेज था कि एक बस और श्रद्धालुओं की कई गाड़ियां बहती चली गईं और कई तीर्थयात्री बाढ़ में फंस गए।

# डीएम और एसपी ने संभाली विभूतिनाथ मेले की कमान



**श्रावस्ती।** सिरसिया जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने पाण्डव कालीन विभूतिनाथ मन्दिर पर मेले में व्यवस्था की कमान स्वयं संभाली और कजरी तीज लगते ही रात्रि 12 बजे के उपरान्त जलाभिषेक प्रारम्भ कराया। कांवड़ियों व श्रृद्धालुओं को कोई दिक्कत न होने पावे इसके लिये रात्रि भर विभूतिनाथ मन्दिर परिसर में ही कैम्प कर मेला परिक्षेत्र का जायजा लेते रहेए और श्रृद्धालुओं से उनका कुशलक्षेम भी लेते रहे। कजरी तीज पर्व के अवसर पर श्रृद्धालुओंध्कांवड़ियों द्वारा हर हर महादेव के जय.जय कार करते हुए श्री विभूतिनाथ मंदिर में दर्शन.पूजन के लिये पहुच कर मंदिर में ऐतिहासिक जनसैलाब ने दर्शन.पूजन एवं जलाभिषेक किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिक्षेत्र एवं बाहर सुरक्षा व्यवस्था मे लगे मजिस्ट्रेटोंध्पुलिस अधिकारियों को निर्देश देती रही कि मन्दिर में जलाभिषेक के लिए आने वाले दर्शनार्थियोंध्श्रृद्धालुओं को कोई दिक्कत न होने पावेए इसके लिए सम्बन्धित मजिस्ट्रेट एंव पुलिस अधिकारीए मेला कमेटी के सदस्यगण विशेष ध्यान रखें। मेले में आने वाले श्रृद्धालुओं के लिए पेयजलए स्वास्थ्य कैम्पए सफाई व्यवस्थाए वैकल्पिक शौचालयध्मोबाइल टायलेटए स्वास्थ्य कैम्पए खोया.पाया केन्द्र एवं प्रकाश आदि व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बाहर से आये श्रृद्धालुओं से बेहतर व्यवहार किया जाये और मेले में उपलब्ध सभी सुविधांए उन्हे हरहाल में मुहैया कराई जाएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्रए अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादवए उप जिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमारए उपजिलाधिकारी रोहितए उपजिलाधिकारी आशुतोषए पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल चौबेए जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरीए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 जयइन्द्र सिंहए जिला बचत अधिकारी रामप्रसाद सहित अन्य सम्बन्धित मजिस्ट्रेटगणए पुलिस अधिकारीए महन्त शिवनाथ गिरीए मेला प्रबन्धन समिति के प्रबन्धक पदमाकर दुबेए मेला व्यवस्था में लगे सहयोगीगण सहित श्रृद्धालुओं व कांवरियों का भारी जनसैलाब मौजूद रहा।

## पतंजलि पीठ के तत्वावधान में एक दिवसीय योग शिविर

**श्रावस्ती।** गिलौला . विकास खण्ड गिलौला के अयोध्या प्रसाद महावीर उ0 मा0 विद्यालय भिठिया चिचड़ी में सोमवार को में पतंजलि योग पीठ के तत्वाधान में एक दिवसीय योग शिविर आयोजित किया गया जिसमे योग शिक्षक कौशलेन्द्र वर्मा ने बच्चो को विभिन्न प्रकार के आसन जैसे ताड़ासनएवृक्षासनएसूर्य नमस्कारएचक्रासनएके साथ प्राणायाम शिखाएं। उन्होंने कहा प्राणायाम में भस्त्रिका प्राणायाम करने से अस्थमा टी बी स्वास रोग में भ्रामरी व अनुलोम विलोम करने से सर दर्दएलकवाएबी पी एतथा कपालभातिएप्राणायाम करने से गैसएपथरीएशुगरएथाइरोइडपथरी एजैसे रोग नही होंगे। उन्होंने कहा की योग से मनुष्य का सम्पूर्ण विकास होता हैए विद्याथियों के लिये प्राणायाम ज्ञान व मस्तिष्क के विकास का सर्वोत्तम साधन है।युवको के लिये प्राण शक्ति है वृद्धो के लिये प्राण संभल व संजीवनी है और बुढ़ापे में होने वाली दुखो और रोगों से बचने का एक वैज्ञानिक आसन अत्यन्त प्रभावशाली तुरन्त लाभ देने वाला साधन है इस मौके पर एप्रधानाचार्य एकृष्ण बहादुर पाण्डेय एवम देव राज ए इंदु प्रकाश सतीश कुमार शिव नाथ गुप्ताएराजेश कुमार एबाबू लालए रवि सोनी एशिवानी पाठकएसन्दीप सिंहए लव कुमार पाठक आदि शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे ।

## कीटनाशक के उपयोग का बासमती चावल के निर्यात पर कोई असर नहीं

**कानपुर।** बासमती चावल और गैर बासमती चावल के निर्यात में भारत विश्व का अग्रणी देश है। पिछले 10 सालों में यानी 2012.13 से लेकर अब तक बासमती चावल का निर्यात ;मात्रा के आधार पर 46 फीसद बढ़ा है जिसमें सीएजीआर 4फीसद की बढ़त दर्ज की गई है। बासमती चावल का निर्यात 2012.13 से लेकर 2020.21 तक 346 लाख टन से बढ़कर 463 लाख टन हो गया है। पिछले वित्तीय वर्ष 2021.22 में आई मामूली गिरावट मुख्यतः सऊदी अरब द्वारा चावल की भारत से अपनी चावल की आयात घटाने की वजह से हुई है। इन तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए दीपक शाह क्रॉप केयर फेडरेशन ऑफइंडिया के चेयरमैन ने जोर देते हुए कहा कि हाल ही में पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा 10 जेनेरिक कीटनाशक के उपयोग पर जो रोक लगाई गई है, वह अनावश्यक है, गलत इरादे से लगाई गई है, इससे बासमती चावल के निर्यात को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने में कोई मदद नहीं होगी। उल्टा इससे किसानों की लागत में ही बढ़त हो रही है, क्योंकि उन्हें दूसरे महंगे विकल्प चुनने पड़ रहे हैं।

## मुख्तार की 4 करोड़ 20 लाख की संपत्ति कुर्क

**गाजीपुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 02088022को प्रभारी निरीक्षक थाना मोहम्मदाबाद विवेचक थाना मोहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर द्वारा प्रेषित आख्या पर व पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा की गई संतुति दिनांक 28088022 को अभियुक्त मुख्तार अंसारी पुत्र सुभानुल्लाह अंसारी निवासी दर्जी टोला यूसुफपुर थाना मोहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर एक गिरोह बनाकर लोक व्यवस्था को अस्त.व्यस्त करने अपने स्वयं के तथा अपने गैंग के सदस्यों के लिए आर्थिक तथा भौतिक व अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से अकेले एवं सामूहिक रूप से आपराधिक कार्य तथा समाज विरोधी क्रियाकलापों में अर्जित अपने सहयोगी जफर उर्फचन्दा पुत्र नसर के नाम से बेनामी अचल संपत्ति निम्न है। जफर उर्फचन्दा पुत्र नसर निवासी सदर रोड मु0बा0 जनपद गाजीपुर की कस्बा मुहम्मदाबाद मौजा चकरसीद जफरपुरा शहरी तहसील मु0बाद जनपद गाजीपुर में स्थित आराजी न0182ए183ए184ए190ए191ए192ए193एव आराजी न0 194ध्1 के कुल रकबा 0ए939 मे से रकबा 0ए1885 हेक्टेयर भूमि है।

# उप मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा

## केशव मौर्य ने प्रभावित लोगों को राहत सामाग्री वितरित की



**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को बक्शी बांध पहुंचकर वहां से नाव के द्वारा बघाड़ा सलोरी सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को बाढ़ राहत पैकेट में लाई भूना चना गुड़ मोमबत्ती माचिस बिस्कुट साबुन पीने का पानी वितरित किया। उप मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ का पानी कम हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने बाढ़ के बाद की समस्याओं से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग को एलर्ट मोड़ पर रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि सरकार एवं प्रशासन की तरफ से बाढ़ से प्रभावित हुए लोगों के लिए पर्याप्त व्यवस्थायें की गयी हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित लोगों की समस्याओं को सुनने और प्रशासन की ओर की गयी व्यवस्थायें के बारे में जानकारी लेने के लिए ही वह बाढ़ से प्रभावित लोगों के बीच आये। जिलाधिकारी ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि एनडीआरफ की टीम निरंतर बाढ़ क्षेत्रों का भ्रमण कर रही है तथा बाढ़ से प्रभावित लोगों को रेस्क्यू कर रही है। उन्होंने कहा कि जल पुलिस तथा सामान्य पुलिस भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर निगरानी रख रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी उप जिलाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर स्थिति का जायजा लेते रहने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए नाव दवाईयां राशन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें भी निरंतर सुनिश्चित करायी जा रही है।

**वाईएमसीए स्कूल पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं:**प्रयागराज। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निरीक्षण के उपरांत बाढ़ राहत केन्द्र वाईएमसीए का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत केन्द्र में रह रहे लोगों से बातचीत करते हुए केन्द्र में मिल रहे चाय नाश्ता खाना बच्चों के लिए दूध आदि की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। जिस पर वहां पर रह रहे लोगों के द्वारा प्रशासन द्वारा की गयी व्यवस्थाओं पर खुशी व्यक्त की गयी तथा कहा कि यहां पर चाय नाश्ता खाना की उत्तम व्यवस्था की गयी है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बाढ़ राहत केन्द्रों पर भोजन पानी प्रकाश बिस्तर सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को चुस्त दुरूस्त बनाये रखने का निर्देश दिया है। उप मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत केन्द्र में रह रहे बाढ़ से प्रभावित लोगो को आटा चावल दाल नमक हल्दी मिर्च पिसी धनिया रिफाइंड तेल तथा आलू के पैकेट का वितरण तथा महिलाओं को अलग से डिग्निटी किट का भी वितरण किया साथ ही साथ उन्होंने लाई भूना चना गुड़ मोमबत्ती माचिस बिस्कुट साबुन का अलग से पैकेट तथा पीने का पानी भी बाढ़ राहत केन्द्र में वितरित किया।

# अफगानिस्तान सुपर चार में

## ●एशिया कप : बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

भाषा। शारजाह



**मुजीब उर रहमान** और राशिद खान की फिरकी के जादू के बाद नजीबुल्लाह जादरान और इब्राहिम जादरान की नाबाद पारियों से अफगानिस्तान मंगलवार को यहां ग्रुप बी मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत के साथ एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार चरण में जगह बनाने वाली पहली टीम बना। बांग्लादेश के 128 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने नजीबुल्लाह (17 गेंद में छह छक्कों और एक चौके से नाबाद 43) और इब्राहिम (41 गेंद में चार चौकों से नाबाद 42) के बीच चौथे विकेट की 69 रन की साझेदारी की बदौलत नौ गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 131 रन बनाकर जीत दर्ज की। नजीबुल्लाह ने मोसादेक हुसैन पर छक्का जड़कर अफगानिस्तान को जीत दिलाई। इससे पहले मुजीब ने 16 जबकि राशिद ने 22 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए जिससे बांग्लादेश की टीम सात विकेट पर 127 रन ही बना सकी। मोसादेक हुसैन (नाबाद 48, 31 गेंद, चार चौके, एक छक्का) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली जबकि महमूदुल्लाह (25) ने उपयोगी योगदान देकर बांग्लादेश को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 36 रन की साझेदारी भी की। लक्ष्य का पीछा करने उतरे अफगानिस्तान की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। रहमानुल्लाह गुरबाज (11) को छह रन के स्कोर पर शाकिब अल हसन (13 रन पर एक विकेट) गेंद पर जीवनदान मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और बांग्लादेश के कप्तान की गेंद पर ही स्टंप हो गए। सलामी बल्लेबाज हजरतुल्लाह जजाई (25) ने मेहदी हसन पर दो चौकों के साथ पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 29 रन तक पहुंचाया। इब्राहिम ने भी तास्किन अहमद पर चौका जड़ा लेकिन मोसादेक (12 रन पर एक विकेट) ने हजरतुल्लाह को पगबाधा कर दिया। उन्होंने 26 गेंद की अपनी पारी में तीन चौके मारे। मोहम्मद सैफुद्दीन (27 रन पर एक विकेट) ने अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी (08) को पगबाधा करके 13वें ओवर में अफगानिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 62 रन किया। इब्राहिम ने तास्किन पर लगातार दो चौकों के साथ रन गति के दबाव को कुछ कम किया। अफगानिस्तान को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 52 रन की जरूरत थी। नजीबुल्लाह ने इसके बाद अपने तेवर दिखाए। उन्होंने मेहदी पर पारी का पहला छक्का जड़ने के बाद मुस्ताफिजुर और फिर सैफुद्दीन पर दो-दो छक्के जड़कर अफगानिस्तान को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। नजीबुल्लाह ने 19वें ओवर में मोसादेक पर छक्के से टीम की जीत सुनिश्चित की और उसे सुपर चार में पहुंचाया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे बांग्लादेश ने चौथे ओवर में 13 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों मोहम्मद नईम (06) और अनामुल हक (05) के विकेट गंवा दिए। आफ स्पिनर मुजीब ने नईम को कैरम बॉल पर बोल्ड करने के बाद अनामुल को पगबाधा किया। कप्तान शाकिब अल हसन (11) ने नवीन उल हक पर लगातार दो चौके मारे लेकिन मुजीब ने अगले ओवर में उन्हें भी बोल्ड कर दिया। बांग्लादेश की टीम पावर प्ले में तीन विकेट पर 28 रन ही बना सकी। स्टार लेग स्पिनर राशिद ने अपनी दूसरी ही गेंद पर अनुभवी मुशफिकुर रहीम (01) को पगबाधा करके बांग्लादेश को चौथा झटका दिया। अफीफ हुसैन (12) और महमूदुल्लाह ने पारी को संभाला। दोनों ने 10 ओवर में टीम का स्कोर चार विकेट पर 50 रन तक पहुंचाया लेकिन इस दौरान पारी में सिर्फ चार चौके लगे। राशिद ने अफीफ को पगबाधा करके 25 रन की इस साझेदारी को तोड़ा। मोसादेक ने अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी पर पारी का पहला छक्का जड़ा। वह हालांकि भाग्यशाली रहे क्योंकि अजमतुल्लाह उमरजाई ने उनका कैच लपककर गेंद राशिद की ओर उछाल दी थी लेकिन उनका पैर बाउंड्री को छू गया।

### स्कोरबोर्ड

**बांग्लादेशः** नईम बो मुजीब 06,हक पगबाधा बो मुजीब 05, हसन बो मुजीब 11,रहीम पगबाधा बो राशिद 01, हुसैन पगबाधा बो राशिद 12,महमूदुल्लाह का इब्राहिम जादरान 25, हुसैन नाबाद 48,हसन रन आउट 14,मोहम्मद सैफुद्दीन नाबाद 00, **अतिरिक्तः** 05,**कुलः** 20 ओवर मे सात विकेट परः 127 रन,**विकेट पतनः** 1-7, 2-13, 3-24, 4-28, 5-53, 6-89, 7-127, **गेंदबाजीः** फारूकी 4-0-25-0,मुजीब 4-0-16-3,नवीन 4-0-31-0,राशिद 4-0-22-3,नबी 3-0-23-0, उमरजाई 1-0-7-0

**अफगानिस्तानः** जजाई पगबाधा बो मोसादेक 23,गुरबाज स्ट मुशफिकुर बो शाकिब 11,जादरान नाबाद 42, नबी पगबाधा बो सैफुद्दीन 08, जादरान नाबाद 43,**अतिरिक्तः** 04,**कुलः** 18.3 ओवर मे तीन विकेट परः 131 रन,विकेट पतनः 1-15, 2-45, 3-62,**गेंदबाजीः**शाकिब 4-0-13-1,मुस्ताफिजुर 3-0-30-0, हसन 4-0-26-0,तास्किन 3-0-22-0,मोसादेक 2.3-0-12-1, सैफुद्दीन 2-0-27-1

# झूलन की जगह भरना नामुमकिन, क्रिकेट के प्रति उनका जुनून बेजोड़ : हरमनप्रीत



भाषा। बेंगलुरू

**भारतीय महिला** टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने क्रिकेट में झूलन गोस्वामी के योगदान को याद करते हुए कहा कि इस अनुभवी तेज गेंदबाज का खेल के प्रति जुनून बेजोड़ है और टीम में कोई भी उनकी जगह नहीं भर सकता है। पिछले दो दशक से भारतीय गेंदबाजी की अगवा रही 39 वर्षीय झूलन 24 सितंबर को इंग्लैंड के खिलाफ लार्ड्स में तीसरा और अंतिम एकदिवसीय मैच खेल कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगी। झूलन के नाम पर अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज है। हरमनप्रीत ने टीम के इंग्लैंड दौरे के लिए रवाना होने की पूर्व संध्या पर मीडिया से बातचीत में कहा, वह प्रत्एक मैच में उसी तरह के जुनून के साथ उतरती हैं जो कि बेजोड़ है। कोई उनका मुकाबला नहीं कर सकता। हरमनप्रीत ने विश्व कप 2009 में पाकिस्तान के खिलाफ झूलन की कप्तानी में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उनकी इस दिग्गज भारतीय तेज गेंदबाज के साथ कई यादें जुड़ी हैं जिनके नाम पर 201 वनडे में रिकॉर्ड 252 विकेट दर्ज हैं। झूलन इस प्रारूप में 200 से अधिक विकेट लेने वाली एकमात्र गेंदबाज हैं। जब मैंने पदार्पण किया था तब वह कप्तान थी। यह मेरे लिए शानदार अवसर है कि जब वह अपना अंतिम वनडे खेलेंगी तो मैं कप्तानी का जिम्मा संभालूंगी। जब मुझे टीम में जगह मिली तो वह एकमात्र खिलाड़ी थी जो आगे बढ़कर नेतृत्व करती थी। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। कोई भी उनकी जगह नहीं ले सकता है। वह एक ऐसी खिलाड़ी हैं जो हमेशा एक ही तरह का प्रयास करती हैं। वह दो-तीन घंटे गेंदबाजी करती हैं। वह अब भी उसी तरह की कड़ी मेहनत करती हैं जैसे कि अपने शुरुआती दिनों में किया करती थी। आपको शायद ही कोई ऐसी गेंदबाज दिखे जो उनकी तरह नेट पर कड़ी मेहनत करता हो। क्रिकेट के प्रति उनमें जिस तरह का जुनून है वह किसी में नहीं है। एक क्रिकेटर के तौर पर और एक व्यक्ति के रूप में मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा।

## स्लॉग ओवरों में पावर हिटर्स की कमी पूरा कर सकती हैं किरण प्रभु और हेमलता



**बेंगलुरू।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार को कहा कि इंग्लैड के सीमित ओवरो के दौरे के लिए पहली बार टीम मे चुनी गई किरण प्रभु नवगीरे और दयालन हेमलता स्लॉग ओवरो मे पावर हिटर्स की कमी को पूरा कर सकते है। किरण प्रभु ने मई मे महिला टी20 चैलेंज मे सबसे तेज अर्धशतक जमाया था। उन्हे तीन टी20 मैचो के लिए पहली बार भारतीय टीम मे शामिल किया गया है। ऑफ स्पिन ऑलराउंडर हेमलता ने घरेलू स्तर पर शानदार प्रदर्शन के दम पर दो साल बाद टीम मे वापसी की है। उन्हे इंग्लैड दौरे की टी20 और वनडे दोनो टीम मे चुना गया है। हरमनप्रीत ने टीम की रवानगी से पहले मीडिया से वर्चुअल बातचीत मे कहा, हमने टीम मे दो नई बल्लेबाज किरण और हेमलता को जोड़ा है। हम इन दो खिलाड़ियो के विशेष कौशल का उपयोग कर सकते है। वे टीम के लिए काफी उपयोगी हो सकती है। उनके पास ताकत है, उनके पास कौशल है। हम उनके कौशल को निखारने मे मदद कर सकते है जिससे टीम उस कमी की भरपाई कर सकती है जो कि अभी उसमे दिखती है। महाराष्ट्र की किरण घरेलू स्तर पर नगालैड की तरफ से खेलती है। उन्होने सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी मे अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ नाबाद 162 रन बनाकर लोगो का ध्यान अपनी तरफ खीचा था। इसके बाद उन्हे महिला टी20 चैलेंज के लिए वेलोसिटी की टीम ने लिया था। हेमलता ने भारत की तरफ से अपना आखिरी टी20 मैच 2019 मे खेला था। उन्होने घरेलू प्रतियोगिताओ मे टी20 मे 272 रन बनाए।

### गोवा ने बेंगलुरू एफसी को 2-2 से बराबरी पर रोका

**कोलकाता।** एफसी गोवा की युवा टीम ने सुनील छेत्री की अगुवाई वाली बेंगलुरुएफसी को मंगलवार को यहां ग्रुप ए के एक रोमांचक मैच मे 2-2 से ड्रॉ पर रोका लेकिन इसके बावजूद वह डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई। मौजूदा चैंपियन गोवा की टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद दूसरे हाफ मे शानदार वापसी की। उसकी तरफ से प्रांगकी बुआम (53वें मिनट) और लेस्ली रेबेलो (64वें मिनट) ने गोल किए। इससे पहले बेंगलुरू एफसी की तरफ से सुनील छेत्री (24वें मिनट) और एन शिवा शक्ति (26वें मिनट) ने पहले हाफ मे गोल किए थे।

### एस आर ग्लोबल स्कूल में खेल दिवस पर चमके खिलाड़ी

**लखनऊ।** राजधानी स्थित एस आर ग्लोबल स्कूल बक्शी का तालाब में राष्ट्रीय खेल दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया एवं राष्ट्रीय खेल हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को उनके जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय में बास्केटबाल बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बालक वर्ग द्वारा फाइनल मैच ब्रैम्स और डिफेंडर टीमों के बीच खेला गया जिसमें ब्रैम्स टीम ने 22 रन से जीत दर्ज की। क्रिकेट मैच,कबड्डी मैच,फुटबाल मैच व वालीवाल का आयोजन हुआ। प्रतिगिताओं का शुभारम्भ संस्थान के वाईस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान ने किया। विद्यालय के प्रिंसिपल सी के ओझा, वाईस प्रिंसिपल श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव व संस्थान के अकेडमिक इंचार्ज दीपक सिंह सभी बच्चों एवं उनके कोच को पुरुस्कृत किया गया।

### स्मिथ की नजरें टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने पर

**टाउंसविल।** आस्ट्रेलिया के लिए पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाने से मुक्त होने के बाद स्टीव स्मिथ की नजरे इस साल अपने देश मे होने वाले टी20 विश्व कप की टीम मे जगह बनाने पर लगी है। स्मिथ ने टी20 क्रिकेट मे अब तक पारी के सूत्रधार की भूमिका ही निभाई है , लेकिन जून मे श्रीलंका दौरे पर टीम प्रबंधन ने उन्हे इससे मुक्त करके खुलकर खेलने की छूट दी। स्मिथ ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा , मुझे लगता है कि अच्छा खेलने पर टीम मे मेरी जगह पक्की है। पिछले कई साल से मै मिस्टर फिक्स इट की जिम्मेदारी निभा रहा था लेकिन अब उससे मुक्त हो गया हू।

### भारतीय रैकेटलोन टीम ने आस्ट्रिया में नेशन्स कप जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय रैकेटलोन टीम ने ब्रिटेन को 137-101 से हराकर ऑस्ट्रिया के ग्राज मे पहली बार आयोजित हो रहे नेशन्स कप का खिताब जीता। रैकेटलोन एक संयुक्त खेल है जिसमे प्रतियोगियों को चार रैकेट खेल टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वाश खेलने होते है। कप्तान आशुतोष पेडनेकर ने सप्ताहांत टीम की जीत मे अहम योगदान दिया। विजेता टीम के अन्य सदस्य विक्रमादित्य चौफला, आदर्श विक्रम, सिद्धार्थ नंदल, वरिंदर सिंह और करण तनेजा थे। विश्व विश्वविद्यालय बैडमिंटन चैंपियनशिप 2012 मे भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले चौफला ने एकल सी श्रेणी मे रजत जीता। बाद मे उन्होने करण तनेजा के साथ मिलकर पुरुष युगल मे भी रजत पदक हासिल किया।

# टीम इंडिया का प्रयोग पर रहेगा जोर

## ● हांगकांग से मुकाबला आज

भाषा। दुबई



**पहले मैच** में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप के दूसरे और आखिरी लीग मैच में बुधवार को हांगकांग के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम या टीम संयोजन में बदलाव कर सकती है। केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों के लिए यह लय में लौटने का सुनहरा मौका भी होगा। रोहित शर्मा की टीम के लिए ग्रुप ए का यह मैच नेट अभ्यास से अधिक नहीं होगा चूंकि हांगकांग की टीम में भारत और पाकिस्तान मूल के ही खिलाड़ी हैं जो इन दोनों देशों की प्रथम श्रेणी टीमों में भी शायद जगह नहीं बना पाते। हार्दिक पंड्या के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान को आखिरी ओवर में हराने के बाद अब फोकस बल्लेबाजी अभ्यास पर होगा। राहुल ने इस साल पहला टी20 मैच पाकिस्तान के खिलाफ पिछला मैच खेला। वह बल्लेबाजी अभ्यास पर फोकस करना चाहेंगे। टी20 में 20 गेंद में 45 रन का महत्व 65 गेंद में नाबाद 90 जैसे स्कोर से अधिक होता है। पारी किस तरह से खेली गई है और मैच में उसकी क्या अहमियत है, इस पर जोर रहेगा। भारत की नजरें 16 अक्टूबर से 13 नवंबर तक आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए सही टीम संयोजन तलाशने पर भी है। हांगकांग के पास पाकिस्तान जैसे गेंदबाज तो नहीं है लेकिन उसे हलके में भी नहीं लिया जा सकता क्योंकि एक अनजान टीम के प्रदर्शन को लेकर कयास नहीं लगाया जा सकता। कप्तान रोहित ने साफ तौर पर कहा है कि प्रयोग जारी रहेंगे लिहाजा बल्लेबाजी क्रम में बदलाव हैरानी का विषय नहीं होगा। विराट कोहली के लिए भी यह मैच बल्लेबाजी अभ्यास के लिए अच्छा होगा ताकि वह उस लय में लौट सकें जिसकी वजह से विरोधी टीमें उनसे आतंकित रहती हैं। पाकिस्तान के खिलाफ कुछ खास नहीं कर सके रोहित को भी अच्छी पारी खेलने की उम्मीद होगी। देखना यह होगा कि रविंद्र जडेजा को चौथे नंबर पर उतारा जाता है या दिनेश कार्तिक की जगह ऋषभ पंत को मौका मिलता है। पाकिस्तानी टीम में शाहीन शाह अफरीदी के नहीं होने के बावजूद भारतीय शीर्षक्रम कुछ खास नहीं कर सका। आस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसी टीमों के खिलाफ भारत की शुरूआत से ही आक्रामक खेलने की रणनीति की असल परीक्षा होगी। युजवेंद्र चहल और जडेजा को आराम देकर इस मैच में रविचंद्रन अश्विन और रवि बिश्नोई को उतारा जा सकता है।

# शीर्ष तीन पदों के लिए सीधा मुकाबला

## ● एआईएफएफ चुनाव

भाषा। नई दिल्ली



### ●भूटिया और कल्याण अध्यक्ष पद के लिए आमने-सामने होंगे

**अखिल भारतीय** फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के दो सितंबर को होने वाले चुनाव में शीर्ष तीन पदों के लिए सीधा मुकाबला होगा जिसमें दिग्गज फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया और पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे अध्यक्ष पद के लिए आमने-सामने होंगे। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के पूर्व गोलकीपर चौबे बंगाल में भाजपा के नेता है और उन्हें गुजरात और अरुणाचल प्रदेश जैसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्यों से समर्थन मिलने के कारण प्रबल दावेदार माना जा रहा है। मंगलवार को दोपहर एक बजे नाम वापस लेने की समय सीमा समाप्त होने के बाद चुनाव अधिकारी उमेश सिन्हा ने प्रत्एक पद के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की। राज्य संघों के 34 प्रतिनिधि निर्वाचक मंडल में शामिल है जिनकी सूची को चुनाव अधिकारी ने पहले ही जारी कर दिया था। चुनाव एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष और कार्यकारी समिति के 14 सदस्यों के लिए होंगे। छह पूर्व खिलाड़ियों (चार पुरुष और दो महिला) को बाद में कार्यकारी समिति के सदस्यों में शामिल किया जाएगा और उन्हें मतदान का अधिकार होगा। कार्यकारी समिति के सदस्यों के लिए केवल 14 उम्मीदवार ही मैदान में हैं और इन सभी का चुना जाना तय है। इन सदस्यों में जी पी पालगुना, अविजित पॉल, पी अनिलकुमार, वलंका नताशा अलेमाओ, मालोजी राजे छत्रपति, मेनला एथेनपा, मोहन लाल, आरिफ अली, के नीबौ सेखोज, लालनघिंग्लोवा हमार, दीपक शर्मा, विजय बाली और सैयद इम्तियाज हुसैन शामिल हैं। राजस्थान फुटबॉल संघ के अध्यक्ष और कांग्रेस के नेता मानवेंद्र सिंह और एनए हारिस उपाध्यक्ष पद के लिए आमने-सामने हैं। हारिस कर्नाटक फुटबॉल संघ के अध्यक्ष और राज्य में कांग्रेस के विधायक हैं। मानवेंद्र के राज्य संघ ने भूटिया की उम्मीदवारी का अनुमोदन किया था। कोषाध्यक्ष पद के लिए आंध्र प्रदेश राज्य संघ के अध्यक्ष गोपालकृष्ण कोसाराजू और अरुणाचल प्रदेश के किपा अजय दो उम्मीदवार मैदान में हैं। भूटिया की उम्मीदवारी का प्रस्ताव रखने वाले कोसाराजू ने 26 अगस्त को पत्र लिखकर नाम वापस ले लिया था लेकिन सूत्रों ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में फॉर्म नहीं भरा है इसलिए उनकी उम्मीदवारी बरकरार रहेगी।

## भारत में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में पदार्पण करेगी वीएआर तकनीक

**नई दिल्ली।** भारत मे होने वाले आगामी अंडर-17 महिला विश्व फुटबॉल कप मे वीडियो सहायक रैफरी (वीएआर) तकनीक आयु वर्ग की इस शीर्ष प्रतियोगिता मे पदार्पण करेगी। विश्व फुटबॉल की संचालन संस्था फीफा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फीफा ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) पर लगा 11 दिन का निलंबन हटाकर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के भारत मे आयोजन को हरी झंडी दे दी है जो 11 से 30 अक्टूबर तक भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम, मडगांव के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम और नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम मे खेला जाएगा। फीफा की महिला रैफरी विभाग की प्रमुख कारी सीट्ज ने कहा, फीफा अंडर-17 विश्व कप से हमें इस टूर्नामेंट के लिए नियुक्त मैच अधिकारियो के स्तर की महत्वपूर्ण और विस्तृत जानकारी मिलेगी। फीफा ने बयान मे कहा, यह प्रतियोगिता नियुक्त किए गए वीएआर के कौशल को परखने और हमारी महिला वीएआर के विकास को जारी रखने का एक और शानदार मौका होगा। यह रोड टू आस्ट्रेलियान्यूजीलैंड 2023 परियोजना का हिस्सा है।

# चैंपियन मेदवेदेव, मरे जीते, हालेप उलटफेर का शिकार

## ● अमेरिकी ओपन

भाषा। न्यूयार्क

**पिछले चैम्पियन** दानिल मेदवेदेव ने अमेरिकी ओपन के पहले दौर में स्टीफन कोजलोव को 6-2, 6-4, 6-0 से हराया। वहीं दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिमोना हालेप को यूक्रेन की डारिया स्निगुर ने 6-2, 0-6, 6 -4 से हराकर उलटफेर कर दिया। जीत के बाद स्निगुर अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सकी क्योंकि उनके परिवार और रूस के हमले से जूझ रहे देश के लिए यह जीत काफी मायने रखती हैं। मेदवेदेव का सामना अब फ्रांस के आर्थर रिंडरनेश से होगा।एंडी मे ने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को कारूनडोलो को 7 -5, 6-3, 6-3 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास को क्वालीफायर डेनियल इलाही गालान ने 6 -0, 6-1, 3- 6, 7- 5 से हराया। वहीं 2020 के चैम्पियन डोमिनिक थीम चार सेटों में पाब्लो कारेनो बस्टा से हार गए। 2016 के विजेता स्टान वावरिंका को चोट के कारण कोरेंटिन मूटेट के खिलाफ मुकाबला दूसरे सेट के टाइब्रेकर में हारने के बाद छोड़ना पड़ा। बियांका आंद्रिस्कू ने फ्रांस की हारमनी टैन को तीन सेटों में मात दी।

दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल ने बर्नाबी जापाटा मिरालेस को 4- 6, 6- 3, 2- 6, 6-0, 7 -5 से हराया। वहीं अमेरिका के सेबेस्टियन कोरडा ने फाकुंडो बागनिस को चार सेटों में हराया। अमेरिका के जेजे वोल्फ ने 16वीं वरीयता वाले रॉबर्टो बातिस्ता एगुट को सीधे सेटों में हराया। चीन के वू यिबिंग पेशेवर युग में अमेरिकी ओपन मैच जीतने वाले पहले चीनी खिलाड़ी बन गए जिन्होंने 31वीं रैंकिंग वाले निकोलोज बासिलाश्विली को 6-3, 6-4, 6-0 से हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी ने विम्बलडन सेमीफाइनल खेल चुकी ततयाना मारिया को तीन सेटों में हराया जबकि 17वीं रैंकिंग वाली कैरोलिन गार्शिया भी दूसरे दौर में पहुंच गई।

## सेरेना ने पहला मैच जीता



**न्यूयॉर्क।** टेनिस को अलविदा कहने जा रही अमेरिकी धुरंधर सेरेना विलियम्स ने अपने आखिरी टूर्नामेंट अमेरिकी ओपन मे पहले दौर का मैच जीत लिया है। सेरेना ने मोंटेनीग्रो की 80वीं रैंकिंग वाली दांका कोविनिच को 6-3, 6-3 से हराया। जीत के बाद छह बार की अमेरिकी ओपन और 23 बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन सेरेना ने कहा , जब मै कोर्ट पर उतरी तो दर्शको के स्वागत से अभिभूत हो गई। बहुत अच्छा लग रहा है। मै इसे कभी नही भुलूंगी। इस मैच को देखने के लिए पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, मार्तिना नवरातिलोवा, माइक टाइसन, सेरेना की दादी और पिता के साथ बेटी भी मौजूद थी। सेरेना ने 1999 मे 17 वर्ष की उम्र मे यहां पहला खिताब जीता था। सेरेना के अलावा पिछली चैम्पियन बियांका आंद्रिस्कू, एंडी मे, दानिल मेदवेदेव, कोको गॉ भी दूसरे दौर मे पहुंच गए लेकिन सभी की नजरे सेरेना के मैच पर टिकी थी।

### मां की तरह बालों में सफेद मोती लगाकर आई सेरेना की बेटी ओलंपिया

**न्यूयॉर्क।** सेरेना विलियम्स ने जब 1999 में 17 वर्ष की उम्र में पहला अमेरिकी ओपन ग्रैंडस्लैम जीता था तब बालों में सफेद मोती पहने थे और अब 40 वर्ष की उम्र में वह अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रही हैं तो उनकी बेटी ओलंपिया ने मां की तरह ही बाल बनाए हैं। सेरेना ने पहले दौर में दांका कोविनिच को हराने के बाद कहा , या तो वह बालों में मोती लगाती या मैं। मैं भी लगाना चाहती थी लेकिन समय ही नहीं मिला। सेरेना ने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2017 आस्ट्रेलियाई ओपन जीता था जब ओलंपिया उनके पेट में थी। वह अब पांच बरस की हो गई है। सेरेना ने कहा , उसे भी मोती बहुत पसंद है। मैने उससे नहीं कहा था लेकिन उसने खुद बालों में लगाए। बहुत अच्छे लग रहे हैं।

### मार्श चोट के कारण जिंबाब्वे श्रृंखला से बाहर, भारत दौरे के लिए उपलब्ध रहेंगे

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल मार्श टखने की मामूली चोट के कारण जिंबाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले एकदिवसीय मैचों से बाहर हो गए हैं लेकिन उनके टी20 विश्व कप से पहले भारत दौरे के लिए फिट होने की संभावना है। मार्श की जगह पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस को टीम में लिया गया है, जो अभी इंग्लैंड में लंदन स्पिरिट की तरफ से द हंड्रेड टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मार्श की चोट को टखने की मामूली चोट बताया गया है और टी20 विश्व कप के मद्देनजर यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया गया है।

### डिज्नी स्टार ने आईसीसी के टीवी अधिकार को लेकर जी से लाइसेंसिंग करार किया

**नई दिल्ली।** डिज्नी स्टार ने मंगलवार को जी नेटवर्क के साथ लाइसेंसिंग समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए उसे 2024-2027 चक्र के लिए आईसीसी की सभी पुरुष और अंडर-19 के प्रसारण का अधिकार दे दिया। मौजूदा आईसीसी अधिकार धारकों ने पिछले सप्ताह भारतीय बाजार के अधिकारों को हासिल करने के लिए लगभग तीन अरब डॉलर की विजई बोली लगाई थी। यह करार जी को आईसीसी पुरुष प्रतियोगिताओं के प्रसारण का अधिकार देगा जिसमें 2024 और 2026 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी और 2027 में होने वाला एकदिवसीय विश्व कप शामिल है।

## प्रणय जापान ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में



**ओसाका।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने मंगलवार को यहां पहले दौर के मैच मे अपने प्रतिद्वंद्वी एनजी का लोग एंगस के बीच मे ही हट जाने से जापान ओपन के पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई। हांगकांग के विश्व मे 12वे नंबर के खिलाड़ी एंगस ने जब हटने का फैसला किया तब गैर वरीयता प्राप्त प्रणय 11-10 से आगे चल रहे थे। उस समय तक केवल सात मिनट का खेल हुआ था। विश्व की 18वे नंबर का भारतीय खिलाड़ी अब दूसरे दौर मे सिंगापुर के पूर्व विश्व चैम्पियन लोह कीन यू का सामना करेगा। प्रणय शानदार फॉर्म मे है। उन्होने पिछले सप्ताह तोक्यो मे विश्व चैंपियनशिप के दौरान दो बार के विश्व चैंपियन केंटो मोमोटा तथा हमवतन और राष्ट्रमंडल खेलो के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य सेन को हराया था। लेकिन वह क्वार्टर फाइनल मे चीन के झाओ जुनपेंग से हार गए थे।

### दिव्या ने राष्ट्रीय ट्रायल्स में एयर पिस्टल टी-6 स्पर्धा जीती

**नई दिल्ली।** कर्नाटक की दिव्या टीएस ने राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल्स मे मंगलवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टी-6 स्पर्धा जीती। दिव्या ने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज (डीकेएसएसआर) मे फाइनल मे हरियाणा की रिदम सांगवान को 16-12 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। रिदम ने हालांकि युवा और जूनियर महिला पिस्टल टी-6 ट्रायल्स मे पहला स्थान हासिल किया। जूनियर महिला फाइनल मे रिदम ने उत्तर प्रदेश की दीवांशी धामा को 16-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि युवा फाइनल मे उन्होने उत्तर प्रदेश की ही मानसी आनंद को 16-2 से हराया। महिलाओ के एयर पिस्टल के क्वालीफाइंग दौर मे उत्तर प्रदेश की नेहा ने 582 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया था। दिव्या 576 अंक लेकर दूसरे और रिदम 575 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रही थी। क्वालीफाइंग दौर मे कुल 283 निशानेबाजो ने हिस्सा लिया था।

## शरत कमल विश्व चैंपियनशिप से हटे, साथियान करेंगे अगुवाई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलो मे तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल निजी कारणो से अगले महीने चीन मे होने वाली विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप से हट गए है। यह प्रतियोगिता 30 सितंबर से नौ अक्टूबर तक चेंगदू मे खेली जाएगी। चालीस वर्षीय शरत ने राष्ट्रमंडल खेलो मे पुरुष एकल, मिश्रित युगल और टीम स्पर्धा मे स्वर्ण पदक जीते थे। भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी और विश्व मे से 37वे नंबर पर काबिज जी साथियान पुरुष वर्ग मे जबकि विश्व मे 44वे नंबर की मनिका बत्रा महिला वर्ग मे भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। मनिका राष्ट्रमंडल खेलो मे अच्छा प्रदर्शन नही कर पाई थी और वह विश्व चैंपियनशिप मे सुधार करने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम के 25 सितंबर को चीन रवाना होने की संभावना है। भारतीय टीम इस प्रकार हैः पुरुषः जी साथियान, सानिल शेट्टी, हरमीत देसाई, मानुष शाह और मानव ठक्कर। महिलाः मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला, रीथ ऋषि, दीया चितले और स्वास्तिका घोष। कोचः एस रमन और अनिंदिता चक्रवर्तीक्रिस एडियन फफ्रि (निजी कोच)। मालिशियाः हरमीत कौर।